# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• सोमवार, 28 अप्रैल 2025 • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 334 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1941:** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने एथेंस में प्रवेश किया।

**1960:** नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।

**1961:** सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।

**1967:** अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।

**1989:** बांग्लादेश में आये तूफान से 500 लोगों की मौत।

# पहलगाम पीड़ितों को मिलेगा न्याय : मोदी

## हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को दिया जाएगा कठोर जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। यह बात पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। श्री मोदी ने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। कहा कि हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। श्री मोदी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा की बात करते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान पर बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने लोगों से इस अभियान का हिस्सा बनने की बात कही। चंपारण सत्याग्रह पर श्री मोदी ने कहा कि यह बापू का भारत में पहला बड़ा प्रयोग था। बापू के सत्याग्रह से पूरी अंग्रेज हुकूमत हिल गई थी। उन्होंने इस सत्याग्रह में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ राजेन्द्र प्रसाद को भी याद किया। श्री मोदी ने युवाओं को डॉ राजेन्द्र प्रसाद की किताब 'सत्याग्रह इन चंपारण' पढ़ने की सलाह दी। दांडी यात्रा और जलियांवाला बाग नरसंहार की भी बात की।

> पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।
>
> *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी*



# पहलगाम के पीड़ित परिवारों को देंगे चार महीने का वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के परिजनों की सहायता के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने चार महीनों का वेतन मृतकों के परिजनों को देने का ऐलान किया है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दी। इरफान अंसारी ने कहा कि, पहलगाम के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किया गया हमला न केवल मानवता पर हमला है। बल्कि उन्होंने भारत की आत्मा और प्रत्येक भारतवासी पर हमला किया है। इस घटना ने मुझे काफी अंदर तक झकझोर दिया है। कांग्रेस नेता ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि मैंने फैसला लिया है कि सभी मृतकों के परिवारों को ह्लमैं अपने 4 महीने का वेतन श्रद्धांजलि के तौर पर दूंगाङ्क। यह मेरा फर्ज है कि मैं पीड़ित परिवारों के इस दुख में उनके साथ खड़ा रह सकूं। मंत्री इरफान ने कहा कि शहीदों का बलिदान अमूल्य है। उनके परिजनों के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने बैसरन घाटी में घूमने गए 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। इस घटना में कई परिवार तबाह हो गए। कश्मीर की खूबसूरत वादी में घूमने की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई। आतंकी हमले का वो खौफनाक मंजर यादकर पीड़ित परिवारों की रूह कांप जाती है। सभी मृतकों के परिजन टूट चुके हैं। ऐसी परिस्थिति में मृतकों के परिवार के लिए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस सहयोग की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से वृद्ध की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** शहर में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में आग लग गयी जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। यह घटना रांची के कांटाटोली चौक के पास की है जबकि कुछ लोग दम घुटने की वजह से बेहोश हो गए हैं। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के पास एक दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने की वजह से दुकान के पीछे एक घर में आधा दर्जन से ज्यादा लोग फंस गए। कुछ लोगों द्वारा एस्बेस्टस की सीट को तोड़कर बाहर निकाला गया जिसमें 59 वर्षीय बुजुर्ग एनुल आलम की दम घुटने की वजह से मौत हो गई।

### जंगल में मिला युवक का शव

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की अड़की पुलिस ने जंगल से एक युवक के शव को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक डूंडी के डीलबुरु जंगल के पेड़ से शव को लटके हुए अवस्था में देखा गया। मृतक की पहचान डूंडी निवासी राम सिंह मुंडा के रूप में हुई है। शनिवार की शाम जंगल में शव होने की सूचना अड़की पुलिस को मिली थी। सूचना पर दल-बल के साथ थाना प्रभारी पहुंचे और शव को थाना ले आई। इसके बाद पुलिस ने अगले दिन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई गुरुवा मुंडा ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम राम सिंह मुंडा शौच की बात कहकर घर से निकले थे। शुक्रवार को थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस दौरान परिजन अपने स्तर पर राम सिंह मुंडा की खोजबीन करते रहे। इसी दरमियान शनिवार शाम डीलबुरु जंगल में केंदु के पेड़ पर शव को लटकता हुआ देखा, जिसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले दंपति की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** चौथम थाना क्षेत्र में एनएच-107 पर डुमरी पुल और सोनवर्षा घाट के बीच रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को टक्कर मार दी। इसमें दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोनवर्षा घाट निवासी रामोतार मुनि और उनकी पत्नी सरोजनी देवी के रूप में हुई है।

### साले ने की जीजा की हत्या

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव के धोबीघाट पुल के पास रविवार सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिला है। मृतक की पहचान साहरघाट थाना क्षेत्र के त्रिमुहान गांव निवासी नुधो यादव के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से मृतक की बाइक, घड़ी और मोबाइल बरामद हुआ है।

# अलग-अलग जगहों से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से दो लोगों का शव बरामद किया गया है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है। शव मिलने की पहली घटना पेठियाटांड की है। यहां सोनाअहरा तालाब में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान पेठियाटांड निवासी गुड्डू साव (33वर्ष) के रुप में की गई है। सूचना मिलने के बाद तालाब के पास लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात में गुड्डू साव का किसी बात को लेकर उसके बेटे के साथ विवाद हुआ था। इसी के बाद गुड्डू के बेटे ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। इसके बाद गुड्डू कल शाम को घर से बाहर चला गया था। देर रात तक जब वह वापस नहीं आया, तो सुबह उसकी खोजबीन शुरू की गई। आज सुबह स्थानीय लोग तालाब में नहाने के लिए गए तो वहां पानी में तैरता हुआ शव दिखाई दिया। वहीं शव मिलने की दूसरी घटना खरियोडीह डैम की है। यहां एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के डैम में होने की जानकारी मिलने के बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ शव को देखने के लिए पहुंची। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर पचंबा पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच में जुट गई।



# सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ-मोहनिया मार्ग पर परसिया गांव के पास स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भभुआ से अपने गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहनिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल हुए दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बारे गांव निवासी मंटू पटेल के पुत्र आदर्श पटेल, पप्पू तिवारी के पुत्र आदित्य तिवारी और जितेंद्र यादव के पुत्र भोलू यादव एवं प्रभु गोंड के पुत्र विकास गोंड के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस से अपील की कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और चालक की गिरफ्तारी करे। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। लोगों का कहना है कि एक ही पल में चार लोगों की जिंदगी छिन गई।



# सोन नदी में नहाने गए पांच बच्चे डूबे, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** नौहट्टा थाना क्षेत्र के बांदू गांव के पास शनिवार शाम सोन नदी की तेज धार में नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गए। ग्रामीणों ने डूबते बच्चों में से दो को किसी तरह बचाकर निकाला। तीन बच्चों में दो केशव मिल गये हैं। एक अब भी लापता है। उसकी खोज जारी है। बचाये गए बच्चों की पहचान दिव्या कुमारी और मोहित कुमार के रूप में हुई है। वहीं मृत बच्चों की पहचान मनीषा कुमारी पिता अरविंद कहार (कुसुआ जपला पलामू) एवं रुचि कुमारी पिता मोहन चंद्रवंशी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे नरेश कहार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने आए थे। 25 अप्रैल को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शनिवार शाम बच्चे सोन नदी में नहाने चले गए थे। नहाने के दौरान अचानक पैर फिसलने से वे नदी की तेज धार में बह गए। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे और किसी तरह दो बच्चों को बचाया। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, अवर निरीक्षक रामनरेश सिंह समेत पुलिस बल ने डेरा डाल दिया है। सीओ हिंदुजा भारती भी घटनास्थल पर कैंप कर रही हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गंगा में डूबने से पिता व दो बेटों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाढ़ स्थित धोबिया घाट पर पिता और दो बेटों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पिता अपने दोनों बेटों के साथ नहाने गए थे। इस दौरान दोनों को तैरना सीखा रहे थे। इस दौरान एनटीपीसी कर्मी राजा पांडेय (38), उनके दो बेटे अम्बर (09) और युवराज (07) डूब गए। तीनों का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, दानापुर में रविवार को गंगा नदी में बालू लदी नाव डूब गई। नाव पर सात लोग सवार थे, जिनमें 5 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। हालांकि, दो लोग अब भी लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। लापता व्यक्ति कासिमचक निवासी राजा साव और हरसामचक निवासी भोला राय है।

## रहस्यमय परिस्थिति में वृद्ध दंपति की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बारियातू थाना क्षेत्र के हेसला गांव में एक वृद्ध दंपतिकी रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान प्रसाधी साव और उनकी पत्नी कर्मी देवी के रूप में हुई है। दंपति अपने बेटों से अलग रहते थे। रविवार सुबह दोनों अचेत अवस्था में कमरे में मिले। परिजन उन्हें बालूमाथ अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बेटे खुशहाल साव और राजेंद्र साव के अनुसार, माता-पिता घर के बगल में रहते थे। रात में दोनों ने खाना खाया और सो गए। सुबह पिता बाहर आए और फिर कमरे में चले गए। गाय को चारा देने के बाद जब बेटा पिता के घर गया तो दोनों बेसुध मिले। घटना में संदेह बढ़ाने वाली बात यह है कि मृतक दंपति के हाथों में सिंदूर लगा था। पत्नी की मांग में सिंदूर भरा था और पति के गले में भी सिंदूर का टीका था।

# 20 से अधिक गांवों को रेल कनेक्टिविटी का तोहफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर-दुमका रेलखंड पर मोहनपुर प्रखंड के महेशमारा में एक नए रेलवे हॉल्ट का निर्माण होगा। रविवार को गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे और आसनसोल मंडल के डीआरएम चेतनानंद सिंह ने इसका शिलान्यास किया। यह रेलवे हॉल्ट देवघर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों के 20 से अधिक गांवों और मोहल्लों के लिए वरदान साबित होगा। शिलान्यास समारोह में सांसद दुबे ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का परिणाम बताया। महेशमारा हाल्ट के शिलान्यास के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 2025 के बाद पाकिस्तान नाम का देश दुनिया के नक्शे से खत्म हो जाएगा और उसके चार टुकड़े हो जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला। सांसद दुबे ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा कब्जाए गए कश्मीर को भारत वापस लेगा और पाकिस्तान का विखंडन होकर चार नए देश बनेंगे। उन्होंने कहा, 'पहला देश बलूचिस्तान, दूसरा पख्तूनिस्तान, तीसरा पंजाब और चौथा सिंध बनेगा।' उन्होंने आगे कहा कि अगर 2025 तक ऐसा नहीं हुआ तो जनता भाजपा पर झूठे आश्वासन का आरोप लगा सकती है। दुबे ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी और विश्वास' बताया, जिसके चलते मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं।

# अवैध शराब तस्करी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने जिले में अवैध शराब तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में तीन अवैध कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो कार सहित भारी मात्रा में अवैध नकली शराब जब्त की है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से चार पहिया वाहन के माध्यम से अवैध शराब की खेप हजारीबाग की ओर ले जायी जा रही है। जानकारी मिलने के बाद मांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस की टीम ने एनएच 33 पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस क्रम में पुलिस की टीम को देखकर एक वाहन चालक तेजी से भागने लगा। पुलिस की टीम ने पीछा कर उक्त वाहन को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें 300 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। वाहन चालक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका नाम मो. इस्लाम उर्फ राजा है और वह बिहार के वैशाली जिला का रहने वाला है। चालक ने यह भी बताया कि पीछे से एक ग्रे कलर की कार आ रही है जिसमें दो लोग संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार सवार हैं। यह नकली शराब उन्हीं की है। थोड़ी देर में वह कार भी आ गई जिसके बाद पुलिस ने कार को रोका और उसकी तलाशी ली। कार की तलाशी के दौरान उसमें कुल 60 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। इससे बाद पुलिस ने कार को जब्त कर लिया और कार पर सवार संजीव कुमार सिंह और अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों भी बिहार के वैशाली जिला के रहने वाले हैं। एसपी अजय कुमार ने बताया कि किसी भी हाल में जिले में अवैध कारोबार और कारोबारियों को संरक्षण देने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। हर हाल में अवैध कार्य करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि गांजा, अफीम, नकली शराब आदि बेचे जाने की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा और अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों में अवैध शराब के कारोबार का मुख्य सरगना संजीव कुमार सिंह है। संजीव के ऊपर पूर्व में भी अवैध शराब की खरीद-बिक्री को लेकर कई कांड दर्ज हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉर्पियो और बाइक की भीषण टक्कर, तीन की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**कैमूर, एजेंसी।** बिहार के कैमूर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कैमूर जिले के भभुआ-मोहानिया पथ पर परसिया गांव के पास का है। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार चार युवक भभुआ के बारे गांव से मोहनिया जा रहे थे, तभी मोहनिया की दिशा से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बारे गांव के मंटू पटेल का पुत्र आदर्श पटेल, स्वर्गीय पप्पू तिवारी का पुत्र आदित्य तिवारी, और जितेंद्र यादव का पुत्र भोलू यादव के रूप में हुई हैं। वहीं घायल युवक की पहचान प्रभु गोंड के पुत्र विकास गोंड के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बाइक पर सवार चार लड़के तेज रफ्तार से परसिया गांव के पास जा रहे थे, तभी मोहनिया से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए और घायल युवक के इलाज में भी मदद की जाए। साथ ही, ग्रामीणों ने यह भी आग्रह किया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त यातायात नियमों का पालन कराया जाए। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे की जांच की जा रही है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले पति-पत्नी को ट्रक ने कुचला, मचा हड़कंप

**खगड़िया, एजेंसी।** बिहार में सड़क हादसे में एक दंपति की मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में मातम का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के मुताबिक, खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के एनएच 107 पर डुमरी पुल और सोनवर्षा घाट के बीच अनियंत्रित ट्रक ने दंपत्ति को रौंद दिया /जिसके कारण दंपत्ति की मौत हो गई। यह घटना रविवार अहले सुबह तीन बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान सोनवर्षा घाट निवासी रामोतार मुनि ( 51 वर्ष ) एवं उनकी 41 वर्षीय पत्नी सरोजनी देवी के रूप में हुई है। इस घटना में आधा दर्जन बकरियों की भी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि, दंपत्ति का बासा एनएच 107 के किनारे है। जहां वह अपने मवेशियों और बकरियों के साथ रहते थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि,रविवार की अहले सुबह तीन बजे पति और पत्नी घर से निकलकर टहल रहे थे। इसी बीच बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर दंपत्ति को कुचलते हुए सड़क के किनारे पलट गई। वहीं, घटना के बाद ट्रक छोड़कर चालक और उप चालक भागने में सफल रहा। इस घटना को लेकर लोगों का मानना है कि ट्रक ड्राईवर का आंख लग गया होगा। इसी कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर चौथम थाना की पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।इधर, सूचना मिलने के बाद चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार के निर्देश पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। साथ ही घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि, मृतक दंपत्ति को चार बेटियां और दो बेटे हैं।

### मधुबनी में बेरहमी से बहनोई की हत्या कर फेंका शव, साला गिरफ्तार ; घर में मची चीख-पुकार

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी के बेनीपट्टी थाने के बिशनपुर धोबिघटा पुल के निकट तेज हथियार से कटा हुआ शव बरामद हुआ है। युवक का शव सड़क के किनारे फेंका हुआ था। मृतक की पहचान साहरघाट थाना क्षेत्र के त्रिमुहान गांव के नूधो यादव के रूप में की गयी है। घटनास्थल पर बाइक पड़ी हुई है, जबकि युवक के मुंह, आंख कान पर जख्म हैं एवं शव खून से लथपथ है। घटनास्थल पर थाना अध्यक्ष शिव शरण शाह ने पहुंचकर मामले की जांच की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के साले को गिरफ्तार कर लिया है।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आरजेडी के मार्च में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**पटना, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश दुखी है। इस हमले के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सो में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। बिहार के लखीसराय में राष्ट्रीय जनता दल की तरफ से पहलगाम हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया था। अब इस मार्च में कथित तौर से कुछ लोगों द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने की बात कही जा रही है। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो को लेकर राजद के लखीसराय जिलाध्यक्ष ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि गलती से नारे लग गए।

मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला और इस कथित वायरल वीडियो की भनक पुलिस को भी लग गई। अब पुलिस इस पूरे मामेल की जांच में जुटी है। कहा जा रहा है कि जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें राजद के कुछ कार्यकर्ता मौजूद हैं। इस वीडियो को लेकर जी न्यूज (बिहार-झारखंड) से बातचीत में लखीसराय राजद के जिलाध्यक्ष कालीचरण दास ने सफाई भी दी है।

चैनल से बातचीत के दौरान हालांकि, पहले तो राजद के जिलाध्यक्ष कालीचरण दास ने यह मानने से इनकार कर दिया कि



कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान जिंदाबादके नारे लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि यह गलत बोला जा रहा है कि ऐसे नारे लगाए गए हैं। लेकिन जब उन्हें यह वीडियो दिखाया गया तब उन्होंने कहा कि नहीं, नहीं...गलती से किसी ने लगा दिया था नारा। कालीचरण दास भी इस कैडल मार्च में खुद मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हां, हां...गलती से ऐसा हो गया है। उसको कहा गया था डिलीट करने के लिए, लेकिन वीडियो को रख दिया गया है।

आरजेडी नेता कालीचरण दास से जब यह पूछा गया कि इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है? तब उन्होंने कहा कि गलती से यह हो गया है। पार्टी उसपर कार्रवाई कर रही है। उसने माफी मांगी है और कहा है कि गलती से मुंह से निकल गया, गलती से मुंह से निकला है। यह गलती से हुआ है और उनको कहा गया था कि इसे डिलीट कर दीजिए लेकिन मीडिया प्रभारी विनय कुमार उसको डिलीट नहीं कर सके। एक शख्स ने गलती से नारा लगा दिया था। आरजेडी नेता ने कहा कि सभी लोगों ने ऐसा नारा नहीं लगाया। लगाना था हिन्दुस्तान जिंदाबाद का नारा तो पाकिस्तान का नाम आ गया। इधर अब इस मामले पर राजनीति भी शुरू हो गई है। बिहार बीजेपी की तरफ से इसका एक वीडियो एक्स पर शेयर किया गया है। वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी की तरफ से लिखा गया है, राजद का असली चेहरा फिर बेनकाब ! लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में राजद जिलाध्यक्ष कालीचरण दास और उपाध्यक्ष प्रेमसागर यादव के नेतृत्व में पाकिस्तान जिंदाबाद के लगाए गए नारे...।

## बिहार में भीषण सड़क हादसा, स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में एक ही गांव के 4 युवकों की मौत



**कैमूर, एजेंसी।** भभुआ-मोहनियां पथ पर सेमरियां गांव के पास रविवार की सुबह स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में चार नवयुवकों की मौत हो गई। चारों युवक बाइक पर ही बैठे थे। बाइक लेकर चारों भभुआ से अपने गांव बारे जा रहे थे।

इसी दौरान सेमरिया के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो में बाइक टकरा गई। इससे तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक को गंभीर हालत में सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।मृतकों में भभुआ थाना क्षेत्र के बारे गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव का पुत्र वीरेंद्र कुमार 22 वर्ष, स्व. पप्पू तिवारी का पुत्र सन्नी देवल तिवारी 22 वर्ष, मंटू चौधरी का पुत्र आदर्श चौधरी 21 वर्ष, प्रभु गोंड का पुत्र विकास कुमार गोंड 23 वर्ष बताए जाते हैं।इसमें घटनास्थल पर ही वीरेंद्र कुमार यादव, सन्नी देवल तिवारी और आदर्श चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विकास कुमार गोंड की मौत वाराणसी जाने के दौरान रास्ते में हो गई।बाइक और स्कॉर्पियो की टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सड़क किनारे खेत में जा कर पेड़ में टकरा गई। इससे स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्कॉर्पियो को छोड़ कर चालक फरार हो गया। इस दुर्घटना के बाद मौके पर बारे सहित आसपास के गांवों के कई लोग जुट गए। बारे गांव के चारों युवकों की मौत की सूचना से गांव में कोहराम मच गया।

# 4 जिलों के लिए चेतावनी, 60 यस्प्रति घंटे के रफ्तार से आंधी के साथ बारिश की संभावना

**पटना, एजेंसी।** राजधानी में सुबह से सूरज की तपिश बर्दाश्त से बाहर हो गई थी। दोपहर होते-होते तापमान 43 डिग्री से?ल्सियस पहुंच गया। लोगों का घर से निकलना मु?श्किल हो गया।

वहीं, 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी और गया प्रदेश में सबसे गर्म रहा। हालांकि, मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आज से मौसम का मिजाज बदलेगा और आंधी-वर्षा होने से गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। अगले 24 घंटों के दौरान पटना सहित नालंदा, जहानाबाद, गया, नवादा, बेगूसराय, जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया के कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

जबकि, चार जिलों के पूर्वी चंपारण, सुपौल, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के एक या दो स्थानों पर 50-60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात और ओला गिरने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तरी क्षेत्रों के अधिकतर भागों में गरज-तड़क के साथ आंधी-पानी की चेतावनी जारी



की गई है। 72 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी बिहार और उससे सटे उप हिमालयी पश्चिम बंगाल पर चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। असम और आसपास इलाकों के ऊपर हवा का चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है। इन सभी मौसमी प्रभाव के कारण अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग भागों में गरज-तड़क के साथ वर्षा होने के कारण मौसम सामान्य होने के साथ लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को पटना सहित 15 जिलों में भीषण गर्मी का प्रभाव बना रहने के साथ अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 43.0 डिग्री सेल्सियस जबकि 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी और गया सबसे गर्म जिला दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे के अनुसार गया के अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री, औरंगाबाद में 1.6 डिग्री, डेहरी में 1.2 डिग्री, भोजपुर में 1.2 डिग्री, छपरा में 1.2 डिग्री, बक्सर में 0.5 डिग्री, नालंदा में 1.8 डिग्री और बक्सर में 1.5 डिग्री तथा बांका में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई।

## मॉडल टाउन के रूप में विकसित होगा नगर निकाय क्षेत्र, मिलेंगी शहर जैसी सुविधाएं

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले के नगर निकाय क्षेत्र को नियोजित तरीके से मॉडल टाउन के रूप में विकसित किया जाएगा। पुराने मोहल्ले में 12 फीट और नए क्षेत्र में 20 फीट चौड़ी सड़क अनिवार्य होगी। तभी उस इलाके में भवन निर्माण के लिए नक्शा को स्वीकृति मिलेगी।

यही नहीं, हर घर में बार कोडयुक्त होल्डिंग नंबर प्लेट लगाए जाएंगे। इसमें लगे बारकोड को मोबाइल से स्कैन करते ही हर तरह की पलक झपकते ही हर तरह की जानकारी मिल जाएगी।

इसके लिए 15 मई से जीआईएस बेस्ड बेस मैप एंड प्रॉपर्टी सर्वे का कार्य शुरू होगा। आठ स्टेज में सर्वे किया जाएगा। आठवें चरण में 41 बिंदुओं पर फाइनल रिपोर्ट तैयार की जाएगी। नगर परिषद क्षेत्र में जेएमई प्राइवेट लिमिटेड और नगर पंचायत क्षेत्र में जीआईएस केसीटियम सर्वे का काम करेगा।

इसके बाद तैयार कार्ययोजना के आधार पर ही नया शहर आकार लेगा। इससे अकबरनगर, पीरपैंती, हबीबपुर, सबौर, नवगछिया, कहलगांव और सुल्तानगंज का नियोजित विकास होगा।

प्रॉपर्टी सर्वे के दौरान घरों में बार कोड वाला होल्डिंग प्लेट लगाया जाएगा। जिसके बाद लोगों को किसी के घर को तलाश करने में ज्यादा भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। दरवाजे पर लगे होल्डिंग प्लेट के बार कोड को स्कैन करते ही भवन मालिक का पूरा डाटा मोबाइल पर आ जाएगा।

नगर परिषद कहलगांव, नवगछिया और सुलतानगंज



के सर्वे का कार्य जेएमई प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। अकबरनगर, पीरपैंती, हबीबपुर, सबौर का सर्वे कार्य जीआईएस केसीटियम प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। सर्वे शुरू होने से पहले नगर पंचायत और नगर परिषद में बैठकों का दौर शुरू हो चुका है।

शनिवार को हबीबपुर नगर पंचायत के चेयरमैन की अध्यक्षता में सर्वे के प्रारूप की जानकारी देने के लिए बैठक हुई। इसमें डिप्टी चेयरमैन, पार्षद और टाउन प्लानर मन्नू यादव आदि मौजूद थे।

हबीबपुर के वार्ड नौ को मॉडल वार्ड के रूप में चयनित किया गया है। यहां सबसे पहले सर्वे होगा। इधर सोमवार को पीरपैंती में बैठक होगी। सबौर में तीन दिन पहले बैठक हो चुकी है। भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के सर्वे का काम पूरा हो चुका है।

# खराब प्रदर्शन करने वाले 6 एसडीपीओ की बढ़ी मुश्किलें, डीआईजी ने मांगा जवाब

**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें अपराध नियत्रंण एवं विधि- व्यवस्था संधारण को बेहतर से बेहतर करने के लिए उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों से विमर्श कर कई बिंदुओं पर निर्देश दिए।

इस दौरान सभी जिले के लंबित केसों के निष्पादन की भी समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि मार्च में तिरहुत के सभी जिलों में 3528 मामले दर्ज किए गए है। इसकी तुलना 511 अधिक 4039 केसों का निष्पादन किया गया है। इसमें और तेजी लाने के लिए डीआईजी ने एसएसपी और सभी एसपी को निर्देश दिया।

इस बैठक में मुजफ्फरपुर के



एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी विश्वजीत दयाल, ग्रामीण एसपी विद्या सागर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर के एसपी तथा परिक्ष्यमान पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। बैठक में रेंज के सभी जिलों में पदस्थापित एसडीपीओ और अंचल पुलिस निरीक्षकों के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

एसडीपीओ से स्पष्टीकरण

इसमें मुजफ्फरपुर के एसडीपीओ नगर टू के द्वारा सात केस, एएसपी पूर्वी पूर्वी वन के द्वारा नौ केस, एसडीपीओ पूर्वी टू के द्वारा 13 केस, एसडीपीओ सदर वन सीतामढ़ी द्वारा चार केस, एसडीपीओ सदर टू लालगंज वैशाली के द्वारा 18 केसों में प्रगति प्रतिवेदन निर्गत किया गया है।एसडीपीओ नगर वन मुजफ्फरपुर के द्वारा मार्च में मात्र 13 केसों में पर्यवेक्षण टिप्पणी समर्पित किया गया है। इस पर डीआईजी ने उक्त पुलिस अधिकारियों का प्रदर्शन निम्न कोटि का पाते हुए सभी संबंधित एसडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।मार्च में किये गये कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसमें सदर थाना मुजफ्फरपुर में लंबित अविशेष प्रतिवेदित केसों के निष्पादन एवं पर्यवेक्षण के लिए प्रतिनियुक्त इंस्पेक्टर राज कुमार के द्वारा मात्र 10 पर्यवेक्षण टिप्पणी, छह समीक्षात्मक टिप्पणी एवं 35 केसों में ही अंतिम आदेश निर्गत किया गया है।

## कटिहार में थाने पर हमला मामले में भाजपा नेता के घर छापेमारी, पुलिस ने मां को हिरासत में लिया

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार जिले में डंडखोरा थाने पर रायपुर गांव के लोगों ने शराब कारोबारी को छुड़ाने के लिए हमला बोल दिया था. करीब 100 से भी ज्यादा संख्या में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे लोगों ने थाने में जमकर उत्पात मचाया. पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की और थाने में मौजूद कई सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया. इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल भी हो गए. ऐसे में अब इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है और ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गई है.

दरअसल, इस घटना के बाद पुलिस एक्टिव हो गई और थाना पर हमला करने वाले सभी उपद्रवियों की खोजबीन में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, कई थानों की पुलिस नवादा गांव पहुंची और छापेमारी के दौरान रायपुर पंचायत के मुखिया सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आलोक कुमार के घर पहुंची. दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि, पुलिस ने घर में तोड़फोड़ की. स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई है. इस घटना को लेकर बड़ा अपडेट यह भी सामने आया है कि, पुलिस ने नवादा गांव के मुखिया आलोक कुमार की मां को हिरासत में ले लिया है. इतना ही नहीं, इसके अलावा पूर्व मुखिया संजीव चौहान के परिजनों ने भी पुलिस पर छापेमारी के दौरान मारपीट में घर के सामान क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया. मामले में बताया जा रहा है कि, पुलिस को इस बात का अनुमान है कि, थाना पर हमला करने वालों को उकसाने में स्थानीय मुखिया की भूमिका रही है. खैर, इस पूरी घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है. देखना होगा कि, पुलिस क्या कुछ एक्शन लेती है.

# लड़की भगाने के आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**रोहतास, एजेंसी।** बिहार में पुलिस कस्टडी से आरोपियों के फरार होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में एक और आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया है। यह घटना शुक्रवार शाम की है, जब पुलिस ने लड़की भगाने के मामले आरोपी शाहनवाज फारूकी को गिरफ्तार कर थाने लाया था, लेकिन पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं, पिछले एक सप्ताह में यह तीसरी घटना है, जब आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हुए हैं। इससे पहले काराकाट थाना क्षेत्र में दो आरोपी पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी से भागने में सफल रहे थे। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। थाने में हुई इस घटना पर डेहरी नगर थानाध्यक्ष द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इंकार कर दिया गया है, जिससे यह मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है। एसपी रौशन कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, ÷डेहरी पुलिस ने लड़की भगाने के आरोपी को गिरफ्तार किया था, लेकिन वह मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।÷ बता दें कि इससे पहले, पिछले सप्ताह काराकाट थाना क्षेत्र में दो और आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हुए थे। पहला मामला शराब बिक्री के आरोपी अशोक कुमार साह का था, जिसे उत्पाद पुलिस ने दबोचा था। अशोक को न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था, लेकिन न्यायालय परिसर में पुलिस को चकमा देकर उसने हथकड़ी निकालकर फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने तीन दिन बाद उसे दबोच लिया, और उसने बाद में अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। वहीं, एक अन्य आरोपी काराकाट पुलिस के पास से पेशी के दौरान कागजात तैयार करने के समय फरार हो गया था।इन घटनाओं के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

# दाखिल-खारिज का आवेदन अटकाना सीओ और आरओ को पड़ गया महंगा, अब 3 दिन के अंदर जेब से भरने होंगे पैसे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले में दाखिल-खारिज के मामले लटकाने वाले अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों को अब आर्थिक रूप से भी दंडित किया जा रहा है।

डीएम सुब्रत कुमार सेन के आदेश पर एसडीओ पूर्वी अमित कुमार ने मीनापुर के अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी पर क्रमशः-तीस हजार और बीस हजार रुपये का दंड अधिरोपित किया है।

तीन दिनों में दोनों अधिकारियों को दंड की राशि कोषागार में जमा करनी होगी। दंड जमा करने तक वेतन बंद किए जाने का भी आदेश दिया



गया है।

विदित हो कि आमलोगों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए डीएम लगातार मानीटरिंग करते हैं। इस क्रम में वह 17 अप्रैल को मीनापुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया था।

डीएम ने पाया कि 1430 दाखिल-खारिज के मामले निष्पादन के लिए लंबित थे। इसपर नाराजगी जताई थी। इसके अलावा परिमार्जन प्लस के भी 1231 आवेदन लंबित थे। डीएम ने इसे भी चिंताजनक माना था।

इसके अलावा भी कई मामलों में गड़बड़ी पर सीओ और राजस्व अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही 60 दिनों से अधिक समय तक लंबित दाखिल-खारिज के मामले पर आर्थिक दंड लगाने की बात कही गई।

डीएम के आदेश पर एसडीओ पूर्वी ने इसकी समीक्षा की। इसमें पाया गया कि मीनापुर अंचल में दाखिल खारिज के ढाई सौ ऐसे वाद पाए गए जिसका निष्पादन 60 दिनों के बाद तक नहीं किया गया था।

इसे देखते हुए अंचलाधिकारी को दो सौ मामलों को लेकर दंडित किया गया। प्रति मामले में डेढ़ सौ का जुर्माना लगाते हुए कुल 30 हजार रुपये का दंड लगाया गया।

वहीं सौ रुपये प्रति मामले का दंड अधिरोपित करते हुए राजस्व कर्मचारी को 20 हजार रुपये जमा करने का आदेश दिया गया। दोनों अधिकारियों को तीन दिनों में उक्त राशि जमा करने को कहा गया है। दंड की राशि जमा करने तक दोनों का वेतन बंद रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मिड-डे मील के लिए स्कूलों को मिलेगी अधिक राशि, नई दरें 1 मई से होगी लागू

रांची, एजेंसी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सरकारी स्कूलों को मिड–डे मील के लिए अब अधिक राशि मिलेगी। केंद्र सरकार ने इसके कुकिंग कास्ट के रूप में स्कूलों को मिलने वाली राशि में वृद्धि की है। यह वृद्धि एक मई से लागू होगी ।बाल वाटिका एवं प्राथमिक (पांचवीं कक्षा तक) स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र अब 6.19 रुपये की जगह 6.78 रुपये मिलेंगे। इसी तरह, उच्च प्राथमिक (छठी कक्षा से आठवीं) स्कूलों को प्रति छात्र अब 10.17 रुपये मिलेंगे। पहले इस श्रेणी के स्कूलों को इस मद में प्रति छात्र 9 ।29 रुपये दिए जाते थे। बाल वाटिका एवं प्राथमिक स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र मिलने वाले 6.78 रुपये में 4.07 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 2.71 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी ।इसी तरह, उच्च प्राथमिक स्कूलों को प्रति छात्र मिलने वाले 10.17 रुपये में 6.10 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 4.07 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी ।ज्ञात हो कि इस योजना के तहत मिड–डे मील बनाने के लिए खाद्यान्न अलग से उपलब्ध कराए जाते हैं। कुकिंग कास्ट की राशि में ईंधन, सब्जी, तेल, मसाला, नमक आदि का खर्च सम्मिलित होता है।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को घेरा, कहा-जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया

रांची, एजेंसी। राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार सरकार को झारखंड में हो रहे कथित बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर घेरा है। इसे लेकर बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि 卐बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित गांव में जहां कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता, वहां 3 हजार मुस्लिम बच्चों का आधार कार्ड बन जाना झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि मस्जिद मदरसों में घुसपैठिए को शरण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किए जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है। इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है। वोट बैंक और सत्ता के लालच में झामुमो कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर हाल में बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए हिंसा की भी आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि 卐भारतीय जनता पार्टी झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, ताकि मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे हालातों से झारखंड को बचाया जा सके ।卐 जानकारी हो कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने यह पोस्ट उस वक्त किया है, जब पूरा देश पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आक्रोश में है। पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी।

### एक महीने में 30 सड़क दुर्घटनाएं और 22 लोगों की मौत, मार्च में वसूला गया 31.51 लाख रुपए जुर्माना

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर जिले में पिछले महीने मार्च में 30 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इन सड़क दुर्घटनाओं में 22 लोगों की मौत हुई। जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। एक माह में 30 सड़क दुर्घटनाएं और 22 लोगों की मौत चिंता का विषय है। जिले के समाहरणालय सभागार में शुक्रवार (25 अप्रैल) को हुई यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना का यह आंकड़ा बताया गया। बैठक में ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आंकड़े भी साझा किये गये। जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च महीने में कुल 2055 नये ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गये। इनमें 1762 पुरुष और 293 महिलाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 533 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों समेत अन्य मामलों में कुल 31 ।51 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया।

# झारखंड पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल 289 जवानों और अधिकारियों का तबादला



रांची, एजेंसी। भाषा से भूगोल तक की जानकारी रखने वाले 289 जवान और अधिकारी चाईबासा स्थानांतरित हो गए हैं। ये सभी सिपाही से पुलिस निरीक्षक स्तर तक के हैं। ये वही जवान-अधिकारी हैं, जिन्होंने चाईबासा जिला में स्थानांतरित किए जाने की इच्छा जताई थी। इनमें 247 जवान और अधिकारियों का गृह जिला चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम है। चाईबासा स्थानांतरित होने वाले अन्य 42 जवानों-अधिकारियों का गृह जिला पश्चिमी सिंहभूम से सटे आस-पड़ोस के जिले पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी और रांची आदि है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर यह स्थानांतरण-पदस्थापन हुआ है। उन्होंने यह ऑफर दिया था कि जो भी अधिकारी जवान पश्चिमी सिंहभूम जिला में जाना चाहते हैं और जो वहां पर लंबे समय से पदस्थापन के बाद दूसरे जिला-इकाइयों में जाना चाहते हैं, वे अपनी इच्छा जताएं। उनके मनोनयन के बाद पुलिस मुख्यालय के स्तर पर आगे की कार्रवाई होगी। इसके बाद जवानों-अधिकारियों ने अपनी इच्छा जताई और उनका स्थानांतरण हुआ।

इस स्थानांतरण और पदस्थापन के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि गृह जिला चाईबासा वाले जवानों-अधिकारियों को वहां के भूगोल और भाषा की बेहतर समझ है।

वे अपने बीच के भटके हुए लोगों को समझाकर मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक साबित हो सकते हैं। उनके चाईबासा में योगदान के बाद नक्सल विरोधी अभियान को और धार मिलेगी।

राज्य के 248 जवान-अधिकारी चाईबासा से दूसरे जिला-इकाइयों में स्थानांतरित हुए हैं। ये जवान-अधिकारी लंबे समय से चाईबासा जिला बल में पदस्थापित थे।

इन अधिकारियों-जवानों ने स्थानांतरण के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दिया था। पुलिस मुख्यालय ने उनके आवेदनों पर विचार किया और उसके बाद स्थानांतरण के संबंध में निर्णय लिया।

सारंडा क्षेत्र में नए जवानों की गतिविधियां बढ़ी, अंतिम लड़ाई को पुलिस तैयार

झारखंड पुलिस का सारंडा क्षेत्र में चल रहे ऑपरेशन क्लीन को धारदार बनाने की तैयारी जोरों पर है। वहां नए जवानों की गतिविधियां बढ़ा दी गई है। इस अभियान में झारखंड जगुआर, चाईबासा जिला बल के अलावा कोबरा और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियन के जवान शामिल किए गए हैं।

पिछले दिनों बोकारो में नक्सलियों के विरुद्ध सफल अभियान चलाने वाले जवानों को भी चाईबासा में लगा दिया गया है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी नक्सलियों को चेतावनी दे रखी है कि वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्य धारा से जुड़ें नहीं तो उनका खात्मा निश्चित है। अभियान में शामिल जवान बरसात के पूर्व सारंडा से नक्सलियों का सफाया कर देंगे।

## सीओ के भांजे को गोली लगने के मामले में चंदन के खिलाफ प्राथमिकी

धनबाद, एजेंसी। सरायढेला स्थित ओजोन गैलेरिया में गुरुवार की रात फोर्थ फ्लोर के वॉशरूम में गोली चलने से घायल सरायढेला निवासी कामेश्वर मोदी के पुत्र सुनील कुमार वर्णवाल घायल हो गये थे। धनबाद थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात असर्फी अस्पताल में सुनील का फर्द बयान दर्ज किया। इसके आधार पर सरायढेला थाना में मनोरम नगर निवासी बिल्डर चंदन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंदन की रिवाल्वर और नौ गोलियां जब्त कर ली है। घटना स्थल को भी सील कर दिया है। चंदन सिंह से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। घायल सुनील अभी भी असर्फी अस्पताल में इलाजरत है।

असर्फी अस्पताल में भर्ती सुनील धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर के भांजे हैं। सुनील ने अपने फर्द बयान में पुलिस को बताया ~मैं गरीब सिंह बग्गा के साथ ओजोन गैलेरिया मॉल के चौथे तल पर फूड फैक्ट्री रेस्टोरेंट गया था। वहां सामने के बाथरूम के इस्तेमाल के बाद हाथ दो रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति बेसिन के पास अपना रिवाल्वर रखकर मुंह धो रहा था। मैं जैसे ही वहां पहुंचा, तो मुझसे टकराकर उसका रिवाल्वर नीचे गिर गया और अचानक गोली चल गयी, जो मेरे पेट में लग गयी। इसके बाद उक्त व्यक्ति अपने दोस्त विवेक सिंह बाबा के साथ मुझे असर्फी अस्पताल ले आया। रास्ते में जानकारी मिली कि रिवाल्वर मनोरम नगर निवासी चंदन सिंह का है, जो मुझे अपनी इनोवा कार से असर्फी अस्पताल लाया। जहां मेरा इलाज चल रहा है।

घटना के बाद सरायढेला थाना की पुलिस ने चंदन सिंह को बुलाकर उसके पास से घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर और नौ जिंदा गोली जब्त कर ली। पुलिस चंदन सिंह से घटना की जानकारी ले रही है। वहीं सुनील को अस्पताल में भर्ती कराने से लेकर देर रात तक चंदन वहीं रुका रहा, उसके बाद अपने घर गया। पुलिस के बुलाने पर वह थाना पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने चंदन सिंह के खिलाफ थाना में लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

ओजोन गैलेरिया में घटना के बाद शुक्रवार को मॉल प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। मुख्य द्वार से लेकर लिफ्ट व पार्किंग में विशेष सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। मॉल में आने वाले सभी महिला-पुरुष की जांच की जा रही है।

## करनी सेना के उपाध्यक्ष विनय सिंह की इस वजह से हुई थी मौत, पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा




जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो आस्था स्पेस टाउन निवासी और क्षेत्रिय करनी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की मौत गोली लगने से हुई है। पोस्टमार्टम में रिपोर्ट में शरीर का कोई अंग टूटने की बात नहीं आयी है। शुक्रवार को पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गयी है। पुलिस इस मामले में व्हाट्सएप कॉल के डैक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। ताकि व्हाट्सएप के जरिये विनय सिंह द्वारा किये गये बातचीत का ब्योरा इकट्ठा किया जा सके।

पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है कि विनय सिंह व्हाट्सएप कॉल के जरिये कई लोगों से बातचीत करते थे। वारदात के दिन भी सिर्फ तीन लोगों ने नॉर्मल कॉल पर बातचीत की थी। इसके अलावा कुछ लोग से व्हाट्सएप कॉल के जरिये बात की थी। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आयी है कि विनय सिंह ने कई लोगों से कर्ज लिया था। इसके अलावा बैंक का भी कर्ज था। पुलिस इस मामले में विनय सिंह के कुछ करीबियों से भी पूछताछ कर रही है। हालांकि अब तक पुलिस किसी ठोस निर्णय तक नहीं पहुंच सकी है।

पुलिस की मानें तो एक से दो दिन में केस का उद्भेदन कर लिया जायेगा। इस मामले में वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि केस के अनुसंधान में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो सके। इस हत्याकांड में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# 10 मिनट हो जाती देर तो रांची का यह परिवार भी हो जाता आतंकी हमले का शिकार, साझा की अपनी आपबीती



रांची, एजेंसी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले का दृश्य लोगों को झकझोर दिया है। जिन्होंने इस घटना में अपनों को खोया वो अपने आपबीती को मीडिया के साथ साझा कर रहे हैं। इस हमले में कई लोग ऐसे भी हैं जो बाल बाल बचे हैं। इन्हीं में से एक हैं रांची के रहने वाले रेणु सिंह और उनके पति एमके सिंह।

रेणु सिंह ने बताया कि बच्चे नीचे एम्युजमेंट पार्क में घूमने गये थे। हम ऊपर खच्चर वाले से बात कर रेट तय कर रहे थे। तभी हमारे कैब ड्राइवर को कोई खबर मिली। वो घबराया हुआ उनके पास आया और उनसे जल्दी होटल लौटने को कहा। इसके वे तुरंत होटल की ओर लौट पड़े। उन्होंने कहा कि उनके होटल पहुंचने से पहले ही करीब 10 मिनट के अंदर ही आसमान में हेलीकॉप्टर मंडराने लगे। पुलिस की गाड़ियों के सायरन गूंजने लगे। तब तक उन्हें नहीं पता था कि क्या हुआ है।

रेणु सिंह आगे कहती हैं कि होटल पहुंचकर जब टीवी ऑन किया, तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। खबर थी कि घाटी में आतंकी हमला हुआ है। पर्यटक मारे गये हैं। होटल में उस रात वह सब सहमे हुए थे। रास्ते में जो नजारा देखा, वो आंखें नम कर गया। अगले दिन उन्होंने तय कर लिया कि अब कश्मीर से निकलना ही है। बुधवार सुबह छह बजे ड्राइवर को कहा कि हमें जम्मू तक पहुंचा दे। कश्मीर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की थी।

रेणु ने बताया कि जो लोग जम्मू जाना चाहते थे उनके लिए वैकल्पिक रास्ते के इंतजाम किये गये थे। यानी लोग मुगल रोड से सोपोर-पुलवामा होते हुए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह रास्ता आमतौर पर पर्यटकों के लिए बंद रहता है। लेकिन हालात को देखते हुए इसे खोला गया था।

ड्राइवर ने हामी भरी और वह उसी रास्ते पर निकल पड़े। करीब 16 घंटे का सफर तय करना था। रास्ता बहुत सुंदर था, लेकिन उतना ही दुर्गम भी। रेणु सिंह ने कहा कि उन सबके मन में डर तो था, लेकिन रास्ते में जो नजारा देखा, वो आंखें नम कर गया। गांव-गांव में लोग खड़े थे। उनके हाथों में पानी, जूस, नाश्ता और खाना था। वे मुस्कुरा कर उन्हें दे रहे थे। कह रहे थे ~डरिए मत, आप हमारे मेहमान हैं। हर दो-ढाई किलोमीटर पर सुरक्षा जांच हो रही थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान बेहद शालीनता से पूछताछ कर रहे थे। साथ ही यह भी देख रहे थे कि कहीं कोई पर्यटक असहज तो नहीं है। वे खुद भी घटना पर अफसोस जता रहे थे। कह रहे थे कि कश्मीरियों को बदनाम किया जा रहा है। करीब 16 घंटे की यात्रा के बाद जब वे रात 10 बजे जम्मू पहुंचे तो राहत की सांस ली

रेणु सिंह ने कहा कि लौटने के दौरान गाड़ी का एक टायर खराब हो गया था। इस कारण ड्राइवर ने तय पैसे से करीब चार हजार रुपये ज्यादा लिये। वो भी मजबूर था। बोला ~मैडम, गाड़ी का टायर खराब हो गया। आप सबको सही सलामत पहुंचाना ज्यादा जरूरी था। रेणु सिंह आगे कहती है कि ड्राइवर 10 मिनट भी देर करता तो वे शायद कहानी नहीं सुना रही होती।

# अप्रैल में इन लोगों को नहीं मिलेगा मंईयां सम्मान का पैसा




रांची, एजेंसी। झारखंड में चल रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में जाने से रूक सकती है। इस योजना के लाभुकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग नहीं होने के कारण अप्रैल महीने का पैसा रूकने की संभावना है। हालांकि, विभाग की ओर से इस काम को पूरा कर लेने के लिए संबंधित लाभुकों को लगभग तीन दिनों का समय दिया गया है। इस दौरान वे अपने बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करवा लेंगे, तो उनका पैसा नहीं रूकेगा।

लाभुकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग हो जाने पर उन्हें अप्रैल महीने की राशि डीबीटी से खाते में भेज दी जाएगी। जानकारी हो कि प्रति माह मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा कोषांग से 2500 रुपए उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आधार सीडिंग कराना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, सरकार द्वारा बार-बार कहने के बाद भी लगभग दस हजार लाभुकों ने अपने बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं कराया है।

जिला सामाजिक कोषांग ने मंईयां सम्मान योजना के ऐसे लाभुकों की लिस्ट जिले के सभी प्रखंड कार्यालय और पंचायत सचिवालयों को भेज दी गई है, जिनके बैंक खाते का अबतक आधार सीडिंग नहीं हो पाया है। इस सूची को सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया जाएगा, ताकि समय रहते संबंधित लाभुकों का जानकारी मिल जाए। साथ ही सभी 3 दिनों के अंदर आधार सीडिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लें।

सूत्रों की माने तो, अगर एक बार आधार सिडिंग नहीं होने के कारण अगर किसी लाभुक के बैंक खाते में मंईयां सम्मान राशि नहीं जाती है। तो, उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि तकनीकी तौर पर ऐसे लाभुक के खाते में राशि भेजने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है। ऐसे में उन्हें प्रखंड से जिला कार्यालय तक चक्कर लगाना पड़ सकता है। वहीं, आधार सिडिंग का काम प्रत्येक जिले में कई जगहों पर हो रहा है। इनमें विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा और कई सीएसपी केंद्र शामिल हैं। इन जगहों पर जाकर लाभुक आधार सिडिंग करवा सकते हैं।

बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं करवाने में तीन प्रखंड के सबसे ज्यादा लाभुक शामिल हैं। इनमें उधवा, बरहेट और बरहड़वा प्रखंड को मिलाकर लगभग 4928 यानी करीब 49त्न लाभुकों ने अबतक बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं करवाया है। इस स्थिति में अप्रैल महीने से इन लाभुकों के बैंक खाते में राशि नहीं भेजी जा सकेगी।

## श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता भक्ति और विनम्रता का प्रतीक है : प्रपन्नाचार्य

रांची, एजेंसी। आम्रकुंज दुर्गा मंदिर मोरहाबादी में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ सात दिवसीय देव-प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया। आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण के बीच मंडप में मौजूद यजमानों ने देव पूजन के साथ आहुतियां डाली। यजमानों संतोष कुमार पांडेय, रवीना पांडेया, हर्ष कुमार और श्रुति श्रेया, अयोध्या बक्शी, अमित विक्रम, निधि शर्मा, राकेश शर्मा और प्रिया शर्मा सपरिवार शामिल हुए। श्री यज्ञा बाबा आश्रम के दुर्गा मंदिर परिसर में शीतला माता, पंचमुखी हनुमान, श्री राधा कृष्ण, भगवान गणेश व माता पार्वती और दुर्गा के स्वरूप नौ कन्याओं की प्रतिमाएं प्रतिस्थापित की गई। इनके अलावा महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी और बाबा भरत दास महाराज ने यज्ञा बाबा की प्रतिमा का अनावरण किया। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गया के पीठाधीश्वर वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और भगवान कृष्ण के स्वधाम गमन प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

## रांची में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि




रांची, एजेंसी। पहलगाम आंतकी घटना में 27 पर्यटकों की हुई मौत के बाद रांची सहित देशभर में लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। आतंकियों के इस कायराना करतूत के विरोध में जगह जगह विरोध प्रदर्शन और पाकिस्तान के विरोध में नारे लगाए जा रहे हैं। इन सबके बीच सामाजिक, राजनीतिक संस्थाओं के द्वारा इस घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। 25 अप्रैल को राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक, धार्मिक संस्था चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर एवं अन्य लोगों के द्वारा सभी मृतकों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी घटना में मारे गए लोगों के लिए आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को करारा जवाब मिलेगा। इसके लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से तैयार है। वहीं भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि इस घटना से पूरा देश स्तब्ध है, केंद्र सरकार ने आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आने वाले समय में यह देखने को भी मिलेगा। इस मुद्दे पर पूरा देश एक है।श्रद्धांजलि सभा में प्रसिद्ध गायिका मृणालिनी अखौरी एवं उनकी टीम के द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति भी की गई।

# रुक जाएगा मंईयां सम्मान योजना का पैसा, सरकार ने दिया 3 दिन का समय



रांची, एजेंसी। झारखंड के लोगों के बैंक खाते की आधार सिडिंग नहीं हो पाने से अप्रैल महीने में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की राशि रुक सकती है। इसके लिए विभाग ने संबंधित लाभुकों को तीन दिनों का समय दिया है। इस बीच वे अपने बैंक एकाउंट का आधार सिडिंग करवा लें। ऐसा ना करने पर लाभार्थियों का पैसा रुक सकता है।

आधार सिडिंग हो जाने से अप्रैल महीने की राशि अन्य लाभुकों के साथ ही उनके खाते में डीबीटी से भेज दी जाएगी। मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को प्रति माह 2500 रुपए सामाजिक सुरक्षा कोषांग से उपलब्ध कराया जाता है। दरअसल, मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित लाभुक के बैंक खाते का आधार सिडिंग आवश्यक है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कई बार कहने के बावजूद अब तक जिले के करीब दस हजार लाभुकों के बैंक खाते का आधार सिडिंग नहीं हो सका है।

पंचायत स्तर पर जारी होगी लाभुकों की सूची : जिला सामाजिक कोषांग की ओर से बैंक खातों का अबतक आधार सिडिंग नहीं कराने वाले मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की सूचना को जिले के सभी प्रखंड कार्यालय व पंचायत सचिवालयों को भेज दी गई है। वहां सूची को सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया जाएगा। इससे संबंधित लाभुकों को समय रहते इसकी सूचना मिल सकेगी और वे तीन दिनों के भीतर आधार सिडिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लेंगे।

यहां होगा आधार सिडिंग

आधार सिडिंग का काम जिले में कई जगहों पर होगा। इसमें अलग-अलग राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा एवं विभिन्न सीएसपी केंद्र शामिल हैं। यहां जाकर आधार सिडिंग करवाई जा सकती है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि आधार सिडिंग के अभाव में अगर किसी लाभुक के बैंक खाते में मंईयां सम्मान राशि नहीं जाती है तो उन्हें प्रखंड से जिला कार्यालय तक चक्कर लगाना पड़ सकता है। तकनीकी रूप से उस लाभुक के खाते में राशि भेजने के लिए थोड़ी परेशानी होगी।

उधवा, बरहेट व बरहड़वा प्रखंड में आधार सिडिंग नहीं कराने वाले लाभुकों की सर्वाधिक संख्या है। तीनों प्रखंड को मिलाकर 4928 यानी करीब 49त्न लाभुकों ने अबतक बैंक खाते का आधार सिडिंग नहीं करवाया है। ऐसे में अप्रैल महीने से इनके बैंक खाते में राशि नहीं भेजी जा सकेगी।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 27-04-2025 22:01 Page 1



# निर्माणाधीन पुल गिरा

- काम कर रहे दो मजदूर जख्मी
- घटनास्थल पर अफरातफरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** बिहार में नवनिर्मित और निर्माणधीन पुल गिरने के लगातार कई मामले सामने आते रहे हैं। इस बार जहानाबाद जिले के ओकरी थाना क्षेत्र के शादीपुर रतन बिगहा गांव के पास घाटी है।

भारतमाला परियोजना के तहत आमस- दरभंगा एक्सप्रेसवे 119डी का निर्माण कार्य चल रहा है। शादीपुर व रतन बिगहा गांव के बीच में सड़क के साथ पुल का भी निर्माण किया जा रहा है।

रविवार को निमार्णाधीन पुल अचानक भरभरा कर गिर गया। काम कर रहे दो मजदूर उसके मलंबे से दब गए। आनन -फानन दोनों मजदूर को बाहर निकल गया। घटना से अफरा तफरी की स्थिति कायम हो गई।

ओकरी थानाध्यक्ष ने बताया कि गंभीर रूप से जख्मी मजदूर चंदन कुमार और उसके एक साथी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

जख्मी मजदूर कहां के रहने वाले हैं यह पता किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते हीं बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने पुल निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगा जांच की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण में दर्जनों मजदूर लगे हुए थे, गनीमत है कि दो मजदूर ही जख्मी हुए, संवेदक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# चौर से मिला नरकंकाल, इलाके में मची सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के रतनौली गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब चौड़ के एक खड्डे से एक नरकंकाल बरामद हुआ। यह मामला शनिवार को सामने आया जब गांव के कुछ ग्रामीण मछली पकड़ने के लिए इलाके में गए थे। मछली पकड़ने के क्रम में उड़ाही के दौरान अचानक तेज दुर्गंध का अहसास हुआ। दुर्गंध के स्रोत की तलाश में जब ग्रामीणों ने कीचड़ और पानी को हटाया तो वहां एक नरकंकाल दिखाई पड़ा। यह दृश्य देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की। जांच के दौरान नरकंकाल के पास फटे-चिथड़े कपड़े और एक जोड़ी चप्पल भी बरामद हुए हैं। कपड़ों को देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि बरामद कंकाल किसी युवती या महिला का हो सकता है। पुलिस ने नरकंकाल को बाहर निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया जारी है।

अब तक कंकाल की पहचान नहीं हो पाई है। मनियारी थाना के एसएचओ देवब्रत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा नरकंकाल मिलने की सूचना दी गई थी। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि सटीक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।

पुलिस ने बताया कि कंकाल के पास से मिले कपड़ों और चप्पल के आधार पर पहचान की कोशिश की जा रही है। साथ ही शव के फोटो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वॉट्सएप ग्रुपों में भी शेयर किया गया है ताकि कोई पहचान सके। मामले में सबूत जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम की भी मदद ली जा रही है।

# जांच टीम गठन के बाद आरा डीटीओ की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में जिला परिवहन पदाधिकारी पर बालू का ट्रक छोड़ने के मामले में अवैध राशि लिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। यह मामला इस वर्ष के जनवरी का बताया जा रहा है।

इसकी जानकारी मिलते ही डीएम ने पूरे मामले की जांच के लिए टीम बनाने का निर्देश दिया है। शनिवार की शाम तक जांच टीम बनाने संबंधी पत्र निकलने की संभावना है।

जनवरी में कुलहड़िया टोल प्लाजा के समीप से जुड़ा हुआ है। उस समय मोतिहारी जिले के ट्रक मालिक अमित कुमार का ट्रक टोल प्लाजा से पार हो रहा था।

खनन विभाग के नियम का हवाला देकर जिला परिवहन पदाधिकारी पर 1.24 लाख रुपये अवैध ढंग से लेने का आरोप लगाते हुए जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार ने कोईलवर थाने में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 24 हजार रुपये लिए गए थे और एक लाख स्कैनर तथा यूपीआइ के माध्यम से लिए गए थे।

इसे लेकर अजय ने जिला मुख्यालय से लेकर राज्य मुख्यालय तक के वरीय पदाधिकारियों को आवेदन दिया था।

इस मामले में कोईलवर थाने में प्राथमिकी हुई है, जिसमें बताया गया कि जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने की हरी झंडी दे दी है। डीटीओ के कारण पूरा प्रकरण कलेक्ट्रेट से जुड़ा हुआ है। प्राथमिकी होने की सूचना मिलने के बाद डीएम ने पूरे मामले के संबंध में एसपी से जानकारी ली और जांच पड़ताल कराने का निर्णय लिया। जांच टीम में उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को रखने का फैसला किया है।

इस मामले पर डीटीओ रवि रंजन ने बताया कि यह आरोप पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। फंसाने की नीयत से ऐसा गलत आरोप लगाया गया है।

जिला परिवहन पदाधिकारी पर लगाए गए संदिग्ध आरोप मामले की पूरी तरह से जांच के बाद पता चलेगा कि आरोप सही है या गलत।

अजय कुमार के द्वारा आरोप लगाया गया है कि किसी हकीकत कुमार और सीमा कुमारी के नाम पर आनलाइन एक लाख रुपये की राशि 14 जनवरी 2025 की रात को भेजी गई है।

जांच टीम अब पता लगाएगी की हकीकत कुमार और सीमा कुमारी कौन हैं और इनका जिला परिवहन कार्यालय से किस प्रकार का संबंध है या वह किसी पदाधिकारी-कर्मचारियों के रिश्तेदार हैं।

किसी से संबंध स्थापित होने के बाद आरोप सही भी हो सकता है, परंतु यदि किसी से सीधा जुड़ाव न होने पर आरोप गलत भी हो सकता है।

# चोरी गये बच्चे के साथ सात चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चा चोर गिरोह का पदार्फाश कर दिया। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर तीन वर्षीय एक बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। गिरोह में कई महिलाएं भी शामिल हैं, जो बच्चों को चुराकर उन्हें बेचने की योजना बना रहे थे।

पिछले दिनों पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में बच्चों के खेलते-खेलते अचानक गायब हो जाने की घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी थी। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पकड़ीदयाल एएसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया।

एसआईटी टीम ने सघन जांच के साथ सीसीटीवी फुटेज की मदद ली। जांच में सामने आया कि घुमंतू जाति के कुछ लोग, जो अस्थायी डेरों में रहकर अपना जीवन यापन करते हैं, बच्चों को चुराने के काम में लगे हुए थे। पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के लक्ष्मी रोड से गायब हुए एक तीन वर्षीय बच्चे को चोरी कर सीतामढ़ी जिले के बेलसंड में 50 हजार रुपये में बेचने की तैयारी की जा रही थी।

मोतिहारी पुलिस ने पूरी योजना के साथ छापामारी कर बच्चे के साथ सात चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में तिल कसरी देवी, मोहिनी देवी (रुन्नीसैदपुर, सीतामढ़ी), अमृत करोड़ी, लालपरी देवी, प्रकाश करोड़ी, राजेश करोड़ी और लाइसेन करोड़ी (पकड़ीदयाल निवासी) शामिल हैं। पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है ताकि अन्य गायब बच्चों के बारे में भी सुराग मिल सके।

मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने इस शानदार कार्य के लिए एसआईटी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। वहीं, अपने बच्चे के सकुशल मिलने पर गुलाम रसूल के परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस को अल्लाह का दूसरा रूप बताया।

# सीएम के गृह जिला पहुंचे पीके, कही बड़ी बातें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार में नीतीश कुमार अब मानसिक और शारीरिक रूप से सरकार चलाने की स्थित में नहीं हैं। उनके इर्द गिर्द रहने वाले अधिकारी और सहयोगी लूट मचाये हुए हैं। उक्त बातें रविवार को बिहारशरीफ में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। घूस दिए बिना किसी का काम नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वह तीन मुद्दों को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में 11 मई को जायेंगे और देखेंगे कि उनके गांव में सरकार की योजना का लाभ मिल पाया है या नहीं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को टिकट पैसे से मिली थी, यह पूरे बिहार में चर्चा है। वहीं, मंत्री अशोक चौधरी के मानहानि के मुद्दे पर प्रशांत किशोर ने कहा कि आज तक वह किसी से नहीं डरे हैं क्योंकि प्रशांत किशोर न ही बालू माफिया और न ही शराब माफिया हैं। पीके ने कहा कि बिना किसी सुरक्षा के वह डंके की चोट पर पूरे बिहार में घूम रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने 2005-14 तक बिहार के लिए बेहतर काम किया है, इसके बाद इनका काम बिल्कुल बदल गया है। जनता से किए वादों को सिर्फ कागजों पर पूरा किया गया है।

सरकार की हकीकत जानने के लिए जनसुराज सबसे पहले 11 मई को कल्याण बिगहा से अपने अभियान की शुरूआत करेगा। भूमि सर्वे का काम पूरे बिहार में चल रहा है। हकीकत में इस कार्य से जुड़े लोग गरीबों और किसानों से खूब पैसे लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं किसी से वोट मांगने नहीं आया हूं, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि अगर वोट देना है तो अपने बच्चों का भविष्य के बारे में जरूर सोंचे।

उनसे पूछा गया कि इतनी फंडिंग उन्हें कहां से मिलती है? इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जिनके पास सरस्वती की कृपा होती है, उनके पास लक्ष्मी की कभी कमी नहीं होती है।

## सात महीने में एक ही परिवार के दो लड़के लापता

**बेतिया।** बेतिया में सात माह के अंतराल में एक ही परिवार के दो लड़कों के लापता हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। पटखौली थाना क्षेत्र के पटखौली गांव की इस घटना ने गांव में भय का माहौल पैदा कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार पटखौली गांव निवासी नरेश शर्मा का 13 वर्षीय छोटा बेटा सुधांशु कुमार 18 अप्रैल को घर के पास खेलते समय अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब सुधांशु का पता नहीं चला, तो परिजनों ने पटखौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे पहले नरेश का 19 वर्षीय बड़ा बेटा करन कुमार भी 21 अक्टूबर 2024 को गांव में पेंटिंग का काम करते समय अचानक गायब हो गया था। उसकी गुमशुदगी की भी शिकायत तत्काल थाने में की गई थी, लेकिन सात महीने बीतने के बावजूद अब तक करन का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अगर पहले बेटे करन के गायब होने को पुलिस ने गंभीरता से लिया होता तो शायद उनका दूसरा बेटा सुधांशु सुरक्षित रहता। दोनों बच्चों की तलाश के लिए परिवार ने हर संभव प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

# गंगा में डूबे युवक की तीसरे दिन मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सिमरिया गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबे युवक शुभम कुमार का शव घटना के तीसरे दिन रविवार को बरामद कर लिया गया। शुभम मटिहानी थाना क्षेत्र के चकबल्ली दियारा गांव के निवासी नरेंद्र राय का 22 वर्षीय पुत्र था। जैसे ही शव पानी से बाहर निकाला गया, परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर चकिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया।

घटना शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे की है। जब शुभम अपने दोस्तों मनीष, विक्रम और वीरू के साथ सिमरिया गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसके डूबने के बाद दोस्तों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक शुभम पानी में गायब हो चुका था। घटना की सूचना पर दोपहर दो बजे एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। फिर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन शुभम का कुछ पता नहीं चल सका।

शनिवार को भी एसडीआरएफ की टीम ने शुभम की तलाश जारी रखी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों ने मोर्चा संभाला। लगातार दो दिन की कोशिशों के बावजूद जब शुभम का कोई सुराग नहीं मिला, तो रविवार सुबह एक बार फिर स्थानीय गोताखोरों ने अभियान शुरू किया। अनिल, जाटो, भरत, तेतर, सीताराम, सुनील, अमर, शत्रुघ्न, अर्जुन और मनीष समेत कई गोताखोरों ने नाव के सहारे गहरे पानी में खोजबीन की। इस प्रयास में आखिरकार शुभम का शव बरामद कर लिया गया।

शव की बरामदगी की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में मातम छा गया। परिजन शव से लिपटकर रोते-बिलखते रहे।

# कई घरों में सेंधमारी कर चोरों ने किया अपना हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार की देर रात लोदीपुर गांव में चोरों ने एक साथ पांच घरों को निशाना बनाते हुए नकदी और आभूषण समेत करीब 70 से 80 लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दिनेश सिंह, निवेश सिंह, गौतम कुमार, अरुण सिंह और अंजनी कुमार के घरों को अपना निशाना बनाया। संयोगवश, सभी घरों में उस समय ताले लगे थे, क्योंकि परिवार के सदस्य विभिन्न कारणों से घर से बाहर गए हुए थे। इस मौके का फायदा उठाकर बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोरी की इस वारदात में सबसे अधिक नुकसान निवेश सिंह और गौतम कुमार को हुआ है। निवेश सिंह के घर से लगभग 16 लाख रुपये के आभूषण और नकदी चोरी हो गई, वहीं गौतम कुमार के घर से लगभग 15 लाख रुपये का सामान बदमाश उठा ले गए।

दिनेश सिंह के घर का दरवाजा तोड़कर चोरों ने तीन सोने के लॉकेट और एक जोड़ी कनवाली चुरा ली।

निवेश सिंह के घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने सोने की दो चेन, दो हार, दो चूड़ियां, चार झुमके, आठ कनवाली, चार अंगूठियां, एक मांग टीका, एक नथिया, चांदी की चार पायल और चार नाक

**लगभग 80 लाख रुपये मूल्य के जेवरात व अन्य सामान गायब की, लोगों ने किया रात्रि गश्ती की मांग**

के गहने चुरा लिए, जिनकी कुल कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई जा रही है। गौतम कुमार के घर में चोर छत के रास्ते घुसे और एक हार, चार चूड़ियां, एक चेन और एक हजार रुपये नकदी लेकर फरार हो गए, जिसकी कीमत लगभग नौ लाख रुपये आंकी गई है।

वहीं, अरुण सिंह के घर में चोर मुख्य दरवाजे की सिकड़ी काटकर घुसे और वहां से चार लॉकेट, तीन अंगूठियां, एक चेन, एक जोड़ा कनवाली, एक जोड़ा टॉप, एक मंगलसूत्र, एक टीका और 50 हजार रुपये नकदी चुराकर लगभग नौ लाख रुपये की चोरी की। जबकि अंजनी कुमार के घर से चोरों ने सोने और चांदी के आभूषणों के साथ 30 हजार रुपये नकदी भी चुरा ली, जिसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है।

घटना की सूचना मिलते ही बिंद थाने के थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस बड़ी चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

पीड़ित परिवारों द्वारा औपचारिक रूप से थाने में शिकायत दर्ज कराई जा रही है, जिसके बाद चोरी गए सामानों की सही कीमत का आकलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से चोरी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि अपराधियों पर लगाम कसी जा सके और लोगों का भरोसा बहाल हो।

## महागठबंधन की बैठक चार को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दिन धीरे-धीरे नजदीक आ रहे हैं। इसके साथ ही तमाम दल अपनी तैयारियों को मुकम्मल रूप देने में जुट गए हैं।

आइएनडीआइए गठबंधन भी आगे बढ़ते हुए अपनी तैयारियों को चुनाव घोषणा के पूर्व अंतिम रूप देने में जुटा है। इस गठबंधन की अब तक तीन बैठकें हुई हैं। जिसमें कई मुद्दों पर गठबंधन के सहयोगी दलों ने अपनी सहमति बना ली है। परंतु संयुक्त चुनावी घोषणा पत्र और मुद्दे जिन पर चुनाव लड़ा जाना है वे अब तक तय नहीं हैं।

जिसे देखते हुए आइएनडीआए के सहयोगी दलों ने आपसी सहमति से चार मई को एक बैठक बुलाई है। प्रस्तावित बैठक में राजद-कांग्रेस के साथ ही तीनों वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी के तमाम जिलाध्यक्ष, महासचिव के साथ ही इनके विधायक, विधान पार्षद व सांसदों को आमंत्रित किया गया है।

# झामुमो ने बिहार में बढ़ाई महागठबंधन की टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** महागठबंधन के भीतर सीटों की गुत्थी ऐसी उलझी है कि किसी दूसरे सहयोगी के लिए शायद ही गुंजाइश बने। इस बीच झारखंड के सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अपनी संभावना का आकलन करने लगा है।

इससे राजद की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि उन क्षेत्रों से उसे इस बार बड़ी आशा है। ऐसे में प्रयास यह है कि झामुमो को किसी तरह बिहार से दूर रहने के लिए मना लिया जाए।

हालांकि, झारखंड के चुनाव में सहयोगी राजद ने जिस तरह दावेदारी की थी, उसे लेकर इसकी संभावना कम है कि झामुमो अपने कदम पीछे खींच ले।

राजद झारखंड में झामुमो का पुराना सहयोगी है। झामुमो को भी बिहार में ऐसी ही भूमिका की अपेक्षा रही है। उसके लिए वह एक दशक से प्रयासरत है, लेकिन बात कभी बनी नहीं। विधानसभा के पिछले चुनाव में तो कटुता इस स्तर तक बढ़ी कि झामुमो ने राजनीतिक मक्कारी का आरोप लगाते हुए राजद से राजनीतिक रिश्ते की समीक्षा तक की चेतावनी दी थी। तब उसका कहना था कि झारखंड सरकार में राजद के एकमात्र विधायक सत्यानंद भोक्ता को श्रम मंत्री बनाया गया, लेकिन राजद राजनीतिक शिष्टाचार भूल गया है।

तेजस्वी यादव का नेतृत्व पुराने दिनों को याद रखना नहीं चाहता। शिकायत लालू प्रसाद से भी हुई। यह कहते हुए कि झामुमो उनका आदर करता है, लेकिन प्रश्न यह कि लालू सामाजिक न्याय के अंतर्गत राजनीतिक भागीदारी की बात करते हैं, तो उनका यह सिद्धांत झामुमो के संदर्भ में क्यों गुम हो गया?

**झामुमो ने बिगाड़ दिया था वर्ष 1980 का खेल**

इस क्षोभ के साथ झामुमो ने सात सीटों (झाझा, चकाई, कटोरिया, धमदाहा, मनिहारी, पीरपैंती, नाथनगर) पर प्रत्याशी उतार दिए। कोई सफलता तो नहीं मिली, लेकिन चकाई और कटोरिया में उसने राजद का खेल बिगाड़ दिया।

एक राजनीतिक दल के रूप में झामुमो ने 1980 के चुनाव से दांव आजमाना शुरू किया। झारखंड के गठन से पहले भी उसके हिस्से की सीटें दक्षिणी बिहार वाली ही हुआ करती थीं।

विभाजन के बाद उसे बिहार में एक बार चकाई में सफलता तो मिली, लेकिन उसे वह अगले चुनाव में दोहरा नहीं पाया। 2010 में यह सफलता सुमित कुमार सिंह के सहारे मिली थी, जो 2020 में वहां निर्दलीय विजयी रहे।

हालांकि, उनकी जीत में झामुमो को मिले 16985 मतों की बड़ी भूमिका रही है।

# माता-पिता के नाम पर राशन उठाने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** आपूर्ति विभाग को लगातार जानकारी मिल रही है कि एक ही परिवार में कई राशन कार्ड के तहत प्राप्त अनाज का उठाव किया जा रहा है।

इतना ही नहीं वन नेशन वन राशन कार्ड लागू हो जाने से कोई प्रदेश में तो कोई अन्यत्र जिला के अलावा गृह जिला में भी अनाज का उठाव कर रहा है।

डीएम के जनता दरबार में प्राप्त हो रहे शिकायत के बाद आपूर्ति विभाग का कान खराब हो गया। इस वजह से जिला आपूर्ति विभाग प्रत्येक महीना लगातार राशन कार्ड शुद्धता अभियान चला रहा है।

इस अभियान में पीडीएस डीलर, विकास मित्र, प्राप्त शिकायत पत्र का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही आपूर्ति विभाग स्तर से गठित टीम इस पर नजर बनाए हुई है।

आकड़ा बताता है कि इस अभियान के तहत वर्ष 2022 के जनवरी से

**विभाग हुआ सख्त**

दिसंबर के बीच तीनों अनुमंडल में स्थाई रूप से एवं एसडीओ स्तर से कुल मिलाकर 16 हजार 646 अंत्योदय एवं पीएचएच राशन कार्ड विभिन्न स्तर पर रद कर चुका है। बताया जा रहा है कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

आपूर्ति विभाग प्रत्येक वर्ष के छह-छह माह पर आकड़ा (प्रगति प्रतिवेदन) जारी करता है। प्रथम अर्धवार्षिक आकड़ा दशार्ता है कि जनवरी से जून महीने के बीच जिला के तीनों अनुमंडल स्तर से 10841 राशन कार्ड स्थाई रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

वहीं, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 2515 राशन कार्ड स्वतः रद्द कर दिया गया है। सबसे ज्यादा सदर अनुमंडल में 7398 राशन कार्ड स्थाई रूप से एवं 2462 राशन कार्ड सदर एसडीओ स्तर से स्वतः रद कर दिया गया है।

# सामाजिक परिवर्तन के लिए सेवा करती है सेवा भारती : रामेंद्र सिंह

रांची। सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में हितचिंतक सम्मेलन रांची के हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट के सभागार में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। साथ ही मां दुर्गा की स्तुति पर भव्य नृत्य की प्रस्तुति हुई।समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा भारती अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का कार्य कर रही है। समाज के वंचित, उपेक्षित, पीड़ित और अभावग्रस्त वर्गो में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक संस्कारों का अलख जगा कर समरस समाज का निर्माण किया जा रहा है। अपने ही समाज के कई लोग मूलभूत सुविधाओं, अधिकारों और व्यवस्थाओं से विमुख हैं। ऐसे समाज में सेवा कार्यों को और गति देने की आवश्यकता है। आज सम्पूर्ण समाज में सेवा भारती की प्रतिष्ठा स्थापित हुई है। संस्था के निस्वार्थ



सेवा कार्यों में समाज की सज्जनशक्ति, हितचिंतकों का बड़ा योगदान रहता है।

हितचिंतक सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि महेश पोद्दार, पूर्व सदस्य,राज्यसभा ने कहा कि समाज में सेवा के नाम पर कई अवांछित स्वयंसेवी संस्थाएं चल रही है और सिर्फ कमाने - खाने के लिए सरकारी संसाधनों का उपयोग करते हैं। स्वयं का स्वार्थ त्याग कर सेवा कार्य करने से सही मायने में समाज का उन्नयन होगा। मौके पर सेवा भारती के संरक्षक डॉ एच पी नारायण ने सेवा कार्य के लिए उत्प्रेरित किया। कार्यक्रम में सेवा भारती की वार्षिक उपलब्धियों को साझा करते हुए संस्था के सचिव ऋषि पाण्डेय ने बताया कि सेवा कार्यों से बस्ती परिवर्तन हुए हैं। पिछड़े वर्गो में शिक्षा, संस्कार,आरोग्य के प्रति जागृति आई है और स्वावलंबन की दृष्टि से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। आगामी वर्षों में सेवा भारती द्वारा प्रखंड स्तर तक समस्याओं का अध्ययन कर समस्यापूरक सेवा कार्य विस्तार करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके पूर्व कार्यक्रम में सेवा भारती के सेवा कार्यों की डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया साथ ही राष्ट्रीय सेवा साधना पत्रिका की वार्षिक अंक आपदा प्रबंधन विशेषांक का विमोचन किया गया।

मौके पर आपदा प्रबंधन विशेषांक सापेक्ष विषय सेवा भारती, रांची महानगर के सचिव श्याम टोरका ने रखा। मौके पर हितचिंतक सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के न्यासी चंद्रकांत रायपत ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव,पवन मंत्री, राधेश्याम अग्रवाल, गोपाल सिंह, अभिजीत घोष,शंभू ठाकुर, निर्मला कौर, शुभेंदु भट्ट, रमाशंकर बगड़िया, राजकुमार साहू, कंचन प्रभा,डॉ निधि सहाय,निशि जयसवाल, कमल केडिया रमाकांत दुबे सहित रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग सेवा भारती के हितचिंतक, शुभचिंतक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में पंचायत समिति सदस्य की मौत

**बारात से लौट रही गाड़ी के बिजली के खंभे से टकराने से हुई घटना**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया (रानीगंज)।** रानीगंज-अररिया मार्ग पर साढ़े तीन बजे सुबह में नारायणपुर गांव के समीप एक बराती गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई।

इस हादसे में खरहट पंचायत के गीतवास गांव निवासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र चौधरी उर्फ नेता जी की मौत हो गई। करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में रमेश साह उर्फ घोलतु, मिथुन कुमार, चालक उमा शंकर साह, संतोष पासवान, जितेंद्र कुमार साह आदि शामिल है। सभी घायल खरहट पंचायत के निवासी हैं।

जानकरी के अनुसार गीतवास गांव से बरात सिकटी बरदाहा गांव गई थी। विवाह संपन्न होने के बाद वे सभी बरात से लौट रहे थे। नारायणपुर गांव के समीप चालक को झपकी लग गई। गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। अगली सीट पर बैठे रामचंद्र चौधरी सहित आधा दर्जन से अधिक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल अररिया लाया गया।

चिकित्सकों ने जांच के दौरान रामचंद्र चौधरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। रामचंद्र चौधरी को आस-पास के लोग नेता जी के नाम से पुकारते थे। लोगों के बीच हमेशा लोकप्रिय थे। जेपी आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

# मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर जाकर वहां चल रही 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सेंट्रल कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर, कॉफ्रेंस हॉल, स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य भागों का जायजा लिया। साथ ही उद्घाटन समारोह में होनेवाले कार्यक्रम के लिए खिलाड़ियों और कलाकारों द्वारा किए जा रहे अभ्यास का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 4 मई को उद्घाटन समारोह में प्रदर्शित की जानेवाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग के निर्माण का भी अवलोकन किया। विश्व की सबसे बड़ी बनायी गयी मधुबनी पेंटिंग के लिये गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 50 कलाकारों ने लगातार 50 घंटे तक काम कर इस पेंटिंग को तैयार किया है। विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली पद्मश्री बाऊआ देवी को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। साथ ही 375 बाल लामाओं द्वारा सिंगिंग बॉल के साथ प्रदर्शन का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया। ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई 15 मई तक हो रहा है। इसका उद्घाटन 4 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 28 खेलों के लिये 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ी तथा 1500 प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। बिहार के पांच शहरों पटना, गया, राजगीर, भागलपुर, बेगूसराय में इस खेल का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# भारत के मास्टरस्ट्रोक से बिलबिला रहा पाकिस्तान : मंगल पाण्डेय

## कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए रची गई थी हमले की साजिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आतंकियों को पालने-पोषने व संरक्षण देने में माहिर आंतकवाद का सरगना पाकिस्तान अब जमींदोज होने के कगार पर है। भारत में पहलगाम जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान की अब खैर नहीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के आगे पड़ोसी मुल्क घुटने टेकने लगा है। पीएम मोदी ने बिहार की धरती से खुला ऐलान कर दिया है कि आतंकी और आतंकियों के सरपरस्तों की बची हुई जमीं भी अब छीनने वाली है। उसी क्रम में भारत के द्वारा सिंधु जल संधि रद्द करने की घोषणा से ही पाकिस्तान हुक्मरा बिलबिलाने लगा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत ने जैसे ही जल संधि स्थगित किया है। पाकिस्तान के कमोबेश सारे नेता हकलाने लगे हैं। असल में ऐसे ही निर्णय कुशल राजनीति का हिस्सा होता है। अब पाकिस्तानी मीडिया भारत द्वारा झेलम में ज्यादा पानी छोड़े जाने की भ्रामक खबर भी फैला रहा है। इस वजह से पाकिस्तान में डर के कारण बाढ़ का अलर्ट जारी हो चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान का हलक अब भी सूख रहा है। श्री पांडेय ने आगे कहा कि दरअसल भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को लगातार दुनिया भर का समर्थन मिल रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई का आधार होगा।

# गंगा में बालू से लदी नाव डूबी, नाविक व मजदूर लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** नासरीगंज घाट के पास रविवार को दोपहर में गंगा नदी में उजला बालू से लदी एक नाव तेज आंधी के कारण डूब गई। नाव डूबने से एक नाविक व एक मजदूर लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम एसडीआरएफ टीम पहुंच कर राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एसडीआरएफ टीम पहुंच कर लापता मजदूर का शव को खोजबीन में जुट गई। नाव डूबने से लापता नाविक और मजदूर के परिजनों घाट पर पहुंचे और रोते बिलखते परिजनों में चित्कार माहौल गमगीन हो गया। लापता नाविक की पहचान कासीमचक पंचायत के कासीमचक निवासी काशी साव के 30 वर्षीय पुत्र राजा साव और मजदूर हरशामचक निवासी स्व. श्रीनाथ राय के 28 वर्षीय पुत्र भोला राय के रूप में किया गया है जबकि चंदन समेत पांच मजदूरों ने गंगा में तैर कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार फक्कर महतो घाट पर कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा फक्कर महतो घाट पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर रविवार को दोपहर में पीपा पुल घाट से उजला बालू लाद कर नाव से गंगा नदी से फक्कर महतो घाट पर लाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाव तेज हवा की चपेट में आने से गंगा नदी के बीच धारा में असंतुलित होकर पलट गई। देखते ही देखते बालू लदे नाव गंगा नदी में डूब गई। नाव पर सवार नाविक समेत सात लोग सवार थे। नाव डूबने से नाविक राजा साव और मजदूर भोला राय गंगा नदी में डूबने से लापता हो गया और पांच मजदूर गंगा नदी में तैर कर अपनी जान बचाई जिसमें चंदन कुमार गुड्डू कुमार समेत पांच मजदूर गंगा नदी में तैर कर निकल गया। नाव पर सवार सभी कासीमचक पंचायत के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान में जुट गई है। फिलहाल एसडीआरएफ टीम ने दो बोट के जरिए लापता मजदूरों की खोजबीन जारी है। प्रशासन ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पंचायत के सरपंच अनिल कुमार ने बताया कि पीपा पुल घाट से उजला बालू लेकर फक्कर महतो घाट पर घाट पर लाया जा रहा था।

# पिछड़ा समाज और युवा कांग्रेस में देख रहे हैं अपना भविष्य : राजेश राम

## सूबे के विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा सहित युवा नेता शशांत शेखर ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज सूबे के विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा, सचिव सुधीर शर्मा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों एवं आईपैक में कार्यरत रहे आईआईटियन युवा नेता शशांत शेखर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता अपने हजारों समर्थकों के साथ ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं को सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति पिछड़े समाज और युवाओं में नई चेतना आई है और पार्टी के प्रति आकर्षण बढ़ा है। पार्टी के नीतियों और कार्यक्रमों से वंचित शोषित पिछड़ा समाज के साथ युवाओं में भी कांग्रेस से जुड़ने में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार के नेता रविन्द्र शर्मा के आगमन से पार्टी की ओर से उनके समाज के हक की आवाज और तेजी से उठाने में मदद मिलेगी। साथ ही शशान्त शेखर ने जिस तरीके से सैकड़ों युवाओं के साथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रदेश कांग्रेस के प्रति समर्पण दिखाया है वो बेहद सार्थक संदेश देने का काम करेगी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद रविन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने पिछड़े समाज को बल दिया है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने पिछड़े समाज को राजनीति और समाज के मुख्यधारा में लाने का काम किया है और वर्तमान दौर में राहुल गांधी के लगातार पिछड़े वर्ग के लिए संघर्ष से प्रभावित होकर और प्रदेश नेतृत्व में राजेश राम के काम से प्रभावित होकर मैंने अपने पूरे समाज के नेताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त की है। आईपैक में रहे युवा नेता शशांत शेखर ने सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत कहा कि युवा आज कांग्रेस पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं क्योंकि भाजपा के शासन काल में युवाओं से वोट लेकर उनको ठगने का काम किया गया जबकि राहुल गांधी ने लगातार युवाओं के हक में संघर्ष किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से विश्वकर्मा समाज बढ़ई परिवार बिहार संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, सचिव सुधीर शर्मा, डा. बी. के. शर्मा, नीरज शर्मा, सुनैना शर्मा, चंदन शर्मा सहित और युवा नेता शशांत शेखर अपने हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए। मिलन समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, मनजीत आनंद साहू, अजय चौधरी, शशि रंजन, बैद्यनाथ शर्मा, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय, राजीव मेहता, सत्येंद्र कुमार सिंह, शरीफ रंगरेज, मो. शाहनवाज सहित अन्य नेता मौजूद रहे।




# कायस्थ एकजुटता समय की मांग : राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/पटना।** जमुई में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित कायस्थ महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थ एकजुटता आज समय की मांग है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ राजेंद्र प्रसाद, स्व. लालबहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंदो, महाराजा ललितादित्य, महाराजा प्रतापादित्य, कृष्णदेव राय, पुलकेशिन द्वितीय, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, बालासाहेब ठाकरे आदि जैसी महान विभूतियों की संतानें अस्तित्व संकट के दौर से जूझ रही हैं। प्रशासन, पत्रकारिता, बार जैसे परम्परागत क्षेत्रों में भी चुनौतियां खड़ी हैं। राजनीतिक तौर पर तो सबसे ज्यादा मुश्किलें बढ़ रही हैं। कभी देश की अगुवाई करने वाली जाति आज हाशिये पर है। श्री प्रसाद ने कहा कि आज भी राज्य के 35 से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों में कायस्थ समाज की भूमिका निर्णायक हो सकती है, लेकिन इसके लिए एकजुटता एवं वोट ट्रांसफर की क्षमता बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक एवं अन्य तकनीकी संस्थानों का जाल बिछाया गया है। इसका लाभ कायस्थ समाज के छात्रों को उठाना चाहिए वहीं नौकरी एवं रोजगार के पचास लाख अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और स्टार्टअप, उद्यमी योजना एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े कायस्थों को अन्य जातियों के साथ ही छोटे उद्योगों के लिए दो लाख रुपये का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। समाज को इन फैसलों का लाभ लेने के लिए सक्रिय होना चाहिए और आवश्यकता के अनुसार जीकेसी से निःशुल्क परामर्श भी लेना चाहिए। इस अवसर पर संबोधित करने वाले पदाधिकारियों में प्रमुख थे प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन, प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ नम्रता आनंद, दीप श्रेष्ठ, राहुल मणि, नीलेश रंजन, मुकेश महान, बलिराम श्रीवास्तव, रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ सरोज कुमार सिन्हा, भाष्कर, मनोरंजन कुमार सिन्हा, आतोष कुमार सिन्हा आदि। सभा की अध्यक्षता राकेश मणि एवं संचालन जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर गौतम कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, भूपेंद्र कुमार, डॉ मनोज कुमार सिन्हा, सत्येंद्र सिन्हा, डॉ अमित रंजन, डॉ मनीषा रंजन, विवेक कुमार, नेहा मणि आदि उपस्थित थे।





# कांग्रेस आज बाबा साहेब के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही : डा.दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में रविवार को बिहार रविदास विकास संघ परिवार की ओर से 'दलित महापंचायत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अंबेडकर के सम्मान में आयोजित इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पितकर उन्हें नमन किया। इस महापंचायत का डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय कुमार दास, लाल बाबू प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। डॉ. दिलीप जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार दलित समुदाय के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ने 65 साल तक इस देश में शासन किया, लेकिन उसने गरीब को गरीब ही बनाकर रखा। गरीब को आगे बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। गरीबी हटाओ के नारे के साथ कांग्रेस सत्ता तक पहुंचती रही, लेकिन कभी भी उनकी प्राथमिकता गरीब नहीं रहे। गरीब को गरीब बनाकर रखना ही कांग्रेस की फितरत रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस देश को गुमराह करने का काम किया। इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि जिस बाबा साहेब ने संविधान के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई जिन्होंने गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया, उन बाबा साहेब को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब को बराबर अपमानित करने का काम किया, जिसे देश नहीं भूला है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि इतिहास बताता है कि जब बाबा साहेब का निधन हुआ तब भी उनके अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली में दो गज जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई, यही नहीं शव को ले जाने के लिए उनकी पत्नी से भाड़ा वसूल किया गया।

# हमारी सरकार बनी तो ताड़ी शराबबंदी कानून से अलग होगी : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से अलग किया जाएगा। ताड़ी व्यवसाय पर चल रहे मुकदमों को वापस लिया जाएगा और इसे उद्योग का दर्जा दिया जाएगा। तेजस्वी यादव पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन सभागार में आयोजित ताड़ी व्यवसायी महाजुटान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार में रहने के दौरान कई बार लालू प्रसाद और मैंने शराबबंदी कानून से ताड़ी के व्यवसाय को अलग करने की बात की थी, लेकिन मुख्यमंत्री के जिद के कारण यह संभव नहीं हो सका, लेकिन अब हमारी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से अलग कर दिया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि उद्योग का दर्ज़ा मिलने से इस व्यवसाय में लगे लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। कार्यक्रम में राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, सांसद संजय यादव, पूर्व सांसद भूदेव चौधरी, पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी, राजा चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# आंखों के इलाज के अलावा सामाजिक कार्यों में भूमिका निभाता है नेत्रालय : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मानव शरीर के लिए सबसे बहुमूल्य अंग होता है आंख और इसके बिना जिंदगी अधूरी मानी जाती है क्योंकि आंख ही हमें सुख दुख की सच्ची अनुभूति कराता है। यह कहना है प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी का। संजय सरावगी रविवार को राजधानी के बहादुरपुर स्थित बालाजी नेत्रालय में नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा नेत्रालय आंख के उपचार के साथ-साथ सामाजिक कार्य में भी अपनी भूमिका निभाता है। पहले 50 के ऊपर के लोगों को आंख में समस्या आती थी अब नई तकनीक की वजह से लोगों की आंखें कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा बिहार एक ऐसा राज्य है जहां सभी राशन कार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी बेहतर हो रही है कि यहां नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। बड़े-बड़े अस्पतालों की यहां शाखाएं खुल रही है जिसके चलते अब लग रहा है कि आने वाले समय में बिहार से कोई भी मरीज को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर अस्पताल के संस्थापक एवं निदेशक डॉ शशि मोहन ने कहा कि यह अस्पताल लोगों की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध है और यहां हर चौथे रविवार को निशुल्क चिकित्सा के साथ-साथ मरीजों के लिए दवाई चश्मे को भंडारे के भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जहां भी कोई भी व्यक्ति नजर आए जिसके पास पैसा नहीं भी हो उसे बालाजी नेत्रालय लाइन हम उनका फ्री में आंख का इलाज करेंगे।




# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया भगवत भंडारा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा श्रीमद भगवतगीता फाउंडेशन के सौजन्य से हाजीपुर के सदर अस्पताल परिसर में भगवत भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में मरीजों, परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ। इस भंडारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि इस भंडारे का आयोजन हर सप्ताह किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, सचिव डॉ. अमिताभ बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, निशांत गांधी, दीपक सराफ, अनुराधा सराफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री जीण माता सेवा समिति ने किया भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा आज श्री जीण माता मंगलपाठ एवं भजन संध्या का आयोजन दिन में दो बजे से बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में राजस्थानी महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। मौके पर अध्यक्ष श्रवण गोयनका ने बताया कि जीण माता मंगलपाठ का पटना में यह पांचवां वार्षिकोत्सव हो रहा है। मौके पर समिति के सह सचिव सुभाष चौधरी ने बताया कि जीण माता देवी रुप में प्रकट नहीं हुई थी, बल्कि मनुष्य से देवी रुप में परिवर्तित हुई थी। इनकी चमत्कारी शक्ति ऐसी है कि इन्हें शक्तिपीठ की तरह पूजनीय माना जाता है। जीण माता का प्रसिद्ध मंदिर सीकर जिले में रेवासा से लगभग 10 कि.मी. दूर है। मौके पर जीण माता मंगलपाठ में 701 महिलाओं ने राजस्थानी वेश-भूषा पाठ किया। महिलाओं ने जीण माता फूलों एवं गजरा से श्रृंगार किया तथा जीण माता को चुनरी ओढ़ाई। मंगलपाठ के साथ ही मौके पर कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध जीण माता भजन गायक केशव मधुकर ने अपने भजनों से सभी भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों तथा 'न्याय के साथ विकास' की सोच से प्रभावित होकर रविवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सकलदेव दास के नेतृत्व में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जदयू का दामन थामा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी नए साथियों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह, पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, जमुई जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो तथा मीडिया पैनलिस्ट महेश दास सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने मौके पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जदयू परिवार में शामिल हुए सभी नए साथी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'न्याय के साथ विकास' की धारा को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

# इएनटी कैम्प में सौ से अधिक मरीजों ने जांच कराई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजेंद्रनगर रोड न. 7 स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में निःशुल्क इएनटी कैम्प आयोजित हुआ। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि आज के इस इएनटी जांच शिविर में इएनटी विशेषज्ञ डा. वंदना शर्मा ने करीब सौ मरीजो को देखा। डॉ शर्मा ने बताया कि सबसे अधिक कान के मरीज आये। इसके बाद नाक से संबंधित बीमारी के मरीज आये। डॉ शर्मा ने बताया कि अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण के कारण नाक, कान के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इसके इएनटी के अतिरिक्त प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा भी करीब 50 से अधिक मरीजों को देखा गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि सभी मरीजों को सोसाइटी की ओर से निःशुल्क दवा भी दी गई तथा पैथोलॉजी जांच भी की गई। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सोमवार 28 अप्रैल को सोसाईटी में निःशुल्क फाइब्रो स्कैन कैम्प आयोजित होगा। इसमें पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा मरीजों के संपूर्ण लिवर का स्कैन कर बीमारी का पता लगाया जाएगा।



CMYK

## संपादकीय

# विकास दर की गिरावट पर विश्व बैंक की चेतावनी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और आर्थिक सहयोग विकास संगठन के बाद विश्व बैंक ने जिस तरह भारत के वृद्धि अनुमान में 0.5 फीसद तक की कटौती की है, उससे बहुत निराश होने की जरूरत नहीं है। मगर सवाल यह है कि जब हम भारत को अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे कर रहे हैं, तो आखिर क्या वजह है कि वृद्धि अनुमान बार-बार डगमगाते दिखते हैं। यह सच है अमेरिका की नई व्यापार नीति के बाद छिड़े शुल्क संग्राम के बीच दुनियाभर में अनिश्चितता का माहौल है। चीन से उसका टकराव बढ़ने से स्थितियां बिगड़ी ही हैं। वहीं पिछले एक दशक में आए कई झटकों की वजह से पूरे दक्षिण एशिया के देशों के पास मौजूदा वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए सीमित उपाय ही हैं। इस बीच वैश्विक एजंसियों ने भारत का वृद्धि अनुमान घटा कर एक तरह से हमें सचेत किया है। हालांकि यह उम्मीद अब भी है कि देश तेजी से बढ़ रही दुनिया का प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने पर भी भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2-6.7 की दर से बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक को भी उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ती रहेगी। भारत के आर्थिक विकास में गिरावट की जो वजहें बताई जा रही हैं, उनमें नीतिगत अनिश्चितता तो है ही, वहीं सार्वजनिक पूंजी निवेश भी घटा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में हम उम्मीद से कम विकास कर पाए हैं, तो इसे गंभीरता से लेना होगा। उद्योग, कृषि-व्यापार और कई क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के दौरान हमें यह भी देखना होगा कि विकास के क्रम में अगर आम आदमी पीछे छूट रहा है, तो इसका क्या कारण है। चिंता की बात है कि उपभोग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए करों में कटौती और कई बदलावों के बावजूद निजी निवेश की गति मंद पड़ रही है। समाज का अंतिम जन आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हमें इस पर सोचना होगा, क्योंकि अर्थव्यवस्था की धुरी में उसकी भी उपस्थिति है। ऐसी कुछ नाउम्मीदियों के बीच भी यह उम्मीद बाकी है कि देश आगे बढ़ता रहेगा।

**आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था। मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है। लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव है जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायती राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।**

# सशक्त पंचायतों से ही बनेगा विकसित राष्ट्र

(रमेश सर्राफ धमोरा)

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था। मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है।

भारत गांवो का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धूरी है। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक देश कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक भारत विकसित राष्ट नहीं बन पाएगा। गांव में सुशासन स्थापित करने के लिए ही ग्राम पंचायत की स्थापना की गई थी। हमारे देश के नेताओं को ग्रामीण पृष्ठभूमि का पूरा ज्ञान था। इसलिए उन्होंने गांव के महत्व को समझकर ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की थी। उनको पता था कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा। गांव को मजबूत करने के लिए यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य था।

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था। मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है। लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव है जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायती राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायती राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायती राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायती राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है।

भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकतें है। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायते वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायतें पूरी तरह राज्य सरकारों पर निर्भर है। कहने को तो ग्राम पंचायतों को बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए हैं। मगर आज तक भी अपने अधिकारों का ग्राम पंचायतें प्रयोग नहीं कर पाती है। आज भी देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी प्रभावी रहते हैं।

ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था लागू होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आती है। उनमें से कई महिलाएं तो वास्तव में बहुत अधिक पढ़ी लिखी होने के कारण पूरी जानकारी रखती है। इस कारण वह अपने अधिकारों का पूरा प्रयोग कर लेती है। मगर अधिकांशतः आरक्षण के कारण गांवो में प्रभावी नेता अपने परिवार की किसी महिला को पंच, सरपंच बनवा देते हैं। फिर उनके स्थान पर खुद नेतागिरी करते हैं। वहां की निर्वाचित महिलाएं मात्र कागजी जनप्रतिनिधि बन कर रह जाती है। बहुत से स्थानों पर तो महिला सरपंचों के हस्ताक्षर भी उनके स्थान पर काम करने वाले उनके परिजनों द्वारा ही कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत राज व्यवस्था के मजबूत होने की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार बार-बार परिपत्र जारी कर सरपंच के प्रतिनिधियों को पंचायतों के कार्यों में हस्तक्षेप करने से मना करती है। मगर धरातल में सरकार के परिपत्र मात्र कागजी बन कर रह जाते हैं।

देश में आज चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो या जिला परिषद हो। जहां भी महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आती है। उनके स्थान पर उनके परिजन ही कार्य करते देखे जा सकते हैं। सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को कड़ाई से इस पर रोक लगाई जानी चाहिए ताकि महिलाओं को भी अपने पद पर काम करने का मौका मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि निर्वाचित पंच, सरपंच पंचायतों की बैठक में घूंघट निकाल कर बैठते हैं। क्योंकि वहां उनके ससुराल वाले बड़े परिजन की बैठे रहते हैं। आज देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने काम से धूम मचा रही है। अब तो सेना को भी महिलाओं के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का घूंघट निकाल कर बैठना सभ्य समाज के लिए किसी दुखद घटना से कम नहीं है। सरकार को ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती बरतनी चाहिये।



पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। सही मायने में पंचायती राज ने महिलाओं को समाज का एक विशेष सदस्य बना दिया है। लाखों महिलाऐं सार्वजनिक जीवन में आयी हैं। लेकिन अधिकतर निर्वाचित महिलाओं को निर्वाचक सदस्य होने के विषय में पूर्ण जानकारी भी नहीं है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण वह प्रभावी नहीं हो पाती हैं। तथा उन्हे यह भी ज्ञान नहीं होता है कि वह एक कुशल प्रशासक भी हो सकती हैं।

घूंघट में रहना लोकतंत्र और औरत जाति के लिए एक चुनौती है। समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है लेकिन औरतो के प्रति लोगों की सोच अभी तक नहीं बदली है। राजनीति घूंघट में रह कर नहीं हो सकती। इसके लिए बेबाक होना पड़ता है। जब औरतें किसी कार्यक्रम में मंच पर घूंघट निकाल कर बैठेंगी तो वहां के हालात बड़े अजीबोगरीब हो जाते हैं। औरतों को अपने से कमतर मानने की सोच के चलते ही उन के चेहरे से परदा नहीं हट पा रहा है। लोकतंत्र की सबसे छोटी संसद पंचायती राज में हालांकि महिलाएं 50 फीसदी सीटों पर काबिज हैं। लेकिन इन महिला जनप्रतिनिधियों में से कई पढ़ी-लिखी होने के बाद भी ग्राम पंचायत की मिटिंगों में घूंघट में बैठी रहकर जुबान ही नहीं खोलतीं है।

क्या ऐसी स्थिति के लिए ही पंचायत राज को मजबूती देने का निर्णय किया गया था। क्या इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने के बाद भी हमारे देश की महिला जनप्रतिनिधियो को घूंघट की ओट में ही जीने को विवश होना पड़ेगा। यह एक बड़ा सवाल है जिसे ना सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियो को गंभीरता से लेना पड़ेगा बल्कि राजनेताओ व प्रशासनिक अधिकारियों को भी सरपंच पतियो के बढ़ते हस्तक्षेप पर प्रभावी अंकुश लगाना होगा। औरतों के सिर से घूंघट हटाने के लिए लड़कियों के मातापिता को आगे आना होगा। उन्हें अपनी बेटियों की शादी उसी परिवार में करनी चाहिए जहां घूंघट का बंधन नहीं हो। घूंघट में रह कर औरतें अपनी जिंदगी के तानेबाने को कैसे बुन सकती हैं? घूंघट में रह कर राजनीति या समाजसेवा नहीं की जा सकती।

आज के समय में ग्राम पंचायते पैसे कमाने का जरिया बन गई है। पंचायत चुनाव में बड़ी मात्रा में पैसे खर्च होते हैं। चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित सरपंच द्वारा जनसेवा के बजाय पैसे कमाने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इस कारण निर्वाचित जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के सामाजिक सरोकार के कामों को भूल कर निर्माण कामों में व्यस्त हो जाते हैं। अपनी पंचायत में अधिक से अधिक निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने के लिए सरपंच विधायकों, सांसदों के चक्कर काटते रहते हैं। जिस कारण वह उनके दबाव में काम करते हैं। पंचायती राज व्यवस्था को सही मायने में सशक्त बनाने के लिए सरकार को सभी प्रकार के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों से हटाकर संबंधित विभागों से करवाया जाना चाहिए ताकि सरपंच जनता से जुड़ कर उनकी समस्याओं का सही मायने में समाधान करवा सकें। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# कुएं पर खड़ी प्यास



(अक्षय शुक्ला)

गर्मियां शुरू हुई नहीं कि देश भर से जलसंकट की खबरें आने लगी हैं। सबसे ज्यादा ध्यान खींचा महाराष्ट्र में नासिक के एक गांव से आए विडियो ने, जहां एक सूखे कुएं के आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं हाथ में घड़े लिए खड़ी हैं। ये तीन से चार किलोमीटर दूर से तपती धूप में यहां पानी की आस लिए आई हैं।

**नासिक ही नहीं, पश्चिमी विदर्भ और मराठवाड़ा के कई गांवों की यही कहानी है। यहां के तमाम कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं। अप्रैल में ही यह हाल है तो मई, जून की भीषण गर्मी में क्या होगा। यह कोई पहली बार नहीं, जब इन इलाकों में यह हाल हुआ है।**

इनमें से कुछ अपनी जान जोखिम में डालकर गहरे कुंए में घड़े और बाल्टी लेकर उतरती दिख रही हैं। काफी नीचे जाने पर पानी का एक डबरा सा है, बस उसी से इन सबको काम चलाना है। वह पानी इतना मटमैला दिख रहा है कि पीना तो दूर, कोई नहाने का भी न सोचे। लेकिन यहां के सैकड़ों परिवारों के लिए यह अमृत के समान है।

नासिक ही नहीं, पश्चिमी विदर्भ और मराठवाड़ा के कई गांवों की यही कहानी है। यहां के तमाम कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं। अप्रैल में ही यह हाल है तो मई, जून की भीषण गर्मी में क्या होगा। यह कोई पहली बार नहीं, जब इन इलाकों में यह हाल हुआ है। पिछले अनेक वर्षों से वहां से ऐसी ही तस्वीरें आ रही हैं, पर आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं खोजा गया।

यह हाल तब है, जब हमारे यहां प्राकृतिक जल संसाधनों की कोई कमी नहीं। उन देशों का सोचिए, जहां प्राकृतिक जल स्रोत बहुत सीमित हैं। जैसे सिंगापुर, लेकिन इसके बावजूद उसने अपनी बड़ी आबादी के लिए क्या गज़ब इंतज़ाम कर रखे हैं। ये ठीक वैसे ही हैं, जैसे हमारे पूर्वज किया करते थे। यानी बड़ी बावड़ियों और जलाशयों के ज़रिए जल संरक्षण। सिंगापुर में वर्षा जल के संग्रह के लिए जलायशों का बड़ा नेटवर्क है। इसके अलावा वहां वॉटर रीसाइक्लिंग प्लांट के ज़रिए सीवेज और समुद्र के पानी को भी इस्तेमाल करने लायक बनाया जा रहा है।

अभी वह 1962 में हुए समझौते के तहत मलेशिया से भी पाइपलाइन के ज़रिए जल आयात करता है। यह करार 2061 में समाप्त हो जाएगा, तब तक सिंगापुर ने पानी के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य तय कर लिया है।

इससे भी बुरा हाल खाड़ी के शुष्क देशों का है, जहां पानी का कोई प्राकृतिक स्रोत नहीं। ये भी बारिश के पानी का संचय कर और समुद्री पानी को रीसाइकल कर अपनी ज़रूरतें पूरी करते हैं।

रेगिस्तान और अत्यधिक गर्म जलवायु वाले ये देश जब पानी की अपनी ज़रूरतें पूरी कर पा रहे हैं तो हम क्यों नहीं। हमारे यहां तो प्रकृति कितनी मेहरबान है। पूरे देश में उत्तर से दक्षिण तक इतनी सारी नदियां बहती हैं। मॉनसून पूरे चार महीनों तक अपनी कृपा बरसाता है। पर दिक्कत यह है कि हम इसका सदुपयोग नहीं कर पाते हैं। नदियों का पानी निचोड़ कर और उसमें अपना सीवेज डालकर उन्हें मार रहे हैं तो वहीं बरसात के पानी को बचा नहीं पा रहे।

इस साल फिर अच्छे मॉनसून की संभावना जताई गई है। कुदरत से मिलने वाले इस भंडार को हम बचाकर रख लें तो साल भर की ज़रूरतें पूरी हो सकती हैं। इतनी सिंपल बात हम और आप समझते हैं, पर हमारे ज़िम्मेदार क्यों नहीं? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# मुर्शिदाबाद बनाम हिन्दुस्तानीयत

**मुर्शिदाबाद से शुरू करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा नया वक्फ कानून लागू करने के बाद भड़के दंगों ने वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं का जीना मुहाल कर रखा है। हालात कितने खराब हैं, यह जानने के लिए एक पीड़ित परिवार की आपबीती सुनिए। मुर्शिदाबाद जिले के जाफराबाद में चाय की दुकान चलाने वाले हृदय दास और उनकी पुत्रवधू सुचरिता सरकार ने जब हिन्दुस्तान संवाददाता को झारखंड-बंगाल की सीमा पर बसे राजमहल में अपनी आपबीती सुनानी शुरू की, तो उनका शरीर कांप रहा था। उनकी डबडबाई आंखों में पसरा भय साफ पढ़ा जा सकता था।**

(शशि शेखर)

बरसों पहले स्वर्गीय कमलेश्वर का उपन्यास पढ़ा था- कितने पाकिस्तान। वह उस रचना के जरिये हम भारतीयों की विभाजक, विभेदक और सत्तावादी सोच को उजागर करने में कामयाब रहे थे। मुर्शिदाबाद से बड़ी संख्या में लोगों के पलायन के बाद से यह सवाल मेरे मन को रह-रहकर मथ रहा है कि हम अपने अंदर छिपी इस विभाजन ग्रंथि से कब छुटकारा पा सकेंगे? क्या हम अपने देश में बहुमत की जगह बहुसंख्यकों का राज स्थापित करना चाहते हैं, जिसमें जो वर्ग जहां बहुलता में हो, वहां सिर्फ उसी को रहने का हक हासिल होगा?

मुर्शिदाबाद से शुरू करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा नया वक्फ कानून लागू करने के बाद भड़के दंगों ने वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं का जीना मुहाल कर रखा है। हालात कितने खराब हैं, यह जानने के लिए एक पीड़ित परिवार की आपबीती सुनिए। मुर्शिदाबाद जिले के जाफराबाद में चाय की दुकान चलाने वाले हृदय दास और उनकी पुत्रवधू सुचरिता सरकार ने जब हिन्दुस्तान संवाददाता को झारखंड-बंगाल की सीमा पर बसे राजमहल में अपनी आपबीती सुनानी शुरू की, तो उनका शरीर कांप रहा था। उनकी डबडबाई आंखों में पसरा भय साफ पढ़ा जा सकता था।

वे शुरू करते हैं- वह 12 अप्रैल की सुबह थी। आम दिनों की तरह वहां रहने वाले 170 दलित परिवार सुबह उठकर दिन भर के काम-काज के लिए खुद को तैयार कर रहे थे कि अचानक दर्जनों हथियारबंद लोगों ने हम पर हमला बोल दिया। जिन घरों के दरवाजे बंद थे, उन पर पथराव शुरू हो गया और जो बदनसीब दरवाजा खोलता या गली अथवा सड़क पर मिल जाता, उसकी तो शामत ही आ जाती। मुझे भी किसी ने बताया कि पड़ोस में स्थित मेरी दुकान पर तोड़फोड़ की गई है, लेकिन मैं चुप्पी साधे घर के अंदर दुबका रहा।

हृदय दास आगे बताते हैं- घरों पर पत्थर बरस रहे थे। बाहर लोग मारे-पीटे जा रहे थे। मेरा भाई हरगोविंद और भतीजा चंदन भी छिपने की कोशिश कर रहे थे कि भीड़ की नजर उन पर जा पड़ी। उन्हें जबरन घसीटकर सड़क पर गिरा दिया गया। डंडों, लाठियों, तलवारों से जब उनका मन नहीं भरा, तो उनके चेहरे ईंट से कुचल दिए गए। उपद्रवी जाते-जाते धमकी दे गए- अब अगर लौटकर आए, तो साफ कर दिए जाओगे। देखते हैं, प्रशासन से कौन माई का लाल तुम्हें बचाने आता है!



थर्राती सुचरिता सरकार हाथ जोड़कर कहती हैं कि अब हम कभी लौटकर वहां नहीं जाएंगे। ऐसी बहुत सी दास्तानें मुर्शिदाबाद, 24 परगना और आस-पास के जिलों में बिखरी पड़ी हैं। इन पीड़ितों का एक ही सवाल है कि समय रहते हमारी रक्षा के लिए कोई क्यों नहीं आया? उनका वक्फ कानून से कोई वास्ता न था। वक्फ क्या है और उसकी रीति-नीति में बदलाव क्यों जरूरी या गैर-जरूरी हैं, इससे वे अनजान हैं। मुझे लगता है कि वक्फ और उसके नए कानून को लेकर बलवाई भी इतने ही नावाकिफ रहे होंगे। इसके बावजूद उन्होंने अपने पड़ोसियों के रक्त से हाथ रंगे। क्यों?

सवाल जायज है, लेकिन जिन पर रक्षा की जिम्मेदारी है, वे राजनीति का खेल खेलने में व्यस्त हैं। 'लौह महिला' ममता बनर्जी इस सूबे की मुख्यमंत्री हैं। सोमवार को एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि देश में कानून हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं। वह बजा फरमाती हैं, लेकिन अब जब कानून हाथ में लिया जा चुका है, तब उनकी सरकार इसके दोषियों से कैसे निपटेगी? वह जानती हैं, यह काम आसान नहीं है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के कुछ खास हिस्सों में सांप्रदायिकता का कोढ़ बरसों से पनप रहा था, अब उसके फफोले फूट चले हैं। दंगाई यहां के रहने वाले हैं या कहीं बाहर से आए, पर यह तय है कि वे जानते हैं कि हमारे वोट कीमती हैं और वे उसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी, जो कभी ममता बनर्जी के लेफ्टिनेंट हुआ करते थे, का दावा है कि अशांति से निपटने में राज्य सरकार अक्षम है। इसे बर्खास्त किया जाना चाहिए। इसके जवाब में तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष आरोप लगाते हैं कि मुर्शिदाबाद की हिंसा के पीछे केंद्रीय एजेंसियों और कुछ पार्टियों की मिलीभगत है।

अफसोस, बरसों से जारी इस खेल में हर बार सिर्फ शोषक और शोषित के चेहरे बदलते हैं, पर सियासी नेताओं के बयान एक जैसे रहते हैं। भरोसा न हो, तो पिछले 50 साल की बड़ी घटनाओं और विभाजनों पर नजर डाल देखिए। 1970 के अंत और 80 के दशक की शुरुआत असम में हिंदीभाषियों पर अत्याचारों से हुई थी। उस वक्त वहां से बड़ी संख्या में लोगों को पलायन करना पड़ा था।

उसी दौरान आतंकग्रस्त पंजाब से भी तमाम हिंदुओं को भागना पड़ा। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद नवंबर 1984 में जो दंगे हुए, उसमें सिखों की शामत आई थी। उत्तर प्रदेश में मलियाना और बिहार में भागलपुर जैसे कांड मुसलमानों पर भारी पड़े थे। भागलपुर कांड के बाद वहां से रेशम के कई कारीगरों ने जो रुखसती ली, उसके बाद वे लौटे ही नहीं। 1990 का दशक कश्मीरी पंडितों की शामत लेकर आया था। यह हत्भागी सूची लंबी है।

इस शताब्दी के शुरुआती दो दशकों में हालात सुखद तौर पर सुधरे जरूर, लेकिन पिछले बरस मणिपुर की हिंसा ने पुराने जख्म फिर हरे कर दिए। यहां घर छोड़ने वालों में ज्यादातर ईसाई थे। जरा गौर करें। हिंसा की इन जलील घटनाओं में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी प्रभावित हुए। कहीं वे शोषक थे, कहीं शोषित। साफ है, यह पलायन धर्म से अधिक बहुसंख्यावादी प्रवृत्ति का मामला था, मजहब का तो बस इस्तेमाल किया गया। एक पत्रकार के नाते मैं इनमें से अधिकांश का प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं। पहले इस बात का संतोष रहता था कि कुछ समय गुजर जाने के बाद हालात सम्हल जाते थे। ऐसा लगता था कि हिन्दुस्तानीयत उस दरिया की तरह है, जिसके बहाव को कोई तलवार से काटने की कोशिश करे, तो पल भर में ही जलधार पूर्ववत हो जाती है, लेकिन पिछले कुछ बरसों से हमारे जीवन में सोशल मीडिया की बढ़ती दखल ने हालात बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है।

इस दौर में अलगाववादियों, अफवाहबाजों और अनर्थकारियों की बन आई है। हमारे राजनेता भी इन अंगारों पर तरह-तरह से घी डालने को उत्सुक रहते हैं। सिर्फ सांप्रदायिकता ही नहीं, क्षेत्रवाद और भाषा को अलगाव की वजह बनाया जा रह है। जो लोग कभी देश के लिए मर-मिटने को तत्पर रहते थे, वे आज इन मुद?दों पर टकराते नजर आते हैं। सवाल उठता है, हम एक हिन्दुस्तान में कितने हिन्दुस्तान बनाना चाहते हैं?

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम की घटना पर केंद्र करे बड़ी कार्रवाई

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने आंतकी घटना को ह्रदय विदारक नरसंहार करार देते हुए केंद्र सरकार से बडी कार्रवाई की मांग की है।

### विश्व ब्राह्मण संघ ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त जिहादी आतंकवादियों ने जानलेवा हमला में 28 हिन्दू पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। इस कड़ी में विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन रामगढ़ की ओर से होटल मनोहर रेसीडेंसी के सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, झारखंड उपाध्यक्ष नवीन पाठक, अशोक कुमार पांडेय, मुना मिश्रा, अरुण बनर्जी, अजय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### गर्मी आते ही सूखने लगे ब्लड बैंक, खून की बढ़ने लगी किल्लत

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी के कारण जिले में सिर्फ पानी का संकट ही नहीं है, बल्कि जिले के ब्लड बैंक भी सूखने लगे हैं। जमशेदपुर ब्लड बैंक जिले में खून उपलब्ध कराने वाला सबसे बड़ा केन्द्र हैं। यहां सलाना करीब 60 हजार यूनिट खून एकत्रित होता है। इसमें सर्दी के मौसम में हर महीने करीब 6 हजार यूनिट रक्त एकत्रित होता है और गर्मी में दो हजार यूनिट प्रति माह पर सिमट जाता है। इसके कारण जरूरतमंद मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए ब्लड बैंक ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले महीने से 5000 की जगह 2000 यूनिट ब्लड का ही संग्रह हो पा रहा है।

**रेडक्रॉस ने भी संस्थाओं से की अपील**

इसमें सहयोग करने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी ने भी तैयारी शुरू कर दी है। 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के लिए भी विशेष प्रयास किया जा रहा है। रेडक्रॉस सोसाइटी ने तैयारी के पहले चरण में सभी रक्तदाताओं के साथ, स्थानीय कंपनियों, रेडक्रॉस की सहयोगी समाजसेवी संस्थाओं को रक्तदान शिविर के विषय में सूचित कर उन्हें इस अवसर पर अपने पदाधिकारियों कर्मियों के साथ शामिल होने व सहयोगी बनने की अपील की। रेडक्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि जिस प्रकार गर्मी शुरू हुई है, उसे देखते हुए रक्तदाताओं को अभी से तैयार होना होगा। मार्च एवं अप्रैल में रक्तदान शिविरों के आयोजन के कारण ब्लड सेंटर में रक्त की उपलब्धता से अप्रैल तक की जरूरतें पूरी हो जा रही हैं, लेकिन मई, जून एवं जुलाई के लिए रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर महत्वपूर्ण होगा। मई में रेडक्रॉस द्वारा 4 रक्तदान शिविरों के आयोजन के साथ ही 8 मई से 8 अगस्त तक त्रैमासिक ग्रीष्मऋतु रक्त संग्रहण अभियान के तहत 20 रक्तदान शिविर से 3 हजार यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। यह रक्त न सिर्फ पूर्वी सिंहभूम, बल्कि कोल्हान के तीनों जिलों के जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

### सिविल सर्जन ने दिया दो हफ्ते में सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल को वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस, अटल क्लीनिक में विद्युत एवं पेयजल कनेक्शन, सभी मोहल्ला क्लीनिकों में चिकित्सा सामग्री व उपकरण उपलब्ध कराने और मोहल्ला क्लीनिकों का समय दोपहर दो बजे तक करने के लिए कहा है। सरयू राय ने सिविल सर्जन को एक पत्र लिखा है जिसे शनिवार को स्वास्थ्य सुविधा प्रतिनिधि नीरज सिंह ने सिविल सर्जन को सौंपा। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों पर पत्र में बात की गई है, उन समस्याओं के समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। सिविल सर्जन ने नीरज सिंह से कहा कि अस्पताल के पास वेंटिलेटरयुक्त एंबुलेंस है, लेकिन सरकार की तरफ से तकनीकी विशेषज्ञ नहीं दिया गया है। उन्होंने कदमा स्थित रानी कुदर अटल क्लीनिक में बिजली और पानी के कनेक्शन के संबंध में बताया कि जुस्को में बिजली के लिए आवेदन किया है। सिविल सर्जन ने नीरज सिंह से कहा कि वे सभी मोहल्ला क्लीनिकों में टीकाकरण और एचआईवी किट की व्यवस्था में लगे हुए हैं। ईएनटी का चिकित्सक नहीं है। इसके लिए मुख्यालय से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो हफ्ते में सारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। इस पर नीरज सिंह ने उनसे कहा कि वे अब दो हफ्ते के बाद जांच करेंगे कि समस्याओं का समाधान हुआ या नहीं। इस मौके पर नीरज सिंह के साथ अशोक कुमार, संजीव मुखर्जी, सन्नी सिंह, दीपू सिंह आदि मौजूद रहे।

### दलमा में तितली महोत्सव शुरू, 109 ने कराया रजिस्ट्रेशन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड का पहला तितली महोत्सव शनिवार से दलमा अभयारण्य में शुरू हुआ। नेशनल डॉल्फिन रिसर्च सेंटर के अंतरिम निदेशक डॉ. गोपाल वर्मा, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व डीन डॉ वीपी यूनियल आदि के द्वारा विद्यार्थियों को तितलियों की पहचान, रहन-सहन, खान-पान और प्रजनन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तितली महोत्सव में शामिल होने के लिए देशभर से स्कूल-कॉलेज व विश्वविद्यालयों के 109 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इससे पूर्व महोत्सव का उद्घाटन वन सचिव अबू बकर सिद्दीख पी और पीसीसीएफ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) एसआर नटेश, आरसीसीएफ स्मिता पंकज, डीएफओ सबा आलम अंसारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान इको विकास समिति की महिलाओं द्वारा बनाए गए महुआ के अचार और पत्तों से बनाए गए पत्तल को लॉन्च किया गया।

### चाय में पति-पत्नी ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के एकारी गांव में एक दंपती ने अनजाने में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया गया। पीड़ितों की पहचान खुशबू कुमारी (24) एवं हेमंत कुमार (25) के रूप में हुई है। उपचार के दौरान दंपती ने बताया कि वे चाय पी रहे थे, इसी दौरान गेहूं में रखे सल्फास टैबलेट का एक टुकड़ा टूटकर चाय में गिर गया, जिसे अनजाने में पीने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई।

# जन सुराज सरकार बनी तो हर युवा को मिलेगा रोजगार : मनोज भारती

**शिक्षा, संगठन व संघर्ष से ही साकार होगा डॉ अंबेडकर का सपना: मनोज भारती**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





छपरा (सारण)। जन सुराज के तत्वावधान में रविवार को जलालपुर प्रखंड के अनवल गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा सह अंबेडकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने की, संचालन नवनीत यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विनोद मांझी ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ जन सुराज नेता उदय शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा चार के छात्र युवराज बाबू ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि इंडोनेशिया 19वें स्थान पर है। इसके बावजूद वहां 12वीं कक्षा तक की शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है, लेकिन हमारे देश में अब भी यह सपना अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का स्पष्ट संदेश था - शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो। आज भी यही मूल मंत्र हमें आगे ले जा सकता है। जब तक समाज का हर बच्चा शिक्षित नहीं होगा, तब तक सशक्त राष्ट्र का सपना अधूरा रहेगा। शिक्षा वह औजार है, जो हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का साहस देती है। हमारी प्राथमिकता होगी कि बिहार के हर गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई बच्चा साधनहीनता के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। मनोज भारती ने यह भी घोषणा की कि जन सुराज की सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। किसानों को नकदी फसलों के लिए मनरेगा योजना के तहत मुफ्त मजदूर उपलब्ध कराए जाएंगे। जीविका समूहों को 4% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण दिया जाएगा ताकि वे अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकें। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जन सुराज सरकार बनने के बाद किसी भी युवा को रोजगार के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। उनके गांव व शहर के निकट ही उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराई गई जातीय जनगणना पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय था, लेकिन सही नीतियों के अभाव में वह अब तक पूरा होता नहीं दिख रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जन सुराज के सत्ता में आते ही हर वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा घोषणा के बावजूद 18 साल बीत गए, लेकिन परिवारों को तीन डिसमिल घर बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का वादा अभी तक अधूरा है। कार्यक्रम में जन सुराज के अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अभय सिंह, खुर्शीद नैय्यर, उर्मिला देवी, अभिषेक तिवारी, सुरेश कुमार सिंह, इंजीनियर कुमार शिवम, नवनीत यादव, राहुल सिंह, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, विनोद मांझी, उदय शंकर सिंह, विकास कुमार सिंह, ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, मुन्ना साह, ललित तिवारी, राजनंदन, रमेश गिरि, युवराज प्रिय रंजन, कन्हैया सिंह, योगेंद्र पांडेय, श्रवण महतो, सीपी शर्मा, राजीव चौधरी, संगीत शिक्षक सीताराम साह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रांची रोड शीतला मंदिर की 22वें वर्षगांठ समारोह का शुभारंभ आज

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री श्री 1008 शीतला माता मंदिर की 22वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। जिसकी शुरूआत 28 अप्रैल और समापन 3 मई को होगा। इस दौरान आचार्य अमरकांत दुबे मंडली, अविनाश शास्त्री यज्ञ संपन्न कराएंगे। यह जानकारी आयोजन समिति अध्यक्ष अरुणा जोशी और संचालक सह सचिव रमा शर्मा ने संयुक्त रुप से दी। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से शामिल होने का आग्रह किया गया है। बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 7:30 बजे तक पूजा - अर्चना होगी। श्री श्री 1008 शीतला माता मंदिर के 22वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान पांच दिनों तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम होगा। इसके तहत 28 अप्रैल को सर्व प्रायश्चित प्रयोग, जल यात्रा, पचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, 29 अप्रैल को गणपत्यादि देवताओं का पूजन, वास्तु मंडपांग, प्रधान देवताओं का आह्वान एवं पूजन, सप्तशती पाठ एवं चंडी स्वाहाकार, 30 अप्रैल को दैनिक पूजन, पाठ, शीता माता का महाभिषेक एवं चंडी स्वाहाकार, आरती, 1 मई को दैनिक पूजन, चंडी पाठ, चंडी हवन, आरती, भगवती जागरण और 2 मई को दैनिक पूजन, समस्त वेदी सहित चंडी हवन, पूर्णाहूति एवं महाआरती के साथ यज्ञ का समापन होगा। अगले दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा।

## ज्वलनशील पदार्थों के खिलाफ आरपीएफ ने चलाया विशेष अभियान



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को सीवान जंक्शन रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में ज्वलनशील, विस्फोटक पदार्थों तथा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया. इस दौरान यात्रियों और स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों को ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर आदि ले जाने पर पूरी तरह रोक और इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया. आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे स्टेशन सीवान जंक्शन, प्लेटफॉर्म , सकुर्लेटिंग तथा गाड़ी संख्या 14005, 14006, 15707,15708,में ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ से बचाव हेतु एवं संरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया. इस दौरान ट्रेन की खिड़कियों पर साइकिल, हुक में फंसा कर दूध का बलटा लटकाने आदि की चेकिंग के साथ-साथ ट्रेनों में विस्फोटक ज्वलनशील पदार्थ एवं धूम्रपान आदि के संबंध में विशेष चेकिंग की गई एवं वाणिज्य स्टाफ से प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के टिकट को भी चेक करवाया गया. अभियान के क्रम में यात्रियों को इनसे होने वाले नुकसान एवं इनके दंडनीय अपराध होने के संबंध में बताते हुए जन जागरूक किया गया.अधिकारियों ने यात्रियों को बताया कि ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ ले जाना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है, जिससे न सिर्फ यात्री की जान खतरे में पड़ती है बल्कि अन्य यात्रियों और रेलवे संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंच सकता है.अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में माइकिंग की गई, पर्चे वितरित किए गए और यात्रियों से सहयोग करने की अपील की गई. आरपीएफ अधिकारियों ने ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर सघन चेकिंग भी की, जिसमें संदेहास्पद वस्तुओं की तलाश की गई.आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे. उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि यदि किसी को संदेहास्पद वस्तु दिखे तो तुरंत आरपीएफ या रेलवे स्टाफ को सूचित करें.

## हाजीपुर के होटल अनिमिका में सुधा नीर की डीलर मीट का अयोजन




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कंपनी द्वारा अयोजित इस पहली मीट में सभी डीलरो ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कंपनी की तरफ से इसके प्रमोटर सुनील सिंह, डायरेक्टर पुनीत खंडेलिया, सीईओ आतिश रंजन, सेल्स हेड हिमांशु पांडे, अकाउंट्स हेड दीपक कुमार,मनीष कुमार और प्रभात कुमार उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन और आतिश रंजन के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम आरम्भ हुआ और सबसे पहले कंपनी के प्रमोटर सुनील सिंह ने कंपनी के Vision और Goal के बारे में अपनी बात रखी। उन्होंने भविष्य में सुधा नीर को बिहार का नंबर 1 ब्रांड बनाने में हरसंभव योगदान देने का आश्वासन दिए। तत्पश्चात पुनीत खंडेलिया ने कंपनी की वर्तमान स्थिति और भविष्य के प्लान को सभी डीलर बंधुओं के साथ विस्तृत रूप में शेयर किया जिसका डीलर बंधुओं ने तहे दिन से स्वागत किया। अंत में मैनेजमेंट द्वारा डीलरो के सवालों का जवाब दिया गया। फिर जल्द मिलने के वादे और सेल्स हेड के धन्यवाद ज्ञापन के साथ डीलर मीट का समापन हुआ।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक के कटे दोनों पैर, हुई मौत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव के एक युवक की रेलवे ट्रैक पर शौच के दौरान ट्रेन से कटने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवम कुमार भारती (22), पिता प्रवीण भारती, निवासी माने मठिया के रूप में हुई है। शिवम कुमार भारती रेलवे लाइन के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। स्थानीय लोगों ने उसे एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. विकास कुमार विमल ने छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पलामू में लगी भीषण आग, पांच घर राख, एक की मौत

**पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के पलामू में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के हैदरनगर थाना क्षेत्र के मोहकर कला पंचायत के एक गांव में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से पांच घर जलकर राख हो गए। इस घटना में युवक की मौत हो गई और कई मावेशी झुलस गए हैं।




इस घटना की सूचना मिलने के ढाई घंटे बाद दमकल मौके पर पुहंची तब तक काफी नुकसान हो चुका था। मामला शनिवार की रात का है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के हेमजा गांव में शनिवार की रात लगभग 12 बजे तेज आंधी आई। इस आंधी की वजह से चिंगारी उड़कर घरों तक पहुंच गई और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धर लिया। अब आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। आग ने थोड़ी ही देर में पांच घरों को अपनी आगोश में लिया और सबकुछ जलाकर खाक कर दिया। इस घटना में पांच मावेशी झुलस गए हैं, जबकि एक युव की मौत हो गई है।

**देर से पहुंची दमकल**

घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग को आग की सूचना दी गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद भी दमकल विभाग काफी देर से पहुंचा। दमकल विभाग की गाड़ी पहुंचने तक काफी नुकसान हो चुका था। पांच घर जल गए और मावेशी भी झुलस गए थे। हादसे में इतनी देर हुई कि एक जान भी चली गई।

## आपसी विवाद में युवक पर हमला, छपरा रेफर

**एकमा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना क्षेत्र के सालिम पट्टी गांव में आपसी विवाद को लेकर एक 20 वर्षीय युवक पर अज्ञात धातु के उपकरण से हमला कर शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। परिजनों के अनुसार रामनाथ यादव के पुत्र राधेश्याम यादव (20) पर उसके गांव में रिश्तेदारी में रहने वाले एक युवक द्वारा चाकू से हमला कर उसे घायल किया गया। घायल युवक को परिजनों व ग्रामीणों ने तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा में भर्ती कराया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया।

## ट्रक के धक्के से किशोर की मौत



**दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-पटना बाईपास सड़क पर गड़खा थाना क्षेत्र के मुबारकपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गड़खा थाना क्षेत्र के लोहड़ी गांव निवासी पप्पू साह के 15 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। वह गन्ने का रस बेचकर परिवार का सहारा बना हुआ था। हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित होकर छपरा-पटना बायपास को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही सीओ नीली यादव, थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार व अपर थानाध्यक्ष अमान अशरफ दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग पर अड़े रहे। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटे बाद लोग शांत हुए और जाम हटाया गया। सीओ नीली यादव ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। किशोर मनीष की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। मां शव से लिपटकर दहाड़े मारकर रो रही थी और बार-बार चिल्ला रही थी, "हमार लाल कहां चल गइलन..." पूरे गांव में शोक का माहौल पसरा हुआ है।

## गोला में शिव मंडा पूजा कमेटी का गठन

**रामगढ़/गोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोला के सोसोकलां स्थित शिवालय परिसर में रविवार को शिव मंडा पूजा को लेकर अनमोल कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक केमेटी के अध्यक्ष राजकुमार दास की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंडा पूजा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की रुपरेखा निर्धारित किया गया। इस दौरान भोगताओं का मुंडन, कलश स्थापना, मंडा पूजा, फूलखुंदी व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 30 अप्रैल की रात मेला सह छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए भारतीय जनकल्याण छऊ नृत्य, ग्राम विडरा, थाना पटमदा, जिला पूर्वी सिंहभूम और महाभया छऊ नृत्य, ग्राम गोविंदपुर, थाना बाघमुंडी जिला पुरुलिया को आमंत्रित किया गया है।

## डॉ. रामेश्वर कुमार बने आईएमए बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रामेश्वर कुमार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्हें यह दायित्व सारण प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सीवान, छपरा, गोपालगंज, महाराजगंज, मीरगंज, मैरवा एवं मढ़ौरा के चिकित्सा संगठनों के समन्वय एवं संचालन हेतु सौंपा गया है.डॉ. रामेश्वर कुमार ने पटना स्थित आईएमए बिहार प्रदेश कार्यालय में जाकर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आधिकारिक रूप से कार्यभार भी ग्रहण किया.डॉ. रामेश्वर कुमार ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए सेवा का एक और अवसर है. मैं सारण प्रमंडल में चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर, संगठित एवं समाज हितैषी बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करूंगा. यह उपलब्धि मेरे जिले सीवान, मेरे परिवार, मेरे शुभचिंतकों और चिकित्सा समुदाय का सम्मान है.मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं.उनकी इस उपलब्धि पर चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है. बधाई देने वालों में आईएमए के सचिव डॉ. शरद चौधरी,डॉ. संजीव पांडेय,डॉ. एमडी शादाब एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल से जुड़े तमाम वरिष्ठ चिकित्सकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

## सीवान पहुंचने पर दिल्ली एनडीएमसी के मनोनीत सदस्य दिनेश प्रताप सिंह का हुआ भव्य स्वागत




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पत्रकार भवन में दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष के दिल्ली एनडीएमसी के सदस्य मनोनीत होने पर दिनेश प्रताप सिंह का अभिनंदन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय युवा जन जागरण सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित किया गया.कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान पंकज गुप्ता एवं सिंगर शंभू सोनी द्वारा किया गया.स्वास्ति वाचन पंडित भजन मिश्र एवं पंडित विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया. शंखध्वनि से भी अभिनंदन किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप नगर परिषद की सभापति किरण गुप्ता कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी रंगबहादुर सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी का,देवेंद्र गुप्ता द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया. भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, नगर परिषद के उपसभापति किरण गुप्ता, कार्यक्रम के अध्यक्ष रंग बहादुर सिंह पीयूष सिंह राजेंद्र प्रसाद मुन्ना मुकेश और अन्य लोगों द्वारा अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर दिनेश प्रताप का स्वागत किया गया.कार्यक्रम में दिनेश प्रताप ने कहा कि मैं जो आज कुछ भी हूं उसमें सीवान का बहुत बड़ा योगदान है.क्योंकि इसी सीवान में मैं जन्म लिया एवं मेरा लालन पालन हुआ. यहीं बड़ा हुआ और संघ के संस्कारों से संस्कारवान हुआ. दिल्ली में जो भी आज सम्मान मिल रहा है, उसके लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का मैं आभार प्रकट कर रहा हूं.मुझे जैसे कार्यकर्ता में राष्ट्रीय नेतृत्व ने अपना समर्थन व्यक्त किया.भारतीय जनता पार्टी में छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान होता है. इसीलिए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है.उन्होंने कहा कि मैं विगत तीन दिनों से सीवान जिले में घूम रहा हूं.आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जबरदस्त लहर चल रही है और यह लहर चुनाव में वोट के रूप में तब्दील होगी और एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बिहार में बनेगी. ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है.कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिनेश प्रताप का जो सम्मान दिल्ली में प्राप्त हुआ, उससे सीवान जिले के निवासियों में अपार खुशी का भाव है. इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व को सीवान जिला के कार्यकताओं द्वारा आभार प्रकट किया गया.कार्यक्रम को प्रोफेसर रविंद्र नाथ पाठक,वरिष्ठ अधिवक्ता शिवनाथ सिंह,सुनील दत्त शुक्ल ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन कौशलेंद्र प्रताप द्वारा किया गया.

## घाटे से मुनाफे में आई बिड़ला ग्रुप की सीमेंट कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह की सीमेंट कंपनी- इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 14.68 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में कंपनी को 60.55 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

**कैसी है कंपनी की आय-** इंडिया सीमेंट्स ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में उसकी परिचालन आय 3.11 प्रतिशत घटकर 1,197.30 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,235.74 करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही में इंडिया सीमेंट्स का कुल खर्च मामूली गिरावट के साथ 1,313.2 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कुल आय 2.52 प्रतिशत घटकर 1,255.66 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष के लिए इंडिया सीमेंट्स का नेट लॉस कम होकर 143.88 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 227.34 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 13.81 प्रतिशत घटकर 4,357.41 करोड़ रुपये रही।

The India Cements Ltd

**शेयर का हाल-** बीते शुक्रवार को इंडिया सीमेंट्स के शेयर की बात करें तो 287.95 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.08 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। अब सोमवार को शेयर के परफॉर्मेंस पर नजर रहेगी। शेयर के 52 हफ्ते का लो 172.55 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 385.50 रुपये है। इंडिया सीमेंट्स ने बताया कि शनिवार को हुई बोर्ड की बैठक में 3 सहायक कंपनियों- आईसीएल फाइनेंशियल सर्विसेज, आईसीएल सिक्योरिटीज, आईसीएल इंटरनेशनल और इंडिया सीमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर्स को इंडिया सीमेंट्स और उनके संबंधित शेयरधारकों के साथ विलय करने की मसौदा योजना को मंजूरी दे दी गई।

**शेयरहोल्डिंग पैटर्न की डिटेल-** इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 81.49 फीसदी हिस्सेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स की बात करें तो 18.51 फीसदी हिस्सेदारी है। प्रमोटर में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के पास 25,25,29,160 शेयर या 81.49 फीसदी हिस्सेदारी है।

## दिग्गज निवेशक मधुसूदन केला ने 3 कंपनियों को अपने 3500 करोड़ के पोर्टफोलियो में जोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में निवेशकों की निगाह दिग्गज निवेशकों के पोर्टफोलिया पर रहता है। ऐसे ही एक दिग्गज निवेशक मधुसूदन केला ने अपने पोर्टफोलियो में 3 नई कंपनियों को जोड़ा है। मधुसूदन केला की कुल 17 कंपनियों में हिस्सेदारी है। मधुसूदन केला के पोर्टफोलियो की कुल वैल्यू 3500 करोड़ रुपये है।



आइए जानते हैं कि वो तीन कंपनियां कौन सी हैं। जिसमें मधुसूदन केला ने मार्च तिमाही के दौरान पैसा लगाया है।

**विंडसर मशीनें-** बीएसई में कंपनी का मार्केट कैप 2388 करोड़ रुपये का है। मधुसूदन केला के पास इस कंपनी का 7.1 प्रतिशत हिस्सा है। यह स्टॉक 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 17 प्रतिशत टूटा है।

आनंद महिंद्रा का ऐलान...

# झोली में आएगी ट्रक और बस बनाने वाली कंपनी

### महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद महिंद्रा की कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार को एक बड़ा ऐलान किया। कंपनी अब कमर्शियल ट्रक और बस बनाने वाली कंपनी एसएमएल इसुजु लिमिटेड में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने जा रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा एसएमएल में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी 555 करोड़ रुपये में खरीदेगी।

महिंद्रा एंड महिंद्रा एसएमएल के प्रमोटरों में से एक सुमितोमो कॉर्पोरेशन से 63.62 लाख शेयर खरीदेगी। ये शेयर 650 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे जाएंगे। इस डील की कुल कीमत 413.55 करोड़ रुपये होगी। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी है। इससे एसएमएल में एमएंडएम की हिस्सेदारी करीब 43.96 प्रतिशत हो जाएगी।

इसके अलावा, आनंद महिंद्रा की कंपनी इसुजु मोटर्स से भी 21.70 लाख शेयर खरीदेगी। ये एसएमएल की इक्विटी का 15 प्रतिशत हिस्सा होगा। यह सौदा करीब 141.10 करोड़ रुपये का है। इसमें भी शेयर की कीमत 650 रुपये प्रति शेयर ही रहेगी।



**कंपनी की पकड़ होगी मजबूत-** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बताया कि इस अधिग्रहण से उन्हें 3.5 टन से ज्यादा के छ्ङ्क (कमर्शियल व्हीकल) सेगमेंट में मजबूत पकड़ बनाने में मदद मिलेगी। अभी इस सेगमेंट में एमएंडएम की बाजार हिस्सेदारी सिर्फ 3 प्रतिशत है। जबकि लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में उनकी बाजार हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है।

एमएंडएम के ट्रक और बस डिविजन ने पिछले कुछ सालों में अच्छी तरक्की की है। इस अधिग्रहण से उनकी बाजार हिस्सेदारी दोगुनी होकर 6 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी का लक्ष्य है कि फाइनेंशियल ईयर 2031 तक इसे 10 से 12 प्रतिशत और फाइनेंशियल ईयर 2036 तक 20 प्रतिशत से ज्यादा किया जाए।

### सीईओ ने बताया मील का पत्थर

महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एसएमएल इसुजु का अधिग्रहण महिंद्रा ग्रुप के उभरते व्यवसायों में 5 गुना वृद्धि हासिल करने के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कंपनी उन व्यवसायों में पैसा लगा रही है जिनमें आगे बढ़ने की बहुत संभावना है और जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# महज 37 साल की उम्र में बने डबल करोड़पति, 15 साल का निवेश सफर

**लोगों ने दी वित्तीय योजना और निवेश की सलाह**

### 10 करोड़ का लक्ष्य, परिवार की जिम्मेदारी है प्राथमिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस उम्र में ज्यादातर नौकरीपेशा सेविंग्स करना शुरू तक नहीं कर पाते, उस उम्र में एक शख्स डबल करोड़पति बन गया है। यानी उसने दो करोड़ रुपये की संपत्ति बना ली है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर इस शख्स के काफी चर्चे हो रहे हैं। इस शख्स ने दो करोड़ रुपये की संपत्ति कैसे बनाई, इसके बारे में खुद ही बताया है। हालांकि इन्होंने अपनी पहचान नहीं बताई है। 37 साल के इस शख्स ने नौकरी करते हुए 15 साल तक लगातार निवेश किया। अब उन्होंने म्यूचुअल फंड में 1 करोड़ रुपये का निवेश पूरा कर लिया है। उनके पास 1 करोड़ रुपये की एक प्रॉपर्टी भी है। लेकिन, उस पर 25 लाख रुपये का होम लोन अभी भी बाकी है। इस तरह वो डबल करोड़पति बन गए हैं।

### क्या है भारतीयों की राय

भारत में बहुत से लोग अपनी वित्तीय सफलता के बारे में दोस्तों या परिवार से बात करने में हिचकिचाते हैं। उन्हें डर लगता है कि लोग उन्हें दिखावा करने वाला समझेंगे।



### क्या कहा लोगों ने

कई लोगों ने उनकी इस उपलब्धि की तारीफ की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कुछ लोगों ने कहा कि पहला करोड़ कमाना सबसे मुश्किल होता है। लेकिन, अगर आप अनुशासित तरीके से निवेश करते रहें तो अगले कुछ करोड़ बहुत जल्दी आ सकते हैं। कुछ लोगों ने वित्तीय योजना के बारे में भी जरूरी बातें बताईं। उन्होंने कहा कि अपने परिवार को भविष्य के लिए तैयार रखना चाहिए। एक सुझाव यह था कि अगर मेरी मृत्यु हो जाए तो क्या करें नाम की एक फाइल बनानी चाहिए। इस फाइल में आपकी सभी जरूरी वित्तीय जानकारी, बीमा की जानकारी और आपके परिवार के लिए जरूरी निर्देश होने चाहिए।

### नए निवेशकों को सलाह

कुछ लोगों ने नए निवेशकों के लिए भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने निवेश के बारे में खुलकर बताना चाहिए। जैसे कि उन्होंने किस तरह के फंड में निवेश किया है, उनकी निवेश रणनीति क्या है, और उनके निवेश का प्रदर्शन कैसा रहा है।

### क्या-क्या होना जरूरी

एक शख्स ने वित्तीय रूप से मजबूत रहने के लिए एक योजना बताई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मेडिकल इंश्योरेंस कराएं। फिर होम लोन को छोड़कर बाकी सभी कर्ज चुकाएं। उसके बाद एक इमरजेंसी फंड बनाएं। और फिर टर्म इंश्योरेंस लें। इसके बाद ही नियमित निवेश शुरू करें और संपत्ति बनाकर या एसआइपी बढ़ाकर अपनी संपत्ति को बढ़ाएं।

### 10 करोड़ का टारगेट

क्या वो जल्दी रिटायर होना चाहते हैं या एफआईआरई लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं उनका जवाब है, बिल्कुल भी नहीं। 37 साल की उम्र में उनके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है। इसलिए, उनका लक्ष्य अभी बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि उनकी स्थिति में सही मायने में वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के लिए कम से कम 10 करोड़ रुपये की जरूरत होगी।

न रिलायंस, न इंफोसिस...

## पिछले हफ्ते कमाई में टाटा की टीसीएस कंपनी ने मारी बाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में पिछला हफ्ता काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। सेंसेक्स 659.33 अंक या 0.83 प्रतिशत ऊपर गया। वहीं ह्रस्व निफ्टी में भी 187.7 अंक या 0.78 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मार्केट में आई इस तेजी के कारण देश की टॉप मूल्यवान कंपनियों की भी खूब कमाई हुई। हालांकि सबसे ज्यादा कमाई में टाटा की कंपनी रही, जिसने रिलायंस और इंफोसिस जैसी कंपनियों को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले हफ्ते, भारत की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह का मार्केट वैल्यूएशन




1,18,626.24 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा ग्रुप की कंपनी अ्रष्टर- सबसे आगे रही यानी टीसीएस का मार्केट कैप सबसे ज्यादा बढ़ा। यह 53,692.42 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,281.40 करोड़ रुपये हो गया।

**बाकी कंपनियों का क्या हाल-** पिछले हफ्ते कमाई में रिलायंस इंडस्ट्रीज भी पीछे नहीं रही। उसने 34,507.55 करोड़ रुपये जोड़े। अब उसकी कुल वैल्यूएशन 17,59,276.14 करोड़ रुपये है। रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इंफोसिस ने भी 24,919.58 करोड़ रुपये कमाए। अब उसका मार्केट कैप 6,14,766.06 करोड़ रुपये हो गया है। एचडीएफसी बैंक का वैल्यूएशन भी 2,907.85 करोड़ रुपये बढ़कर 14,61,842.17 करोड़ रुपये हो गया।

**एसबीआई ने कितनी की कमाई-** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 1,472.57 करोड़ रुपये का फायदा हुआ। इससे उसका मार्केट वैल्यू 7,12,854.03 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी 1,126.27 करोड़ रुपये बढ़कर 5,35,792.04 करोड़ रुपये हो गया।

# बिना दूध वाली आइसक्रीम बेचता है इंजीनियर

हर महीनों लाखों रुपये की कमाई

● गौतम ने मिलेट्स आइसक्रीम बनाने के लिए कई प्रयोग किए ● लॉकडाउन के दौरान गौतम ने वीगन आइसक्रीम के बारे में जाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप बिना दूध की आइसक्रीम की कल्पना कर सकते हैं लेकिन ऐसा हकीकत में हो रहा है। बेंगलुरु के इंजीनियर गौतम रायकर लोगों को डेयरी-फ्री आइसक्रीम बेच रहे हैं। डेयरी-फ्री से मतलब है कि इसमें कोई भी डेयरी प्रोडक्ट यानी दूध, मलाई, क्रीम आदि इस्तेमाल नहीं किया जाता। इनके ब्रांड का नाम लिकी फूड्स है। ये बिना कोलेस्ट्रॉल वाली मिलेट्स आइसक्रीम, स्मूदी और कॉफी बेचते हैं। इनकी महीने की कमाई लाखों रुपये में है।

गौतम रायकर ने दो साल तक प्रयोग किया। फिर जून 2023 में उन्होंने बिना डेयरी वाली मिलेट्स आइसक्रीम बनाना सीखा। हालांकि इसकी शुरुआत लॉकडाउन में हुई थी। लॉकडाउन के दौरान गौतम रायकर ने वीगन मिलेट्स आइसक्रीम का एक विज्ञापन देखा। उन्हें ये बहुत दिलचस्प लगा क्योंकि वे पहले से ही मिलेट्स कुकीज और रस्क बना रहे थे। लेकिन डेयरी-फ्री बाजरा आइसक्रीम के बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सुना था।



**रिसर्च पर शुरू किया काम-** गौतम ने डेयरी-फ्री मिलेट्स आइसक्रीम पर रिसर्च शुरू करने का फैसला किया। वे चाहते थे कि इसमें चीनी की मात्रा बहुत कम हो और कोई भी प्रिजर्वेटिव न हो। गौतम के अनुसार उन्होंने साल 2021 में एक छोटी सी यूनिट में रिसर्च और डेवलपमेंट का काम शुरू किया। लेकिन सबसे बड़ी मुश्किल डेयरी आइसक्रीम जैसी चिकनी और क्रीमी बनावट पाना था।

**मिलेट्स ही क्यों चुना-** मिलेट्स मोटा अनाज होता है। इसकी बाहरी परत चावल या गेहूं की तरह चिकनी नहीं होती। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसमें डाइटरी फाइबर ज्यादा होता है, लेकिन ये सबसे सेहतमंद अनाज में से एक है। ये एल्कलाइन होता है। इसमें ग्लूटेन नहीं होता और ये प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।

**शुरू किए कई प्रयोग-** गौतम ने चार तरह के मिलेट्स (ज्वार, फॉक्सटेल, पर्ल और फिंगर मिलेट) को चॉकलेट, आम और दूसरी चीजों के साथ मिलाकर कई प्रयोग किए। लेकिन बनावट या स्वाद कभी सही नहीं आया।

# आईसीएल फिनकॉर्प लाया नया एनसीडी इश्यू, 9 मई तक मिलेगा निवेश का मौका

ICL Join ICL, Grow with us
ICL Fincorp

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड लोन देने वाला आईसीएल फिनकॉर्प सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को लॉन्च करने जा रहा है। इस बारे में कंपनी ने अपनी घोषणा में कहा कि यह गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर इश्यू 25 अप्रैल 2025 से खुलेगा और 9 मई 2025 को बंद होगा। कंपनी का दावा है कि इस इश्यू में निवेशकों को 13.01 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलेगा। इसमें अलग-अलग अवधि के विकल्प भी दिए गए हैं। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए निवेशकों को आकर्षक और सुरक्षित निवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अपनी घोषणा में आईसीएल फिनकॉर्प ने बताया है कि नए एनसीडी इश्यू को क्रिसिल बीबीबी की स्थायी रेटिंग दी गई है। निवेशकों को इश्यू की जाने वाली हर एनसीडी का अंकित मूल्य 1,000 है। इस इश्यू के तहत चार स्कीमों में दस विकल्प दिए गए हैं। इन निवेश विकल्पों में ब्याज दर 11.00 प्रतिशत से 12.25 प्रतिशत तक है। वहीं, न्यूनतम निवेश राशि 10,000 निर्धारित की गई है।

### प्राप्त निधियों का यहां होगा प्रयोग

कंपनी ने अपनी घोषणा में कहा है कि इस इश्यू से मिलने वाली निधियों का उपयोग आईसीएल फिनकॉर्प द्वारा चलाई जा रही विकास पहलों को आगे बढ़ाने और ग्राहकों व स्टेकहोल्डर्स को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। ऐसे में यह कदम विश्वसनीय, नवाचार आधारित और ग्राहक-केंद्रित वित्तीय समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

आठ राज्यों में विश्वसनीय वित्तीय साझेदार बना हुआ है आईसीएल फिनकॉर्प

बता दें कि आईसीएल फिनकॉर्प बीते 34 सालों से केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात सहित आठ राज्यों में विश्वसनीय वित्तीय साझेदार बना हुआ है। इसके अलावा हाल ही में तमिलनाडु की 93 साल पुरानी एनबीएफसी कंपनी सेलम ईरोड इन्वेस्टमेंट्स का अधिग्रहण किया है। यह कंपनी बीएसई में सूचीबद्ध है। इसके जरिए आईसीएल फिनकॉर्प की वित्तीय स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

ये सुविधाएं देती है आईसीएल फिनकॉर्प

आईसीएल फिनकॉर्प की सेवाओं में गोल्ड लोन, हायर परचेज लोन और बिजनेस लोन शामिल हैं। इसके अलावा, आईसीएल समूह यात्रा, फैशन, डायग्नोस्टिक्स और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इस कंपनी के सीएमडी एडवोकेट के.जी. अनिल कुमार और डब्ल्यूटीडी एवं सीईओ उमा अनिलकुमार हैं।

# 267 प्रतिशत रिटर्न देने वाले स्टॉक का हो रहा है 2 हिस्सों में बंटवारा, रिकॉर्ड डेट घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट लीजिंग लिमिटेड शेयरों के बंटवारे का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों को 2 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों का भाव 100 रुपये से कम का है।

**रिकॉर्ड डेट का कंपनी ने किया ऐलान-** एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार विराट लीजिंग लिमिटेड बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 2 टुकड़ों में बांटा जाएगा। कंपनी ने कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू को 2 टुकड़ों में बांटा जाएगा।

इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 5 रुपये हो जाएगा। विराट लीजिंग लिमिटेड शनिवार को दी जानकारी में बताया है कि स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 16 मई 2025 तय किया गया है। यह पहली बार है जब कंपनी के शेयरों का बंटवारा हो रहा है। बीएसई के डाटा के अनुसार इस कंपनी ने अभी तक एक बार भी बोनस शेयर या डिविडेंड भी नहीं दिया है।

### शेयर बाजार में कंपनी की स्थिति कैसी है

शुक्रवार विराट लीजिंग लिमिटेड के शेयरों में 2 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा था। जिसके बाद कंपनी के शेयर मार्केट क्लोजिंग के टाइम पर 74.73 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले कंपनी के शेयरों में 21 अप्रैल, 23 अप्रैल और 24 अप्रैल को कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 40 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 142.10 रुपये और 52 वीक लो लेवल 53 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 97 करोड़ रुपये का है।

# दस लोगों में हुई चिकन पॉक्स की पुष्टि

## लोगों में हड़कम्प, विभाग में हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में एक बार फिर से चिकन पॉक्स के मामले बढ़ने लगे हैं। पिछले दिनों टुंडी और झरिया में मिले संदिग्ध मरीजों की पुष्टि हो गई है। रिम्स रांची ने सैंपल की जांच के बाद इसकी रिपोर्ट धनबाद स्वास्थ्य विभाग को भेजी है। रिपोर्ट आने के बाद जिला महामारी नियंत्रण रोग विभाग हरकत में आ गया है।

इन मरीजों को विभाग की ओर से जागरूक किया गया है और उन्हें दवा वितरित की गई है। इसके साथ ही धनसार थाना के पथराकुली में 10 संदिग्ध मरीज मिले हैं।

विभाग की ओर से इन सभी मरीजों को सैंपल के लिए रांची भेजा जाएगा। फिलहाल हमारी जो की ओर से चिकन पॉक्स को लेकर लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकन पॉक्स के बढ़ते मामले को लेकर अब तक 21 लोग चिह्नित किए गए हैं। इसमें 10 की पुष्टि हो गई है। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि मामले को लेकर टीम बनाई गई है और यह टीम विभिन्न जगहों पर निरीक्षण कर रही है।

उन्होंने बताया कि 2 से लेकर 15 दिनों तक बुखार रहता है। बताया गया कि बच्चे, बड़ों से लेकर दो बुजुर्ग भी बीमारी से पीड़ित मिले हैं। इन पर निगरानी रखी जा रही है।

मजेदार बात यह है कि जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग के पास विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। ऐसे में इसका जिम्मा होम्योपैथिक के डॉक्टर को दिया गया है। होम्योपैथिक डॉक्टर ऋतुराज अग्रवाल के सहारे पूरा जिला दिया गया है।

जबकि महामारी रोग के लिए एपिडेमियोलॉजी की जरूरत होती है। लेकिन धनबाद में विशेषज्ञ नहीं होने के कारण होम्योपैथिक के डॉक्टर को इसके लिए रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग में मुख्यालय रांची से अलग से विशेषज्ञ की मांग की है।

# स्पेन और स्वीडन के निवेशकों को खनन क्षेत्र में मिला आमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन के दौरे पर गए झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने खनन क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों की जानकारी दी। खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष एक व्यापक प्रेजेंटेशन के माध्यम से झारखंड में मौजूद विशाल संभावनाओं को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से खनिज ब्लॉकों की नीलामी और खनन उपकरण निर्माण में निवेश के लिए निवेशकों को न्योता दिया।

अधिकारियों ने बताया कि झारखंड भारत के उन गिने-चुने राज्यों में से है, जो प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर हैं। देश के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत झारखंड में है। खनिज उत्पादन में झारखंड देश में पांचवें स्थान पर है और इसकी खनिज संपदा भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है। कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वाट्र्जाइट, मैंगनीज, यूरेनियम, चाइना क्ले, ग्रेफाइट, सोपस्टोन, फायर क्ले, फॉस्फोराइट, एपेटाइट, क्वाट्र्ज, फेल्ड्सपार, सोना और पाइरोक्सीनाइट जैसे बहुमूल्य खनिजों का भंडार झारखंड के गर्भ में समाया है। झारखंड को कोकिंग कोल का एकमात्र उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। इसके अलावा झारखंड कोयला भंडार में दूसरा, लौह अयस्क में दूसरा, तांबा अयस्क में तीसरा और बॉक्साइट में सातवां स्थान रखता है। इन तथ्यों के आलोक में झारखंड का देश के खनिज मानचित्र में एक बेहद महत्वपूर्ण स्थान है।




झारखंड राज्य के विभिन्न प्रमंडलों और जिलों में खनिज संसाधनों का व्यापक भंडार मौजूद है। इस व्यापकता के चलते राज्य न केवल खनिज उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, बल्कि खनिज आधारित उद्योगों के लिए भी अत्यधिक अनुकूल अवसर उपलब्ध करा रहा है।

प्रस्तुति में यह भी बताया गया कि झारखंड में खनन उपकरण निर्माण क्षेत्र में भी निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। ड्रिलिंग रिग, आर्टिकुलेटिंग ट्रक, बुलडोजर, ड्रैगलाइन, ड्रिल मशीन, हॉल ट्रक, लोडर, मोटर ग्रेडर और एक्सकेवेटर जैसे खनन उपकरणों का निर्माण एक विशाल औद्योगिक क्षेत्र बन सकता है। साथ ही खनिज प्रसंस्करण और शुद्धिकरण उपकरण, जैसे ग्राइंडिंग इक्विपमेंट, मैग्नेटिक सेपरेटर, थिकनर और क्लैरिफायर के निर्माण में भी निवेश के अवसर मौजूद हैं। इसके अलावा खनिजों के परिवहन के लिए आवश्यक बेल्ट कन्वेयर और मोटर स्क्रैपर जैसे साधनों के निर्माण में भी निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर है।

निवेशकों को अवगत कराया गया कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है। राज्य सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं लागू की हैं। बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं से लेकर एमएसएमई इकाइयों तक के लिए विशेष रियायतें दी जा रही हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए 'झारखंड इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल्स मैनेजमेंट सिस्टम' (जिम्स) लागू किया गया है, जिससे खनन गतिविधियों का डिजिटलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि झारखंड सरकार खनिज ब्लॉकों की नीलामी के माध्यम से निवेश को बढ़ावा दे रही है। खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में भी कई तैयार अवसर उपलब्ध हैं। सरकार निवेशकों के लिए एक समर्थ और भरोसेमंद माहौल तैयार कर रही है, जिससे झारखंड आने वाले समय में वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन सके।

# युवती का अपहरण, गांव में भारी तनाव

- चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, गांव में मजिस्ट्रेट की तैनाती
- क्षेत्र की सभी दुकानें बंद, स्टेशन पर पसरा सन्नाटा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला-नीमडीह।** नीमडीह के झीमड़ी में एक मुस्लिम युवक एक हिन्दू युवती का अपहरण कर लिया, जिसके कारण क्षेत्र में दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी।

पुलिस ने मोर्चा संभाल कर गांव में शांति स्थापित की। क्षेत्र में रेपिड एक्शन फोर्स (रेफ) और जिला पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस ने नीमडीह थाना क्षेत्र के झीमड़ी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स को तैनात किया है, ताकि परिंदा भी पर नहीं मार सके।

झीमड़ी का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया है। क्षेत्र की सभी दुकानें बंद है। झीमड़ी रेलवे स्टेशन सहित चारों ओर सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस युवती को बरामद नहीं कर पाई है और न ही आरोपित युवक मो तस्लीम की लोकेशन ट्रेस कर पाई है। हालांकि, पुलिस तस्लीम के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर रही है। पुलिस की सख्ती के बाद झीमड़ी का माहौल शांत है। पुलिस व जिला प्रशासन ने मिल कर मोर्चा संभाला है। जिला प्रशासन ने गांव में 15 मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं।

इन मजिस्ट्रेटों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है। गांव में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक और फिर शाम 4 बजे से रात 12 बजे और फिर रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक अलग-अलग मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। गांव के प्रवेश द्वार पर हर आने-जाने वालों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है।

युवती की मां ने बताया कि तस्लीम चार बच्चों का पिता है। अक्सर झाड़ फूंक कराने के लिए तस्लीम के घर वे लोग जाते थे और तस्लीम भी उसके घर आता था। इसी दौरान तस्लीम ने युवती का मोबाइल नंबर ले लिया और उससे बातचीत किया करता था।

उन्होंने बताया कि कई दिनों से युवती के साथ तस्लीम शादी करने का दबाव बना रहा था। युवती घर में सब कुछ बताती थी। युवती की मां ने तस्लीम को कहा कि अगर वह उसकी बेटी से शादी करना चाहता है तो अपने समाज के पांच लोग और मैं अपने समाज के पांच लोगों को लेकर आती हूं और शादी करा देती हूं।

लेकिन तस्लीम ने कहा कि उसने पहले की कोर्ट मैरिज कर लिया है। वह समाज के लोगों को लेकर नहीं आएगा। जब युवती की मां ने कहा कि कोर्ट मैरिज किया है तो मैरिज सार्टिफिकेट दिखाओ, लेकिन युवक ने सार्टिफिकेट दिखने से इंकार कर दिया और युवती को परेशान करने लगा।

गुरुवार की रात तस्लीम अपने एक दोस्त के साथ युवती के घर में आया और जबरन उसे पिस्तौल का भय दिखाकर अपने साथ ले जाने लगा। विरोध करने पर जान मारने की धमकी दी। युवती की एक बड़ी बहन है और एक छोटा भाई है।

# सौतेली दादी ने की मासूम पोते की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा में तिलैया थाना अंतर्गत गझंडी में एक छह वर्षीय बच्चे की सौतेली दादी ने ही गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृत बच्चे की दादी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गझंडी में छह वर्षीय बालक सौरव कुमार की मौत की घटना में उसके पिता अरविंद कुमार ने तिलैया थाना में आवेदन देकर उसकी हत्या करने का आरोप अपनी सौतेली मां, पिता व अपने सौतेले भाइयों पर लगाया था। शिकायत के बाद तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन कर पहले दफन कर दिए गए बच्चे के शव को कब्र से बाहर निकाला गया। शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

प्रथम द्दष्टया पुलिस ने पाया कि बच्चे के गले पर रस्सी का निशान था। इसके बाद बच्चे की मां द्वारा दिए गए आवेदन व जांच के क्रम में मिले साक्ष्य के आधार पर बालक के दादा, सौतेली दादी और उसके सौतेले चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

# मिड-डे मील की नयी दर 1 मई से होगी लागू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सरकारी स्कूलों को मिड-डे मील के लिए अब अधिक राशि मिलेगी। केंद्र सरकार ने इसके कुकिंग कास्ट के रूप में स्कूलों को मिलने वाली राशि में वृद्धि की है। यह वृद्धि एक मई से लागू होगी।

बाल वाटिका एवं प्राथमिक (पांचवीं कक्षा तक) स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र अब 6.19 रुपये की जगह 6.78 रुपये मिलेंगे। इसी तरह, उच्च प्राथमिक (छठी कक्षा से आठवीं) स्कूलों को प्रति छात्र अब 10.17 रुपये मिलेंगे। पहले इस श्रेणी के स्कूलों को इस मद में प्रति छात्र 9.29 रुपये दिए जाते थे।

बाल वाटिका एवं प्राथमिक स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र मिलने वाले 6.78 रुपये में 4.07 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 2.71 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी।

इसी तरह, उच्च प्राथमिक स्कूलों को प्रति छात्र मिलने वाले 10.17 रुपये में 6.10 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 4.07 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी।

ज्ञात हो कि इस योजना के तहत मिड-डे मील बनाने के लिए खाद्यान्न अलग से उपलब्ध कराए जाते हैं। कुकिंग कास्ट की राशि में ईंधन, सब्जी, तेल, मसाला, नमक आदि का खर्च सम्मिलित होता है।

# स्वास्थ्य मंत्री पहलगाम पीड़ितों के सहायतार्थ देंगे अपने चार माह का वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पहलगाम हादसे में मृतकों के परिजनों को अपना चार माह का वेतन प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह मेरा फर्ज है। परिवारों के दुख में उनके साथ खड़ा हूं। शहीदों का बलिदान अमूल्य है। परिवारों के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकी हमला केवल एक हादसा नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की सुरक्षा व्यवस्था की घोर लापरवाही का सबूत है। इस कायराना हमले में 26 मासूम और निर्दोष लोगों की जान गई।

यह हमला सुरक्षा चूक का खुला सबूत है। आतंकियों ने हिट-एंड-रन की रणनीति अपनाई। इरफान अंसारी ने सवाल उठाया कि आखिर केंद्र और खुफिया तंत्र बार-बार क्यों नाकाम हो रहा है? मृतकों के परिजनों को चार माह के वेतन की तत्काल सहायता राशि जारी करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि हादसे में पीड़ित परिवारों के लिए यह काफी कम है, क्योंकि उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। यह शर्मनाक है कि इस दुख की घड़ी में गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जश्न के मूड में दिखे। वे कश्मीर में वीवीआईपी सुरक्षा के बीच अपने शादी की सालगिरह के शाही जश्न की फोटो शेयर कर रहे थे। यह संवेदनहीनता उन परिवारों के जख्मों पर तमाचा है, जिन्होंने अपनों को खोया। उन्हें लोगों से माफी मांगना चाहिए।



जम्मू-कश्मीर के लोगों ने वहां फंसे लोगों के लिए मानवीयता के साथ काम किया, लेकिन इस आपदा की घड़ी में हवाई सेवा कंपनियों ने मनमाने तरीके से भाड़ा वसूला।

यह भी केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय की लापरवाही है। यह होना चाहिए था कि लोगों को निकालने के लिए केंद्र सरकार विशेष विमानों का परिचालन करती।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपरीत परिस्थितियों में राज्य के लोगों को अन्य राज्यों और देशों से लाने के लिए हवाई सेवा एयर लिफ्ट से लेकर विशेष रेल सेवा तक का उपयोग किया है, लेकिन केंद्र ने हवाई सेवा कंपनियों को लूट की पूरी छूट दे दी। यह मानवता के प्रति अपराध है।

उन्होंने कहा कि यह समय खोखले वादों का नहीं, ठोस कदम उठाने का है। दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की दिशा में केंद्र सरकार काम करे।

# अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में कई बिन्दुओं पर बनी सहमती

## आउट सोर्सिंग एजेसी के कर्मियों का बढ़ेगा वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष सह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण बाड़ा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में लगभग दो दर्जन बिंदुओं पर चर्चा की गई। एजेंसी से आने वाले आउट सोर्सिंग कर्मियों के अनुभव का जांच करने का निर्णय लिया गया। प्रबंधन समिति से कार्यरत कर्मियों के मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी की सहमति बनी।

सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन रात में नशे में रहते हैं, जिस कारण चिकित्सीय सुविधा में होने वाली परेशानी को देखते हुए शाम छह बजे से सुबह छह बजे अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के लिए एसपी को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

गेट ग्रील, रसोई के बाहर बेकार पड़े भूखंड में एस्वेस्टस लगाकर उपयोग बनाने, छत रास्ते का एस्वेस्टस मरम्मत करने, अस्पताल का धुलाई कपड़ा टांगने के लिए छत में एंगल बनाने, दवा भंडार में एसी एवं पंखा लगाने आदि पर सहमति प्रदान किया गया।

कार्य बल के लिए पत्राचार करने, प्रखंड में कार्यरत कर्मियों को आवश्यकता अनुरूप प्रतिनियुक्ति करेन, आउट सोर्सिंग एजेसी के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड व अवकाश का प्रावधान आदि की मांग की गई।

अस्पताल में आपूर्ति दवा का नमूना समय-समय पर जांच कराने की चर्चा हुई। बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक से वाटर कूलर मशीन मांग करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सीएस डा.नवल, डीएस धर्नुजय सुंब्रई, राजीव कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# पिकअप वैन पलटी, आधा दर्जन से अधिक यात्री जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-कांड्रा मार्ग स्थित सीआरपीएफ कैम्प के समीप यात्रियों से भरी एक पिकअप वैन पलट गई। घटना रविवार की सुबह करीब 5.30 बजे की है। जिससे वाहन में सवार करीब आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।



वहीं, पिकअप वैन का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। यात्रियों की माने तो पिकअप वैन का चालक नशे में धुत होकर वाहन चला रहा था। वाहन की रफ्तार भी काफी तेज थी।

बार बार मना करने के बाद भी चालक ने वाहन की रफ्तार कम नहीं की। जिससे अनियंत्रित होकर पिकअप वैन पलट गई। पिकअप वैन पलटने की आवाज सुनकर ग्रामीण भागते हुए मौके पर पहुंचे और पिकअप वैन के अन्दर फंसे लोगों को एक-एक कर बाहर निकाला और इसकी सूचना सरायकेला पुलिस को दी।

घायलों में दिलीप सरदार, बनमाली प्रधान, सौरव प्रधान, पवन महतो, कालीचरण एवं अशोक महतो शामिल हैं। जिसमें बनमाली प्रधान, दिलीप सरदार, पवन महतो और कालीचरण महतो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्हें एमजीएम रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार वाहन में सवार कुछ यात्री कांड्रा और कुछ यात्री बिष्टुपुर जा रहे थे। यात्रियों के अनुसार वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और चालक नशे में धुत था। कई बार वाहन की रफ्तार कम करने के लिए चालक को कहा गया, लेकिन चालक रफ्तार कम करने की बजाय और तेज कर रहा था।

दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने पर श्री कालूराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज चौधरी सदर अस्पताल पहुंचे और गंभीर घायलों को एमजीएम अस्पताल भेजवाया। मनोज चौधरी ने कहा कि प्रतिदिन सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है और कई घायल हो रहे हैं।

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने में प्रशासन नाकाम है, इस प्रकार सड़क हादसों में आमजनों की जान जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने एवं जान माल की रक्षा के लिए आवश्यक कारगर ठोस कदम उठाने, नो एंट्री लगाने की मांग की है।

# झारखण्ड पुलिस को हाईटेक करने का अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड पुलिस हाईटेक होने जा रही है। झारखंड सरकार के गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। जिला स्तर पर पहल शुरू हो चुकी है। केस के सभी अनुसंधानकर्ताओं को स्मार्ट फोन देने की योजना है। स्मार्ट फोन नई तकनीक से लैस होगी। एक जुलाई 2024 से प्रभावी बीएनएसएस 2023 के प्रविधान के अनुसार सभी अनुसंधानकर्ता इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से साक्ष्य का संकलन करेंगे। इसमें वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी शामिल है।

स्मार्ट फोन उपयोग करने वाले अनुसंधानकताओं को सरकार की ओर से डेटा के लिए 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। राज्य सरकार से आवंटन प्राप्त होने पर सभी जिला को पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित राशि आवंटन किया जाएगा।

अनुसंधानकर्ताओं को 25 हजार रुपये तक का स्मार्ट फोन लेना आवश्यक है। अनुसंधानकर्ता मोबाइल फोन क्रय करने से संबंधित विपत्र या रसीद की छायाप्रति रखेंगे, ताकि चार वर्ष के बाद नया या दूसरा मोबाइल लेने के पश्चात राशि की क्षतिपूर्ति के समय उसे संलग्न किया जा सके।अनुसंधानकर्ता यदि निर्धारित राशि 25 हजार से अधिक मूल्य का मोबाइल फोन खरीदते हैं तो भी उन्हें 25 हजार की ही प्रतिपूर्ति मान्य होगी। शेष राशि का भुगतान उन्हें स्वयं करना होगा।

अगर 25 हजार से कम कीमत का मोबाइल खरीदते हैं तो उनके द्वारा भुगतान की गई वास्तविक राशि की प्रतिपूर्ति ही मान्य होगी। मोबाइल फोन का रख-रखाव, सुरक्षा एवं डाटा की गोपनीयता अनुसंधानकर्ता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

साथ ही यह ध्यान रखेंगे कि अविश्वसनीय इंटरनेट साइट्स को उक्त मोबाइल फोन से कदापि एक्सेस नहीं करेंगे। मोबाइल फोन की तकनीकी आयु चार वर्ष होगी। चार वर्ष के बाद अनुसंधानकर्ता उक्त मोबाइल फोन को जिला संपत्ति शाखा में जमा कर प्रमाण पत्र लेंगे।

# ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलने से यात्रियों को मिल रही सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** रेलवे द्वारा समर स्पेशल गाड़ियां चलाने से लोगों कोकाफी सुविधाएं हो रही है। ज्ञात होकि गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने हावड़ा-रक्सौल, कोलकाता-पटना और मालदा टाउन-दीघा के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 03043 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल 19 अप्रैल से 28 जून तक हर शनिवार को रात 11:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन शाम 4:15 बजे रक्सौल पहुंचेग।

03044 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून के बीच हर रविवार को शाम 5:30 बजे रक्सौल से रवाना होगी और अगले दिन 10:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी।



ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

03135 कोलकाता-पटना समर स्पेशल 22 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच प्रत्येक मंगलवार को रात 11:50 बजे कोलकाता से रवाना होगी और अगले दिन 10:45 बजे पटना पहुंचेगी।

03136 पटना-कोलकाता स्पेशल 23 से 30 अप्रैल को प्रत्येक बुधवार को 12:00 बजे पटना से रवाना होगी और उसी दिन रात 11:45 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

03465 मालदा टाउन-दीघा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 14 जून के बीच हर शनिवार को दिन के 1:10 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी और अगले दिन रात 02:00 बजे दीघा पहुंचेगी।

03466 दीघा-मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 15 जून के बीच हर रविवार को 05:00 बजे दीघा से रवाना होगी और उसी दिन शाम 6:30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।

ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल में साईंथिया, अंडाल और आसनसोल स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

# देवघर-नवगछिया रेल लाइन बिछाने के कार्य में आयी तेजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** संताल परगना में रेल नेटवर्क का तीव्र गति से विस्तार हो रहा है। कुछ ही वर्षों में संताल रेल नेटवर्क के जरिये सीधे बिहार के सीमांचल से जुड़ जाएगा। यही वजह है कि देवघर-नवगछिया रेल लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाई जा रही है।

इसके तहत कहलगांव में बटेश्वरस्थान के समीप गंगा पर बननेवाले विक्रमशिला-कटरिया रेल पुल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र ही कर सकते हैं। दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलने के बाद सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि देवघर-नवगछिया रेल लाइन के अलावा, कई अन्य रेल परियोजनाओं पर भी रेल मंत्री से विस्तार से चर्चा हुई। इसमें गोड्डा-महगामा रेलवे लाइन की तुरंत निविदा (टेंडर) जारी करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति योजना के तहत बासुकीनाथ-चितरा जोड़ामो लाइन का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाएगी।

जानकारी हो कि बासुकीनाथ-चितरा रेल प्रोजेक्ट को 2017 में ही केंद्र से मंजूरी मिल गई थी। यह प्रोजेक्ट 800 करोड़ रुपये का है। अब तक यह तय नहीं हो पाया कि राज्य सरकार कितना देगी। हालांकि, राज्य सरकार ने सितंबर 2017 में अपना कंसेंट दे दिया था। इसके बाद भूमि अधिग्रहण का काम भी शुरू हो गया। पूर्व रेलवे ने भूमि अधिग्रहण पर 300 करोड़ खर्च कर चुका है। रेलवे बोर्ड ने अप्रैल 2022 में झारखंड सरकार को एमओयू करने के लिए आग्रह पत्र भेजा पर आज तक एमओयू नहीं हो सका।

सांसद डा.दुबे ने रेल मंत्री से संताल परगना के लिए कई नई ट्रेनों की भी मांग की। इस दौरान हावड़ा-साहिबगंज इंटरसिटी को भागलपुर तक चलाने पर चर्चा हुई।

# करें तिल की बुवाई



## भूमि

दोमट, हल्की चिकनी और कछारी भूमि तिल की खेती हेतु उपयुक्त होती है।

## खेत की तैयारी

अच्छी जुताई कर भुरभुरी मिट्टी वाला समतल खरपतवार रहित खेत तैयार करना चाहिए। सिंचाई हेतु नालियों एवं क्यारियों की व्यवस्था करना चाााहिए.

## बीज की मात्रा एवं बीजोपचार

5-6 कि.ग्रा./हे. की दर से उन्नत किस्म के प्रमाणित कार्बेन्डाजिम (2 ग्राम/कि.ग्रा.) फफूंदनाशी से बीजोपचार कर बोयें।

### उन्नत किस्में

जेटी21, टीकेजी22, टीकेजी 55, जेटीएस 8, टीपीजी 306.

### बोने का समय

फरवरी का तृतीय व चतुर्थ सप्ताह.

## बोने का तरीका

कतारों से कतारों की दूरी 12 इंच तथा पौधों से पौधों की दूरी 4 इंच रखने से उपयुक्त पौध संख्या 3 लाख/हे. प्राप्त होती है। बीजों के समान वितरण हेतु बीज, गोबर खाद (2:20) मिलाकर बोनी करें।

## खाद एवं उर्वरक

गोबर की 10 टन खाद/हेक्टेयर तथा रासायनिक उर्वरक 60:40:20 किग्रा., 130 किलो यूरिया, 250 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 33 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश/हेक्टेयर की दर से डालें। स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा और नत्रजन की आधी मात्रा बोनी के समय तथा शेष आधी नत्रजन की मात्रा बोने के 3-4 सप्ताह बाद डालें।

## निराई- गुड़ाई

बोने के 15-20 दिन बाद निराई गुड़ाई करें और उसी समय अनावश्यक घने पौधे को निकाल दें। रासायनिक नियंत्रण हेतु एलाक्लोर दानेदार 20 कि.ग्रा/हेक्टेयर की दर से रेत के साथ मिलाकर अंकुरण पूर्व खेत में बिखेरें।

## सिंचाई

फूल आने तथा फलियाँ बनते समय तिल की फसल में सिंचाई अत्यंत आवश्यक है।

## पौध संरक्षण

तिल पत्ती मोड़क एवं फली बेधक कीट- कीट पौधों की पत्ती अवस्था में पत्तियों को गूंथकर पुष्प अवस्था में फूलों के अंदर घुसकर भीतरी भाग खाकर एवं फली में छेदकर बीज खाकर फसल को नुकसान पहुंचाती है।

## तिल के रोग



तना एवं जड़ सड़न रोग में जमीन की सतह से तना काला हो जाता है जिस पर हाथ फेरने पर खुरदुरापन महसूस होता है। मुरझाये पौधे को उखाड़ने पर पौधे की जड़ें काले रंग की दिखाई देती हैं जो कि कम शक्ति लगाने पर आसानी से कांच के समान टूट जाती है।

सर्कोस्पोरा पत्ती धब्बा रोग में पौधे की निचली पत्तियों पर कोणीय भूरे धब्बे जिनका किनारा गहरे रंग का होता है। रोग की तीव्रता में पत्तियां झड़ जाती हैं। जबकि अल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग के कारण पत्तियों पर धब्बे सघन छल्लों में बनते हैं।

पर्णताभ रोग में फूल के सभी रोग हरे पत्तियों में बदल जाते हैं। अधिक शाखायें और छोटी पत्तियां गुच्छों में होती हैं। जिसके वजन से शाखायें झुक जाती हैं। यह बीमारी सफेद मक्खी द्वारा फैलता है।



## रोग एवं कीट नियंत्रण

- उपयुक्त फसल चक्र अपनायें।
- कीट/रोग से ग्रसित पौधों के भाग को तोड़कर/उखाड़कर तथा इल्लियों को इकट्ठा कर नष्ट कर दें।
- इन्डोसल्फान (2 मिली/ली.) या डाइमिथियेट (1 मिली./ ली.) कीटनाशक के साथ डायथेन एम-45 (2.5 ग्रा./ली.) मिलाकर बोने के 30 और 60 दिन पर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।

## कटाई और गहाई

पत्तियां पीली होकर झड़ने लगें तथा फलियाँ हरी हों तभी तिल की कटाई करें। कटी फसल को लकड़ी के सहारे सीधा रखकर अच्छी तरह सुखायें। सूखे पौधों को छड़ियों से पीटकर गहाई करें.

## उपज

ग्रीष्मकालीन सिंचित तिल की उपज 800-900 किग्रा./हेक्टेयर होती है।



# सरसों में व्याधि प्रबंध

रोग एवं कीट व्याधियों का प्रबंधन वैसे तो सरसों की फसल पर एक दर्जन से अधिक रोग व कीट हानि पहुंचाते हैं परंतु प्रमुख रोग एवं कीट के नियंत्रण से भरपूर पैदावार की जा सकती है।

**पत्ती झुलसन रोग:** यह सरसों के झुलसा रोग के नाम से भी जाना जाता है इस रोग के लक्षण पत्ती पर गहरे भूरे गोल-गोल धब्बों के रूप में आते हैं तथा उपज में कमी के साथ तेल की मात्रा भी कम करते हैं। बचाव हेतु मेन्कोजेब 45 नामक दवा 2.5 ग्राम /लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें 2-3 छिड़काव 15 दिन के अंतराल से करें।

**श्वेत किट्ट या सफेद फफोला (व्हाइट रस्ट) रोग:** शीत ऋतु में जब तापमान कम एवं कोहरा होने पर यह रोग बहुत तेजी से फैलता है इसके लक्षण पत्ती की निचली सतह पर सफेद दही जैसे संरचनाओं जैसे आकार के होते हैं बाद में पुष्प वृन्त एवं फलियों पर भी लक्षण दिखाई देते हैं फली अनियमित आकार की टेड़ी-मेड़ी केंकड़ा जैसी आकृति की हो जाती है नियंत्रण हेतु रिडोमिल एम जेड 72 नामक दवा 2 ग्राम/लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें या 2.5 ग्राम मेन्कोजेब/लीटर पानी का छिड़काव 10-15 दिन के अंतराल पर दो बार करें।

**चूर्णिल आसिता (पाउड्री मिल्डयू) :** यह रोग तापमान बढ़ने पर अधिक तेजी से फैलता है रोग पत्तियों, तने व फलियों पर सफेद चूर्ण (पाउडर) जैसे संरचनाओं के रूप में फैलता है। नियंत्रण हेतु घुलनशील गंधक या सल्फैक्स 2 किलोग्राम दवा 800 लीटर पानी में घोल बनाकर/हे. के हिसाब से छिड़काव करें।

**तना सड़न या पोलियो रोग :** एक ही खेत में बार-बार सरसों की फसल बोने से यह रोग बढ़ता है। इसके धब्बे सबसे पहले तने के निचले हिस्से में गोल-गोल आकृति के रूप में आते हैं, बाद में ऊपर तक फैल जाते हैं पौधा कमजोर होकर एवं तना पोला होकर रोगग्रस्त स्थान से टूट जाता है।

## कीट नियंत्रण

दगीला बग/बगराड़ा कीट (पेन्टेड वग)- राई सरसों की फसल को यह कीट दो बार नुकसान पहुंचाता है जब पौधे छोटे होते हैं तब और जब फली बनती है तब, कीट के शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही इसे चूसते हैं जिसकी पत्तियों और पौधों पर सफेद धब्बे स्पष्ट दिखाई देते हैं नियंत्रण हेतु पौधों के अवशेषों को नष्ट कर दें। मेड़ों को साफ रखें, फसल काटने के तुरन्त बाद गहरी जुताई करें जिससे प्रकोप कम होगा। डायमिथियेट या मेटासिस्टाक्स 25 ई.सी. 500 मि.मी. दवा 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

**माहू या चैंपा (एफिड)** - इस कीट को लसा के नाम से भी जाना जाता है यह छोटे पंख एवं पंख रहित दोनों तरह के हरे, पीले रंग के होते हैं। कीट के शिशु एवं प्रौढ दोनों ही बढ़ने वाले भागों फूलों कलियों, फलियों आदि का झुण्डों में चिपककर रस चूसते हैं, पौधों की बढ़वार रुक जाती है। पैदावार एवं तेल की मात्रा पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है नियंत्रण हेतु समय पर बोनी करें, प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था में कीट प्रभावित टहनियों को तोड़कर नष्ट कर दें डायमिथियेट या मेटासिस्टाक्स 25 ई.सी. 1 लीटर मात्रा 500 लीटर पानी में घोल बनाकर 15 दिन के अंतर से दो छिड़काव करें। मधु-मक्खियों की सुरक्षा के लिये कीटनाशकों का प्रयोग दोपहर के बाद करें।

# कपास के मुख्य रोग एवं प्रबंधन

**कपास के भूमि जनित रोग भारत में कपास के 25 से भी अधिक रोग अलग-अलग कपास उगाने वाले राज्यों में पाए जाते हैं। इन रोगों में मुख्य हैं- छोटी अवस्था में पौधों का मरना, जड़गलन, उखटा रोग एवं मूलग्रंथी सूत्रकृमि रोग।**



## पौध का मरना (सीडलिंग मोर्टेलिटी)

भूमि में रहने वाली फफूंदों जैसे राईजोक्टोनिया, राइजोपस, ग्लोमेरेला तथा जीवाणु जेन्थोमोनास के प्रकोप से कपास के बीज उगते ही नहीं हैं या उग तो जाते हैं परंतु भूमि के बाहर निकलने के पहले ही मर जाते हैं।

### रोकथाम

- उत्तम किस्म का बीज का उपयोग करना चाहिए। एसिडडिलेंटेड बीज तथा सही अंकुरण क्षमता का बीज प्रयोग करना चाहिए।
- बुवाई से पूर्व बीजोपचार फफूंदनाशी- थाइरम, विटाबैक्स, कार्बेन्डाजिम तथा एन्टीबायोटिक्स- स्टेप्टो-साइक्लीन से करना चाहिए।

## जड़ गलन (रूटरॉट)

यह रोग उत्तर-पश्चिम राजस्थान में देशी कपास का भयंकर रोग हैं साधारणतया इस बीमारी से 2-3 प्रतिशत नुकसान प्रतिवर्ष होता हैं यह रोग भूमि में रहने वाली 'राइजोक्टोनिया सोलेनाई' तथा 'राइजोक्टोनिया बटाटीकोला' नामक फफूंद से होता हैं। रोगग्रसित पौधे अचानक सूखने लगते हैं और मर जाते हैं सायं को स्वस्थ दिखने वाला पौधा दूसरे दिन सुबह मुरझाया हुआ दिखता हैं। ऊपर से नीचे तक पत्तियां झुकी हुई नजर आती है।

### रोकथाम :

- मई प्रथम पखवाड़े में बुवाई से बीमारी कम होती हैं ज्यों-ज्यों पिछेती बुवाई करते हैं बीमारी बढ़ती हैं।
- बीजोपचार ब्रासीकॉल 5 ग्राम प्रति किलो बीज या कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज से करना चाहिए।
- कपास तथा मोठ की मिश्रित खेती से बीमारी का प्रकोप कम होता है।
- बीज उपचार बायोएजेन्ट 'ट्राइकोडर्मा' 4 ग्राम प्रति किलो बीज से करने से रोग का प्रकोप कम होता हैं।
- भूमि उपचार जिंक सल्फेट 24 किलो प्रति हेक्टर से बीमारी में कमी आती है।
- देशी कपास की आर.जी.-18 एवं सी.ए. 9-10 किस्मों में यह रोग कम लगता हैं।

## उखटा (विल्ट)

रोग ग्रसित पौधे छोटी अवस्था में मर जाते हैं। बढ़वार में छोटे रहते हैं, डोडें छोटे लगते हैं तथा उनका रेशा कच्चा होता है।

### रोकथाम :

- जिन क्षेत्रों में यह रोग होता हैं वहां 'गोसिपियम आरबोरियम' के स्थान पर 'गोसिपियम हिरसुटम' कपारू उगावें.
- जड़ गलन रोकथाम की सिफारिशें जैसे बीजोपचार कार्बण्डाजिम से तथा भूमि उपचार जिंक सल्फेट से यह रोग कम होता हैं।

## मूलग्रंथी रोग

यह रोग मिलाईरोगायनी नामक सूत्रकृमि निमेटोन पौधों की जड़ों पर आक्रमण करने से पैदा होता हैं। इस रोग के कारण कपास की जड़ों का विकास रुक जाता हैं तथा छोटी-छोटी गांठे स्पष्ट रूप से नजर आने लगती हैं इस वजह से पौधा जमीन से पानी एवं अन्य रसायनिक तत्व का उपयोग ठीक प्रकार से नहीं कर पाता हैं फलस्वरूप पौधा छोटा रह जाता हैं पीला पड़कर पूर्ण रूप से सूख कर मर जाता है।

### रोकथाम :

- जिन खेतों में सूत्रकृमि का प्रकोप देखने में मिले उसमें दोबारा कपास न बोयें।
- ग्रीष्मकाल में खेत में गहरी जुताई करें तथा खेतों को गहरे धूप में तपाये जिससे सूत्रकृमि मर जायें।
- फसल चक्र में ज्वार, घास रिजका की बुवाई करें।
- बुवाई पूर्व रोगग्रसित खेतों में कार्बोफ्यूरान 3 जी-45 किलो/हेक्टर का भूमि उपचार करें।



## पत्ती धब्बा रोग

यह रोग कपास में आल्टरनेरिया, मायरोथिसियम, सरकोस्पोरा, हेल्मिन्थोस्पोरियम नामक फफूंदों से होता हैं। रोग के लक्षण पत्तों पर धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। धीरे-धीरे बड़े होकर पत्ती का पूरा भाग रोगग्रसित कर देते हैं।

### रोकथाम :

- बीज को बोने से पूर्व बीजोपचार करना चाहिए तथा फसल पर रोग के लक्षण दिखाई पड़ते ही कॉपर आक्सीक्लोराइड या मेन्कोजेब 0.2 प्रतिशत घोल का छिड़काव करना चाहिए।

## पत्ती मुड़न लीफ कर्ल

यह रोग बीज तथा भूमिजनित नहीं हैं। सर्वप्रथम रोग के लक्षण कपास की ऊपरी कोमल पत्तियों पर दिखाई पड़ते हैं। पत्तियों की नसें मोटी हो जाती हैं तो पत्तियां ऊपर की तरफ या नीचे की तरफ मुड़ जाती हैं। पत्तियों के नीचे मुख्य नसों पर छोटी-छोटी पत्तियों के आकार दिखाई पड़ते हैं। रोगी पौधों की बढ़वार रुक जाती है, कलियां व डोंडे झड़ने लगते हैं तथा उपज में कमी आ जाती हैं।

### रोकथाम :

- रोग रोधी किस्में आरएस - 875, एल. आर. 2013, ए-5188, शंकर जी के 151, एलएचएच-144, आर.जी.-8, आर.जी.-18 की बुवाई करनी चाहिए।
- खेतों में से पीली भुटी, भिंडी, होलीहॉक तथा जिनिया आदि पौधे तथा खरपतवार नियंत्रण करना चाहिए।
- रोगग्रसित पौधों को खेत से शुरू में ही रोग के लक्षण नजर आते ही नष्ट कर देना चाहिए।
- समय पर सिस्टेमिक कीटनाशी से वायरस फैलाने वाले कीट को नष्ट करना चाहिए।

## कपास की पत्तियों पर लगने वाले रोग

**शाकाणु झुलसा-** रोग के सर्वप्रथम लक्षण बीज पत्तों पर गहरे हरे रंग के पारदर्शक धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। यह शाकाणु धीरे-धीरे नई पत्तियों की ओर फैलते हैं और पौधा किशोरावस्था में ही मुरझा कर मर जाता है। इसको 'सीडलिंग ब्लाईट' कहते हैं। जब फसल करीब 6 सप्ताह की हो जाती है तो पत्तियों पर छोटे-छोटे शुष्क पानी के धब्बे बनने लगते हैं। यह धीरे-धीरे बड़े होकर कोणीय रूप धारण कर लेते हैं इसे कोणीय पत्ती धब्बा रोग या 'एन्गुलर लीफ स्पोट' कहते हैं उपयुक्त वातावरण मिलने पर पत्तियों की नशों में भी रोग फैल जाता है तथा उसके सहारे बढ़ता है।

### रोकथमा :

- अमेरिकन कपास की बुवाई 1 से 20 मई के बीच करनी चाहिए।
- कपास के बीजों को 8 से 10 घंटे तक स्ट्रेप्टोसाइक्लीन या प्लांटोमाइसीन 100 पी.पी.एम. घोल में डुबोकर उपचारित करना चाहिए यदि डिलिटेंड बीज है तो उसे केवल 2 घंटे ही भिगोना चाहिए।
- फसल पर रोग के लक्षण दिखाई देते ही स्ट्रेप्टोसाइक्लीन या प्लांटोमाइसीन 50 पी.पी. एम. तथा कॉपर आक्सी-क्लोराइड 0.3 प्रतिशत घोल का छिड़काव करना चाहिए। आवश्यकतानुसार 15 दिन के अंतराल पर दोहराना चाहिए।

**संक्षिप्त समाचार**

## गोली मारी, फिर चाकू से 12 वार...पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या का ऐसा मंजर, दृश्य देख महिला की मौत

**फिरोजाबाद , एजेंसी।** थाना टूंडला क्षेत्र में शनिवार सुबह हुई पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या रंजिश में की गई है। पहले दो गोली मारने के बाद 12 वार चाकू से किए गए। चाकू से गोदने के निशान गर्दन और चेहरे पर मिले हैं। वहीं पोस्टमार्टम के दौरान एक ही गोली शव में मिली है, दूसरी गोली पार हो गई। पूर्व जिला पंचायत की हत्या का मंजर कुछ ऐसा था कि हत्या करने वालों पर पूरी तरह खून सवार था। हत्यारों ने विनोद कुमार उर्फ पप्पू कुशवाह पर गोली मारने के बाद तब तक चाकुओं से प्रहार किए जब तक कि उसकी मौत न हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक से गिरे पप्पू कुशवाह को पकड़ लिया था तथा ताबड़तोड़ चाकुओं से प्रहार करते रहे।

दिन-दहाड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या होते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोगों ने बताया कि हत्यारे हाथों में चाकू, तमंचा लिए हुए थे। इसके चलते कोई भी वहां जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। आसपास के दुकानदारों और घरों में तो महिलाओं ने अपने दरवाजे तक बंद कर लिए थे। वहीं कुछ लोग दूर से चिल्ला रहे थे। पुलिस ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या की घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। हत्या में मृतक पप्पू कुशवाह के पुत्र प्रिंस ने पांच नामजद सहित सात लोगों के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज कराया है। दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

## आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे छह आरोपी गिरफ्तार, फंदे पर लटका मिला 23 साल की विवाहिता का शव

**मेरठ , एजेंसी।** पुलिस टीम ने शुक्रवार शाम मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल व अटौरा रोड पर छापा मारकर आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सात आरोपी भाग निकले। आरोपियों से 3 लैपटॉप, 16 मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ। थाना प्रभारी की ओर से 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने डाकखाने वाली गली में आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने अमित जैन के यहां छापा मारा। मौके पर आरोपी अमित जैन के पुत्र वासु जैन, इसके अलावा सुजल जैन, कपिल पुलिस के हाथ लगे। आरोपियों से पूछताछ कर टीम ने अटौरा रोड पर शमीम के यहां छापा मारा। मौके पर शमीम, शाहरुख निवासी सोरम गोला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, बबलू उर्फ हरिमोहन निवासी मोहल्ला तिहाई को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अमित जैन उनसे सट्टा लगवाता है।

## भाई से हुए मामूली झगड़े से आहत कक्षा आठ की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**पीलीभीत , एजेंसी।** पीलीभीत के बरखेड़ा में एक कक्षा आठ की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार भाई-बहन में शनिवार शाम कॉपी फाड़ने को लेकर मामूली झगड़ा हुआ था। इसके बाद छात्रा आहत में आकर कमरे में चली गई थी और कुंडे के सहारे साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। कमरा न खुलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा तो शव लटकता मिला। इससे उनके होश उड़ गए। मामला बरखेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर छह का है।

पिता संतोष भारती ने बताया कि शनिवार शाम को वह घर में स्थित दुकान पर था। शाम के समय घर में मौजूद 15 वर्षीय पुत्री प्रिया और 10 वर्षीय आर्यन के बीच कॉपी फाड़ने को लेकर झगड़ा हो गया था। प्रिया ने भाई कॉपी फाड़ दी थी। इस बात पर दोनों में झगड़ा हो गया था। आर्यन ने बहन के थप्पड़ मार दिए थे। इससे प्रिया आहत हो गई, मां के पूजा करने के लिए मंदिर जाते ही वह मौका पाकर कमरे में चली गई। कमरे को अंदर से बंद कर कुंड के सहारे साड़ी से फंदा लगाकर लटक गई। कुछ देर बाद मां घर आई तो उसने प्रिया को देखा। कमरे की ओर जाने पर दरवाजा बंद मिला। खिकड़ी से देखने पर उसका शव लटकता मिला। इससे चीक पुकार मच गई। आसपास के लोग घर में एकत्र हो गए। दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर गए। सूचना पर पुलिस और फील्ड यूनिट पहुंच गई। जांच पड़ताल की। परिजनों ने पोस्टमॉटम कराने से इनकार कर दिया। इसपर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई जगह पेड़ धराशायी

## बिजली गिरने से किशोरी की मौत



**अयोध्या , एजेंसी।** यूपी के अयोध्या में कई इलाकों में रविवार को सुबह से ही मौसम अचानक बदल गया। धूल भरी तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। बिजली के तार टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। वहीं एक जगह बिजली गिरने से किशोरी की मौत हो गई है।

जिले के अलग-अलग इलाकों में मौसम का बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली। इसके चलते पेड़ और उनकी शाखाएं टूट कर गिर गईं। खेतों में काटकर रखे गए गेहूं के गट्ठर उड़ गए। इससे किसानों को नुकसान हुआ है।

बीकापुर के हैदरगंज क्षेत्र के पूरे मनोहर बेरूगंज गांव में बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोरी वैष्णवी की मौत हो गई। वह गेहूं के खेत में मड़ाई करने गई थी। इसी दौरान तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गई। खेत में मौजूद अन्य लोग बाल-बाल बच गए। किशोरी के परिवार में कोहराम मच गया।

### लोगों को गर्मी से निजात मिली

हैदरगंज थानाध्यक्ष विवेक राय मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बीच दोपहर 12:00 के बाद शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर धूल भरी आंधी आई। थोड़ी बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि यह कुछ ही देर में थम गई। आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं। हवा चलने से मौसम खुशनुमा है। तापमान में गिरावट आ गई है। लोगों को गर्मी से निजात मिल गई है।

# गंगा में खड़े होकर आतंकवाद के खिलाफ लगे नारे, पहलगाम हमले पर जताया गुस्सा; जुटे काशीवासी



**वाराणसी , एजेंसी।** नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर इकाई की ओर से दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। टीम के सदस्यों ने गंगा निर्मलता के उद्देश्य से जनजागरण अभियान चलाया। अभियान के तहत दर्जनों सदस्यों ने गंगा की तलहटी में उतरकर भारी मात्रा में कपड़े, पॉलीथिन, माला-फूल आदि बाहर निकाला।

घंटों श्रमदान कर स्नान कर रहे लोगों को भी स्वच्छता बनाएं रखने के लिए प्रेरित किया। श्रमदान के बाद एकत्रित कूड़े के पास हर हर गंगे नमामि गंगे नहीं रुकेंगे, हम स्वच्छ करेंगे... के उद्घोष के साथ स्वच्छ गंगा-निर्मल गंगा का संकल्प दोहराया।

इसी क्रम में पहलगाम घटना से मर्माहत लोगों ने गंगातट पर रोष प्रकट किया। काशी में प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट पर स्नान के दौरान लोगों ने गंगा में खड़े होकर आतंकवाद के जड़मूल से विनाश के लिए एकजुटता दिखाई। भारत माता की जयजयकर के साथ आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गएं।

नमामि गंगे गंगा विचार मंच के स्वच्छता अभियान के बाद श्रद्धालुओं ने टीम सदस्यों के साथ मिलकर आतंकवाद के खात्मे के लिए सरकार के कदम को सराहा। साथ ही कहा कि यथाशीघ्र और भी कड़े कदम उठाएं जाएं।

नेतृत्व कर रहें नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि ने कहा कि गंगाजल में खड़े होकर पाकिस्तान में सिंधू नदी के जल के प्रवाह को रोकने के लिए सरकार द्वारा लिए गए फैसले का स्वागत करते हैं। इस दौरान मंच के शिवम अग्रहरि, रेनू जायसवाल, जय विश्वकर्मा, भावना गुप्ता, सपना वर्मा, रीता बजाज, सरिता मेहरोत्रा, रेखा अग्निहोत्री, शौर्य गुप्ता, अविरल अग्रिहोत्री, राजेश कुमार अग्रिहोत्री शामिल थे।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला... हालत नाजुक; हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटा

**अमेठी , एजेंसी।** यूपी के अमेठी में शनिवार की रात निमंत्रण से लौटते समय भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष पर आरोपियों ने जानलेवा हमला किया। पहले से घात लगाए बैठे करीब 10-12 हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर उन्हें मरणासन्न कर दिया। साथियों की सूचना पर गांव व घर के लोग पहुंचे। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

मामला शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के माठा गांव का है। गांव निवासी बिपिन सिंह पर क्षेत्र के ही सिंदुरिया गांव के मोड़ के पास हमला हुआ। वह भाजपा के सिंहपुर मंडल के उपाध्यक्ष हैं। घटना के समय उनके साथ मौजूद सिक्की सिंह को मामूली चोटें आई हैं। जबकि, तीसरा साथी दिलीप सिंह जान बचाकर भाग निकला था।

सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने बिपिन सिंह को सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया। यहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर सुनील चौधरी ने उन्हें एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हैलट में खुलेगा नया कैंसर हॉस्पिटल, तीन बेसमेंट मिलाकर हो सकता है 10 तल का, 1400 करोड़ का है प्रस्ताव




**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के हैलट में कैंसर का नया हॉस्पिटल खुलेगा। इसमें कैंसर रोगियों को मर्ज से जुड़ी विभिन्न विशेषज्ञताओं का इलाज मिलेगा और जांच की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। नया कैंसर अस्पताल तीन बेसमेंट मिलाकर 10 तल का होगा। इसी अस्पताल में जेके कैंसर इंस्टीट्यूट का विलय हो जाएगा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज और कैंसर इंस्टीट्यूट प्रबंधन ने 1400 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजने के बाद नए अस्पताल का खाका भी तैयार कर लिया गया।

अस्पताल के भवन के लिए हैलट परिसर में ढाई हजार वर्ग मीटर भूमि चिह्नित कर ली गई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि शासन से कैंसर अस्पताल के संबंध में प्रस्ताव मांगा गया था। इस पर 1400 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया। इसके बाद अब अस्पताल का खाका तैयार कर लिया गया। नए कैंसर अस्पताल के भवन के लिए दो से ढाई हजार वर्ग मीटर भूमि चाहिए। जेके कैंसर इंस्टीट्यूट का हो जाएगा विलय

कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर के सामने इतनी भूमि नहीं है। इससे हैलट परिसर में भूमि चिह्नित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जेके कैंसर इंस्टीट्यूट का इसमें विलय हो जाएगा। इंस्टीट्यूट की फैकल्टी और सारा स्टॉफ ही इसमें रहेगा। इसके साथ ही नए स्टाफ के लिए पद सृजित किए जाएंगे। नए अस्पताल के भवन के लिए 500 करोड़ रुपये, उपकरणों के लिए 500 करोड़ और 300 करोड़ डॉक्टरों, नर्सों आदि के हॉस्टल निर्माण के लिए बजट रखा गया है।

### 22 मार्च को डीजीएमई को भेजा जा चुका है पत्र

इसके अलावा 120 करोड़ रुपये प्रति वर्ष स्टाफ के वेतन के लिए मांगे गए हैं। डॉ. काला ने बताया कि अभी जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में सिर्फ रेडियोथैरेपी भर हो रही है। नए अस्पताल में रोगियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। कैंसर से जुड़ी विभिन्न विशेषज्ञताओं के विशेषज्ञों के पद सृजित किए जाएंगे। इसके साथ ही अत्याधुनिक जांचों का दायरा बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रमुख सचिव, डीजीएमई को भी 22 मार्च को पत्र भेजा जा चुका है।

## कम्युनिटी रेडियो: आजमगढ़ में अब कैदी सुनेंगे गीत, पहलगाम पर दारा सिंह बोले- सजा को याद रखेगा पाकिस्तान




**आजमगढ़ , एजेंसी।** मंडलीय कारागार में जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने कम्युनिटी रेडियो परवाज का उद्घाटन किया। इस अनूठी पहल के तहत जेल में बंद कैदी अब अपनी पसंद के गीत सुन सकेंगे, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा और अवसाद से राहत मिलेगी।

प्रदेश सरकार ने कैदियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण के लिए यह कदम उठाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जेलों में पहले से कम्युनिटी रेडियो की व्यवस्था लागू है और अब आजमगढ़ कारागार भी इस सुविधा से जुड़ गया है। रेडियो के माध्यम से कैदियों की फरमाइश पर उनके पसंदीदा गीत बजाए जाएंगे।

इसके अलावा, जेल में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम जैसे आईटी, कारपेंटरी और प्लंबिंग की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि कैदी हुनरमंद बनें और रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

समाज की मुख्य धारा से जुड़ेंगे व्यापारी

जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य कैदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है। कई कैदी इन ट्रेनिंग प्रोग्रामों के जरिए जेल में ही आय अर्जित कर अपने परिवार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जेल परिसरों में ओपन जिम की सुविधा भी शुरू की जा रही है, ताकि कैदियों का शारीरिक विकास हो सके। मंत्री ने जोर देकर कहा कि रिहा होने के बाद ये कैदी समाज को सकारात्मक संदेश देंगे।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए जेल मंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है। प्रधानमंत्री ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। भारत जल्द ही ऐसा कदम उठाएगा, जिसे पाकिस्तान सदियों तक याद रखेगा।

# रात में 23 साल की प्रेमिका का प्यार पाने पहुंचा 16 का प्रेमी, पकड़े गए दोनों... घरवालों ने ही कराया मिलन

**गोरखपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके में शुक्रवार रात युवती के कमरे में 16 वर्षीय प्रेमी आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। नाराज घरवालों ने युवती की मांग में सिंदूर भरवाकर उसकी शादी करा दी। किशोर कहीं मुकर नहीं जाए, इसके लिए लिखा पढ़ी करने के लिए उसे थाने लेकर पहुंच गए। किशोर को रातभर पुलिस ने बैठाए रखा। शनिवार को दोनों पक्षों ने थाने में समझौता कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच क्षेत्र का 16 वर्षीय किशोर एक सप्ताह से गुलरिहा क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय प्रेमिका के घर रात में मिलने आता था। शुक्रवार रात 12 बजे के करीब किशोर युवती के घर में घुसा तो आसपास के लोगों ने देख लिया।

इसकी जानकारी युवती के मां को दी। इसके बाद किशोर आपत्तिजनक हालत में परिवार ने युवती के कमरे से पकड़ लिया। दोनों एक दूसरे के साथ रहने के लिए कहने लगे। इस पर परिवार ने किशोर से युवती की मांग में सिंदूर भरवा दी। इसके बाद रात में ही किशोर को लेकर युवती के परिजन थाने पहुंचे। वहां पर पुलिस कर्मियों ने डांट-फटकार लगाई। किशोर को थाने पर ही छोड़कर युवती के परिजन घर लौट गए। शनिवार सुबह किशोर और युवती के परिजन थाने पहुंचे। वहां दोनों परिवार ने आपस में बातचीत कर सुलह कर लिया। इसके बाद दोनों परिवार चला गया। इस संबंध में गुलरिहा थानेदार जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष ने सुलह कर ली है।

# अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल सहित 10 नामजद और 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी, एजेंसी।** अपना दल (कमेरावादी) की सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल सहित 10 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई शनिवार को जवाहर नगर एक्सटेंशन स्थित प्रधानमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय के समीप बगैर अनुमति के धरना-प्रदर्शन और घेराव के आरोप में दुर्गाकुंड चौकी प्रभारी संदीप कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर की गई है।

दुर्गाकुंड चौकी इंचार्ज की तरफ से दी गई तहरीर के मुताबिक, वह गुरुधाम चौराहे पर बैरियर लगाकर फोर्स के साथ मौजूद थे। शनिवार की दोपहर 12 बजे सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल के नेतृत्व में लोग बिना किसी अनुमति के विधि विरुद्ध तरीके से प्रधानमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे। भीड़ में अपना दल (कमेरावादी) के राजेश पटेल, गगन प्रकाश यादव, दिलीप सिंह पटेल, राजकुमार पटेल, संजय पटेल, राम लखन पाल, गौरीशंकर पटेल, रविंद्र पटेल, शिव शंकर पटेल और तकरीबन 60 अन्य लोग शामिल थे।



विधायक पल्लवी पटेल और उनके साथ के लोग गुरुधाम चौराहे पर लगे बैरियर को तोड़ कर प्रधानमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। पुलिस ने विधायक को रोक कर उनसे शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात रखने और उनके ज्ञापन को सक्षम अधिकारी तक पहुंचाने के लिए कहा गया। मगर, उनसे कई बार पीछे हटने के लिए आग्रह किया। इसके बावजूद विधायक पल्लवी पटेल मानने को तैयार नहीं हुईं। बल्कि, वह बैरियर पर चढ़ कर आगे जाने का प्रयास करने लगीं।

इस दौरान मौके पर मौजूद महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। विधायक व उनके समर्थकों की वजह से गुरुधाम चौराहे पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। इसके चलते आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और शांति व्यवस्था बाधित हुई। समझाने-बुझाने के बाद भीड़ किसी तरह शांत हुई और सभी को वापस भेजा गया।

पुलिस ने किया विधायक के आरोपों का खंडन

विधायक पल्लवी पटेल ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता और गालीगलौज की है। इसका पुलिस ने खंडन किया है। डीसीपी काशी जोन ने कहा कि विधायक का आरोप पूरी तरह से गलत है। गुरुधाम चौराहे पर एसीपी भेलूपुर से लेकर मौजूद थे। किसी भी पुलिसकर्मी ने विधायक के साथ अभद्रता या गालीगलौज नहीं की है।

## सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मी बोला- मैं पोर्न स्टार...मेरी कोई पत्नी नहीं, पुलिस ने कराया शादी का पंजीकरण

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चार साल से पत्नी और बच्चों को छोड़कर गुमनामी में रह रहे सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मी की शादी का पुलिस ने पंजीकरण करा दिया।बर्रा निवासी वायुसेना कर्मी वर्ष 2014 में सेवानिवृत हो गया। वह पैर से दिव्यांग है। बुढ़ापे की सोचकर भाईयों ने सामूहिक विवाह में काकादेव निवासी महिला से शादी करा दी। शादी के वक्त महिला के पति की हादसे में मौत हो चुकी थी और तब उनका सात साल का बेटा था।

शादी के बाद वह पति के बर्रा स्थित किराये के मकान में रही। कुछ माह बाद पति उसे छोड़कर कहीं चला गया। उसके आने जाने का क्रम 2021 तक चला। बाद में वह पति को जेठ के पास जबलपुर छोड़ आई। कुछ दिन बाद जेठ ने पति के कानपुर लौट जाने की सूचना दी लेकिन वह घर नहीं आया। उसने गुमशुदगी दर्ज करा दी। 20 अप्रैल को पति फजलगंज में दिखाई दिया। पत्नी ने आवाज दी, तो उसने पहचानने से इन्कार कर दिया।

**शादी का रजिस्ट्रेशन कराने की मांग की**-राहगीरों को हकीकत पता लगी, तो वह पत्नी की मदद के लिए पति को लेकर फजलगंज थाने पहुंचे। पति ने इंस्पेक्टर से खुद को पोर्न स्टार बताया और पत्नी बच्चों को पहचानने से इंकार कर दिया। यही नहीं, यहां से वह पत्नी की शिकायत लेकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध माइंस खोदने के खिलाफ ग्रामीणों ने थाना का किया घेराव

**लोयाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोयाबाद सात नंबर में कोयले का अवैध माइंस खोदने के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर उतर आए। रविवार की सुबह सभी सात नंबर के ग्रामीण थाना पहुंच गए



और जमकर हंगामा करने लगे। पुलिस व थाना का घेराव करते हुए,सभी ने एक स्वर में अवैध माइंस खुदाई बंद करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 20 दिन से यहां आबादी के बीच खदान खोल दिया गया है।इससे हमारा घर धंस जायगा। साहब हमलोगो का परिवार जिंदा नही बचेगा।ग्रामीणों द्वारा इस सम्बंध में एक सामूहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन भी पुलिस को सौंपा गया है।आवेदन के माध्यम से कहा कि सात नंबर में अवैध माइंस चालू है।इस अवैध सुरंग और खनन से हमारा मकान ध्वस्त हो जायेगा।हम सब ने जब इस माइंस का विरोध किया तो तस्कर के गुंडे ने जान मारने की धमकी दी और कहा कि पुलिस से शिकायत कर झूठा केस में फंसा देंगे।करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीण महिलाएं पुरुष थाने में हंगामा करते रहे।फिर पुलिस के तरफ से माइंस को तुरन्त बंद करने के आश्वासन पर लोग शांत हुए और वापस लौट गए।ग्रामीणों ने पत्रकारों से कहा कि पुलिस कल तक का समय लिया है।कहा इसे जल्द भराठी कराया जायेगा।अगर फिर भी यहां माइंस बंद नही किया गया तो सड़क जाम करेंगे।विरोध व हंगामा करने वालो में शहरीन परवीन, इशरत फातिमा, रूबी खातुन, तरन्नुम बानो, समा परवीन, हीना परवीन, नगमा मुसरत, सजिदा खातुन, रूखसाना बानो, अंजुम परवीन, गुलशन खातुन, जग्गुद्दीन अंसारी, पिंटू, अरमान, रेहान, एजाज अंसारी, सरीना खातुन सहित दर्जनो ग्रामीण शामिल थे। ।

### अवैध बीयर लदा ट्रक जप्त 3 गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र में पुलिस ने बियर लदे एक ट्रक को जप्त कर बंगाल में खपाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। घटना बीती रात करीब 12:30 बजे की है, जब सूचना मिली कि बालडीह बियाडा स्थित बियर फैक्ट्री से निकला बारह चक्का ट्रक, जिसका नंबर



जेएच13 ई-9304 है, देवघर जाने के बजाय बंगाल की ओर भाग रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और सीमावर्ती इलाकों में सघन चेकिंग शुरू हुई। पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट पर पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक में चालक के अलावा दो अन्य व्यक्ति भी सवार थे, जिन्हें हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह के लोग फर्जी दस्तावेज और नकली नाम का इस्तेमाल कर फैक्ट्री से माल लोड कर रास्ते में चोरी कर उसे बेचने का काम करते थे। इस गिरोह के पुराने मामलों की भी जांच की जा रही है। इस पूरे मामले में ट्रांसपोर्टर विवेक कुमार साहू के लिखित आवेदन पर बालीडीह थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

### जिले के राशन कार्डधारियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**28 व 29 अप्रैल को लगाया जायेगा विशेष कैंप,ई-केवाईसी व धोती-साड़ी का होगा वितरण**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के राशन कार्डधारियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।आगामी तीन दिनों में यह मियाद पूरी होने वाली है लेकिन अबतक 71.04 प्रतिशत ही ई-केवाईसी पूर्ण हो पाया है वर्तमान में 28.96 प्रतिशत लाभुक परिवार के सदस्य ऐसे हैं,जिनका ई-केवाईसी लंबित है इसमें पीवीटीजी परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।वहीं वित्त वर्ष 2024-25 अंतर्गत सोना-सोबरन धोती-साड़ी एवं लूंगी का वितरण भी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कर लिया जाना है लेकिन अबतक 86.61 प्रतिशत ही वितरण हो पाया है।अतः उपरोक्त दोनों ही कार्यों का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने को लेकर विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

**28 व 29 अप्रैल को लगाया जायेगा विशेष कैंप,ई-केवाईसी व धोती-साड़ी का होगा वितरण**

सभी राशन डीलरों को ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने व धोती-साड़ी के वितरण से संबंधित सूची उपलब्ध करा दिया गया है।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनांक 28 व 29 अप्रैल को पंचायतवार/वार्डवार पंचायत भवन तथा निकाय क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में कैंप आयोजित कर प्राप्त सूची के अनुसार लाभुकों का ई-केवाईसी व वस्त्र वितरण का कार्य करेंगे।इस दौरान संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपलब्ध रहेंगे।वही कैंप के आयोजन के पूर्व जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से लाभुकों के बीच कैंप आयोजित होने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी को जेल

**लातेहार/चंदवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंदवा पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर नाबालिग के साथ यौन शोषण के एक मामले में आरोपी संजय मुंडा, पिता करमा मुंडा को थाना क्षेत्र के आरा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संजय मुंडा के विरुद्ध एक किशोरी ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था। इसी के आलोक में चंदवा थाना कांड संख्या 93/25 में संजय के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापामारी अभियान में चंदवा थाना के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# बाबूलाल ने किया भाजपा के बोकारो जिला कार्यालय का शिलान्यास

## कहा- राज्य के 22 जिलों में कार्यालय निर्माण हो रहा है








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा बोकारो जिला कार्यालय का शिलान्यास सह पूजन कार्यक्रम आज प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। धनबाद चास एनएच-23 पर खेदाडीह गांव के निकट पार्टी का नया भवन बनेगा, जिसकी विधिवत पूजा आज की गई। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, पूर्व सांसद पी एन सिंह, रविन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, जिलाध्यक्ष जयदेव राय सहित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा 365 दिन जनता के बीच रहकर काम करती है और इसके लिए पार्टी कार्यालयों का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य के 24 में से 22 जिलों में कार्यालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर हफीजुल हसन के बयान की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से आतंकियों और उनके समर्थकों का मनोबल बढ़ता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्लीपर सेल के एक्टिव होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए और आरोपी मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए, न कि उनका बचाव करना चाहिए।

### झारखंड से पाकिस्तानियों को वापस भेजने की अपील

**सरकार को कार्रवाई करनी ही पड़ेगी : बाबूलाल**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा कि जिस सरकार के मंत्री संविधान से ऊपर शरीयत का दावा करते हों उस सरकार से अवैध बांग्लादेसी और पाकिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। भाजपा जिला कार्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने बोकारो पहुंचे बाबू लाल ने कहा कि झारखंड में कितने आतंकी और उनके समर्थक खुला घूम रहे हैं कहना मुश्किल है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिन पाकिस्तानियों का वीजा रद्द हो गया है राज्य सरकार को कार्रवाई करनी पड़ेगी अन्यथा केंद्र सरकार इसको देखेगी।भाजपा प्रदेश को खतरे में नहीं डालने देगी। उन्होंने कहा, झारखंड सरकार तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार कर चुकी है। झारखंड एटीएस ने अभी तक आतंकी संगठन से जुड़े आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, इसके बावजूद भी झारखंड सरकार की नींद नहीं खुल रही हैं। झारखंड सरकार तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश और देश दोनों को खतरा है।

### स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय मेला प्रमुख ने की पहलगाम हमले की निंदा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के पास बसरा घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी गई। जिसमें दो नेपाली नागरिक व कई स्थानीय लोग भी शामिल हैं। यह घटना सम्पूर्ण भारतवर्ष को झकझोर देने वाली है। इस घटना पर स्वदेशी जागरण मंच के आखिल भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार इस जघन्य आतंकवादी कृत्य की कड़ी निंदा किया एवं केंद्र सरकार से यह मांग की है कि दोषियों को चिन्हित कर शीघ्रातिशीघ्र कड़ी सजा दी जाए। इस घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करवाई जाए। शहीदों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा राशि प्रदान की जाए। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ठोस व प्रभावी रणनीति बनाई जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आतंकवाद के समूल नाश के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। इस त्रासदी के शोक में समस्त राष्ट्र में 2 मिनट का मौन व समस्त धार्मिक स्थलों पर शांति प्रार्थना का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच सम्पूर्ण राष्ट्र में आर्थिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और शोक संवेदना प्रकट करते हैं.

## आत्मविश्वास की वृद्धि के लिए नुक्कड़ नाटक एक सशक्त माध्यम : कल्याणी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा आज बहादुरपुर में लड़कियों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की सचिव कल्याण सागर ने कहा कि लड़कियों का आत्मविश्वास की वृद्धि के लिए नुक्कड़ नाटक एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि लाइफ स्किल डेवलपमेंट के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में लड़कियों का नेतृत्व क्षमता विकास तथा बाल विवाह एवं महिला हिंसा की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । जिसके तहत गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय स्तर पर नुक्कड़ नाटक का प्रशिक्षण लड़कियों को दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के बाद गांव में टोली बनाकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की प्रशिक्षक सबीना परवीन तथा अशोक कुमार महतो ने नुक्कड़ नाटक के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। साथी व्यक्तिगत विकास के लिए नुक्कड़ नाटक एक महत्वपूर्ण घटक है इसकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कुमारी किरण, सूरजमानी देवी, स्वाति कुमारी, राधिका कुमारी,आशा कुमारी, सोनिया कुमारी, खुशी कुमारी,पायल कुमारी, पूजा कुमारी,रखी कुमारी,उमा कुमारी,कविता कुमारी, शीतल कुमारी, गौतम सागर , रवि कुमार राय, सनी कुमार आदि उपस्थित थे।



## एमएम व कांग्रेस के तुष्टिकरण के कारण आतंक समर्थकों का पनाहगार बना झारखंड : अमर बाउरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड आतंकी और स्लीपर सेल का पनाहगार बन गया है। पहलगाम आतंकी घटना का समर्थन करने वाला मोहम्मद नौशाद का बोकारो से पकड़ा जाना और एटीएस ने धनबाद और कोडरमा से आतंकी संगठन से जुड़े 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसके बाद भी राज्य सरकार की सुस्ती क्या दशार्ती है। मीडिया के सवाल के जवाब में श्री बावरी ने कहा कि गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पूरे देश से पाकिस्तानियों को चिन्हित कर उन्हें वापस उनके देश भेजा जा रहा है, जबकि झारखंड में ऐसी कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। जबकि जग जाहिर है झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ कितनी बड़ी समस्या है। क्या यहां एक भी पाकिस्तानी नहीं आए हुए हैं। उन्होंने कहा, पुलिस प्रशासन सरकार के मौन समर्थन के अनुसार काम कर रही है। यह गंभीर बात है। उन्होंने कहा कि झारखंड क्या देश के संघीय व्यवस्था से अलग है। श्री बाउरी ने कहा कि झारखंड को सुरक्षित करना है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति छोड़नी होगी।



### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के द्वारा पूर्वी टुंडी के मनियाडीह में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में डॉ.प्रमोद कुमार सिन्हा एवं नोडल पदाधिकारी डॉ. जिम्मी अभिषेक एवं जी. एन. ओझा ने मरीजों की जांच की। जिसमें 48 मरीजों को परामर्श एवं मुफ्त में दवा आवश्यकता एवं उपलब्धता अनुसार दिया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, डा. प्रमोद कुमार सिन्हा, डा. जिम्मी अभिषेक,जी. एन. ओझा समेत अन्य उपलब्ध रहें।

### झरिया में किन्नरों ने कश्मीर में घटी घटना में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि




**झरिया (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जुम्मु कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद किन्नर समाज भी काफी मर्माहत है। वे भी भारतीय सेना के साथ मिलकर बॉर्डर पर लड़ने के लिए तैयार हैं। उक्त बातें अखिल भारतीय किन्नर समाज के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर ने कही। इस मौके पर छम छम देवी किन्नर ने कहा कि निहत्थों पर गोली चलाना यह सबसे कायरता का काम है अगर आतंकवादियों में थोड़ा सा भी हिम्मत है तो हमारे देश के जवानों से टकराकर देखें उन्हें उनकी औकात पता चल जाएगा, कश्मीर की घटना के बाद किन्नर समाज ने गहरा शोक वक्त करते हुए बताया कि सरकार मृतको के परिजनों पर भी ध्यान दें।साथ ही जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उसे घसीटते हुए देश में ले और उन्हें उससे भी बड़ी सजा दें ताकि उनके आने वाले पीढ़ी भी भारत से टकराने के लिए सोचे, छम छम देवी किन्नर ने बताया कि हमारे भारतवर्ष के जितने भी किन्नर हैं वह भारत सरकार के साथ है अगर जरूरत पड़े तो हमारा किन्नर भी बॉर्डर पर जाकर लड़ने को तैयार है जो घटना पाकिस्तान ने किया है उसे करारा जवाब देने की जरूरत है।उक्त मौके पर प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर,रेखा किन्नर, राखी किन्नर, काजल किन्नर, नैना किन्नर, पन्ना किन्नर, संगीता किन्नर, सोनम किन्नर आदि किन्नर शामिल थे।

### जमशेदपुर में 28 साल से रह रहीं पाकिस्तानी की दो बहुएं

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमशेदपुर में पाकिस्तानी की दो बहू रह रही हैं। इनमें से एक महिला धतकीडीह तो दूसरी आजाद बस्ती में रहती है। एक 1997 से तो दूसरी 2000 से यहां है। दोनों के बारे में जमशेदपुर पुलिस के पास सूचना आई है, जिसके आधार पर इनके मामलों की रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजी जाएगी। भारत सरकार ने पाकिस्तानियों को वापस अपने देश जाने की हिदायत दी है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन की जांच में पता चला कि दो पाकिस्तानी महिलाएं वीजा लेकर जमशेदपुर में रह रही हैं।

विदेश शाखा की तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि वे लोग वीजा के साथ लंबे समय से मानगो और धतकीडीह में रह रहे हैं। उनके बारे में पुलिस ने मुख्यालय से गाइडलाइन मांगी है कि क्या करना है। भारत सरकार के पाकिस्तान के नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित करने के निर्णय के बीच विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय पहले से जारी लांग टर्म वीजा (एलटीवी) पर लागू नहीं होगा। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों को पहले से जारी एलटीवी वीजा मान्य और प्रभावी बने रहेंगे।

## सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष बने मोहम्मद जाहिद हुसैन किया गया भव्य स्वागत




**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी प्रखंड के रामपुर मोड़ निवासी मोहम्मद जाहिद हुसैन को आज रविवार कोर्ट मोड़ स्थित होटल रत्न बिहार धनबाद में सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर मोहम्मद जाहिद हुसैन को अंग वस्त्र तथा माला पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए झारखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

साथ ही आज इन्हें एक समारोह आयोजित किया प्रमाण पत्र जारी कर देशवासियों को एक अच्छी और निष्पक्ष न्याय मिले इसके लिए झारखंड की बागडोर संभालने का जिम्मा सौंपा गया। तथा अतिथियों ने इनके तीन बर्ष के सचिव पद पर निष्ठापूर्वक एवं अच्छे विचार तथा स्वच्छ कार्य कुशलता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। एवं बराबर निसहाय व्यक्तियों को एक मसीहा के रूप में हमेशा मदद करने का आज ही अध्यक्ष पद पाने में सहायक सिद्ध साबित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार पाठक,श्री शिव सागर शर्मा चीफ लीगल एडवाइजर, डिपुटी सचिव मोहम्मद शमशाद अंसारी,कमल किशोर त्रिपाठी वाइस प्रेसिडेंट समेत मोहम्मद सफी साहब, मोहम्मद महमूद अंसारी,दिलीप टुडू, मोहम्मद शकील, बैधनाथ साहु, दुर्गा प्रसाद महतो, वीणा सिन्हा, सुदर्शन सिंह,छोटु महतो,गुणाधर कुंभकार,अरूण गोप,निलांबर रजवार समेत बड़ी संख्या में सभागार भवन लोग उपस्थित थे।

### श्री श्री महिला सेवा समिति मटकुरिया ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री श्री महिला सेवा समिति, मटकुरिया द्वारा रविवार को गर्मी को देखते हुए मटकुरिया में लगभग 17 सौ आमजनों एवं राहगीरों के बीच में सत्तू का शर्बत एवं ठंडा पीने का पानी वितरण किया गया। समिति पिछले कई वर्षो से गर्मी के मौसम में अनेकों बार इस तरह का आयोजन करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदा अग्रवाल,हिना संघवी,मंजू अग्रवाल,संगीता चौहान,रश्मि भट्ट,जिगना दोषी,वंदना पंचोली,सरिता जैन, दिव्या टांक, प्रिया ओझा,सुनीता पोद्दार, रानो गोयल,निधि गोयल,नीलम चावड़ा,लक्ष्मी अग्रवाल,दीपिका ठक्कर,आशा वसा,ख्याति राठौड़,विधि पोद्दार ,केशर अग्रवाल,नितिन भट्ट,सुनील गोयल,नरेंद्र शर्मा,विकास जैन, बंटी अग्रवाल,संजय गोस्वामी,युवराज जैन युवी सहित अनेकों समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## धनबाद जिला जदयू कार्यसमिति की बैठक में पांच प्रस्ताव पारित




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला कार्य समिति, प्रखण्ड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित जिले से आने सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह तथा संचालन प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे ने किया। सर्वप्रथम बैठक में विंगत दिनों आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में जो सैलानियों की निर्मम हत्या कर दी गई उसे लेकर दो मिनट का मोन धारण किया गया। उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पाँच प्रस्ताव पारित किये गये। जून माह के आखिरी सप्ताह में कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जिसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी के राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के पांच प्रस्तावों में आगामी धनबाद में होने वाले नगर निगम का चुनाव में जनता दल यू. द्वारा अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय,धनबाद में एक हवाई अड्डा एवं एम्स अस्पताल बनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से आंदोलन पार्टी द्वारा करने का निर्णय। जिले में विधि-व्यवस्था की चरमराई स्थिति एवं बिजली का भी चरमराई स्थिति को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय,संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर-शोर से प्रखण्ड स्तर पर चलाने का निर्णय गया लिया।इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव उदय कुमार सिंह, अति पिछड़ा के प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश महासचिव सुशील सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, के.बी. सहाय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा, विजय सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शंकर चौरसिया, दिलीप सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज प्रसाद, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, रीता रानी मण्डल, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णदेव पासवान, धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बबलु मोदक, बलियापुर प्रखण्ड अध्यक्ष शिव चरण महतो, निरसा प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय, पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष शिशिर दाँ, अक्षय सिन्हा, टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेण्य, तोपचांची प्रखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेण्य, बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, झरिया नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, साधु शरण पासवान, डॉ. राजेश राम, अशोक सिंह, स्कृतिकान्त सिंह, सकलदेव राय, बैजु सिन्हा, अनिल सिन्हा, जिला महासचिव झप्पु सिन्हा, मिथिलेश दुबे, नेपाल प्रमाणिक, नमन भारती, आदित्य पासवान, अशोक रविदास, गौतम पाण्डेय, अरूण पासवान, कपिलदेव यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### जेएमएम का बोकारो महानगर कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर शहरी का कार्यकर्ता सम्मेलन चास स्थित मारवाड़ी पंचायत भवन में संपन्न हुआ, जिसमें चास और फुसरो नगर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने भी शिरकत की। पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष



रत्नलाल मांझी ने कहा कि इस सम्मेलन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान भी सफल रहा है, जिससे पार्टी का मनोबल बढ़ा है। अगले निगम, परिषद और जिला परिषद के चुनाव में मजबूती से प्रत्याशी उतारेगी। मीडिया के सवालों के जवाब में श्री मांझी ने कहा कि बोकारो झारखंड मुक्ति मोर्चा में कोई मनमुटाव नहीं है। थोड़ा बहुत हर पार्टी में होता है जिसको आपस में बैठाकर सुलझा लिया जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य मंटू यादव ने कहा कि सम्मेलन में पार्टी के समर्पित कार्यकताओं से विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही बोकारो महानगर कमिटी का विस्तार भी किया जाएगा, जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। श्री यादव ने भी किसी तरह के कोई मनमुटाव से इनकार किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK